सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र


रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ




रांची, सोमवार 03.02.2025 | माघ, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 203 | * * नगर संस्करण। पेज : 12 | khabarmantra.net






ESTD.- 1967

## ROTARY SCHOOL(A.S.)

Chainpur, Palamau, Jharkhand - 822110

Sr. Secondary (10+2) Co-Educational Affiliated to C.B.S.E., New Delhi, Affiliation No. 3430147

"ROTARY " one of the best & oldest schools in Palamau District for shaping the future of your children.

ADMISSION OPEN

SESSION: 2025-26

NURSERY to STD VIII

Our First President: Rtn. K.K. Sharan, IAS (The then D.C. Palamau)



Mr. Ashlesh Kr. Pandey
PRINCIPAL





Rtn. A.N. Sharma
CHAIRMAN

**प्राचार्य की कलम से -**

**सरस्वती नमस्तुभ्यं वरदे कामरूपिणि ।**
**विद्यारम्भं करिष्यामि सिद्धिर्भवतु मे सदा ॥**

**"Education is the most powerful weapon by which you can change the world."**

निःसंदेह शिक्षा मानव विकास का मूल साधन है । इसके द्वारा ही जन्मजात शक्तियों का विकास, ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि तथा व्यवहार में परिवर्तन किया जा सकता है । शिक्षा ही संपूर्ण समस्याओं की पहचान एवं निवारण का उपाय है।

विद्यालय समाज का दर्पण होता है जिसमें विभिन्न दोषों या विकृतियों को परिलक्षित करके उन्हें दूर किया जा सकता है । विद्यालय ही उत्कृष्ट शैक्षणिक क्रियाकलापों, सामाजिकता का प्रेरक और शिक्षा के मजबूत आधारों के लिए आत्म दर्पण सिद्ध होता है । विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की कृपा समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थियों पर बनी रहे । इस अवसर पर हम समस्त जन की मंगल कामना करते हैं । शुभकामनायें।

**चेयरमैन की कलम से -**

**विद्या, बुद्धि और ज्ञान बढ़े, हर सपना आपका साकार हो, मां सरस्वती का आशीर्वाद मिले ।**

शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाता रोटरी स्कूल, चैनपुर शैक्षणिक क्षेत्र में पलामू प्रमंडल के विकास में सतत प्रयत्नशील।

समस्त पलामू प्रमंडल वासियों , शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को विद्या की अधिष्ठत्री देवी सरस्वती पूजा की मंगलमय शुभकामनायें।

निवेदक
रोटरी स्कूल परिवार पलामू ।

For Enquiry Contact no. 9507519606, 9973077362 Email – rotary school3250@rediffmail.com



आरपीएम शैक्षणिक संस्था द्वारा संचालित पूरे पलामू प्रमंडल में हम शिक्षा का निरंतर अलख जगाते आ रहा है हमारा विद्यालय

## ज्ञान मंदिर आवासीय विद्यालय

बाई पास रोड मेदिनीनगर पलामू

## क्रिसेंट पब्लिक स्कूल

पांकी रोड, मेदिनीनगर

पलामू प्रमंडलवासियों को विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती पूजा की मंगलमय शुभकामनायें।






विनोद कुमार मिश्रा
प्राचार्य

ADMISSIONS OPEN
For Session 2025-26

**प्राचार्य की कलम से.........**

विद्यालय एक ऐसा मंदिर होता है जहां विभिन्न जाति धर्म या वर्ग के साधक शिक्षा का साधना करके स्वयं का, परिवार, समाज एवं राष्ट्र के साथ-साथ संपूर्ण विश्व का कल्याण करते हैं । वास्तव में विद्या और शिक्षा में कतिपय अंतर है - दीक्षा से परिपूर्ण शिक्षा ही विद्या का रूप लेती है ।

"तत्कर्म यन्नबन्धाय सा विद्या सा विमुक्तये" - विद्या मुक्ति प्रदायिनी होती है । या - "विद्ययामृतमश्नुते"

विद्या से अमृत की प्राप्ति होती है परंतु उपरोक्त तत्वों की प्रक्रिया की प्राप्ति के अलावे आज के मानवों की कामना सफलता के चरम सीमा को पाना समृद्धि तथा सद्बुद्धि को प्राप्त करके सुखी जीवन प्राप्त करना है और इन सब की प्राप्ति शिक्षा की साधना से ही संभव है ।

""Education is the most powerful weapon with which you can change the world.""

निःसंदेह शिक्षा मानव विकास का मूल साधन है ।इसके द्वारा ही जन्मजात शक्तियों का विकास, ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि तथा व्यवहार में परिवर्तन किया जा सकता है ।शिक्षा ही संपूर्ण समस्याओं की पहचान एवं निवारण का उपाय है। अनुशासन एवं नैतिक शिक्षा के अभाव से आज के समाज में सम्प्रदायवाद,आतंकवाद, अनाचार और असहिष्णुता की प्रवृत्तियां बढ़ी है जिसके कारण आदर्श जीवन मूल्यों और आदर्श संस्कृति से हम दूर होते चले जा रहे हैं ।छात्र-छात्राओं में समाज और राष्ट्र के प्रति स्वस्थ अभिरुचि विकसित करके उन्हें एक योग्य नागरिक बनाने के लिए शिक्षक ही प्रेरक साधन बन सकते हैं इसके लिए शिक्षकों का यह कर्तव्य बनता है कि आज के शिक्षार्थियों को अनुशासित और नैतिकतापूर्ण शिक्षा प्रदान करें आज के शिक्षार्थियों से सद्गुणों के विकास के लिए उन्हें अनुशासित और आत्म संयमित करना जरूरी होगा ।

विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा सुसंस्कारित शिक्षा प्रदान करने के कर्तव्यों का निर्वहन किया जाय तो संभवतः हम व्यक्ति समाज, राष्ट्र एवं विश्व कल्याण करने की दिशा में कुछ कर सकेंगे ।

विद्यालय समाज का दर्पण होता है जिसमें विभिन्न दोषों या विकृतियों को परिलक्षित करके उन्हें दूर किया जा सकता है ।

विद्यालय ही उत्कृष्ट शैक्षणिक क्रियाकलापों, सामाजिकता का प्रेरक और शिक्षा के मजबूत आधारों के लिए आत्मदर्पण सिद्ध होता है ।

तथ्यपरक दृष्टि से सुस्पष्ट है कि ज्ञान मंदिर एक आत्मीय संस्थान है जो शिक्षा के प्रचार - प्रसार में अहर्निश लगा हुआ है ।

विनोद कुमार मिश्रा
प्राचार्य
मो0 9430328491



UDISE Code: 20020106705 | Affiliation No. 3430393 | Centre Code: 66596 | www.stmariams.com

पलामू प्रमंडलवासियों को विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती पूजा की मंगलमय शुभकामनायें।

# ST. MARIAM'S SCHOOL

Affiliated to CBSE, New Delhi

A Co-Educational English Medium School 10+2

In the memory of Sumitra Devi | Run & Managed by Sumitra Foundation, Registration No. 934/24/2012




ADMISSION OPEN

SESSION : 2025-26

Admission Form & Prospectus Available

Registration Now



Good News

INTEGRATED SCHOOL WITH COACHING FACILITY

in association with

Mentors Eduserv

JEE | AIIMS | NEET | NTSE | KVPY | OLYMPIADS

Near Railway Station, Kajri, Palamu - 822123 Jharkhand | City Office: Koyal River Side, Nawatoli Daltonganj, Palamu - 822101 Jharkhand

CONTACT NO.: School Office: 06562-796343, 9955865321 | Hostel Office: 9955865193 | Email: stmariamsschool16@gmail.com

### झारखंड के बजट पर कांग्रेस नेताओं ने की परिचर्चा

# केंद्रीय बजट में हुई झारखंड की उपेक्षा : गुलाम अहमद मीर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की बजट पूर्व एवं निकाय चुनाव पर परिचर्चा का आयोजन रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद के साथ विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उपनेता राजेश कच्छप मौजूद रहे। परिचर्चा दो पालियों संपन्न हुआ। प्रथम पाली में मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक ने भाग लिया, जबकि दूसरी पाली में विस्तारित कार्य समिति के सदस्यों, पूर्व प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्षों, बोर्ड निगम आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में विषय प्रवेश कराते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने नेताओं का विचार आमंत्रित किया।

**'सार्थक रही परिचर्चा, जनहित में मिले कई सुझाव :** अबुआ बजट पर राज्य के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ परिचर्चा के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मीडिया से जानकारी साझा करते हुए कहा कि एक महीने के अंदर झारखंड का बजट आना है, उसको कैसे जन उपयोगी बनाया जाए, परिचर्चा में इस पर बात हुई। उन्होंने कहा कि परिचर्चा में जो भी विचार आये हैं उन सभी को मुख्यमंत्री के पास रखा जाएगा और फिर उसपर सरकार फैसला लेगी। इस बार के बजट में हम किन-किन चीजों को लेकर आगे बढ़ सकते हैं और आने वाले दिनों में किन-किन बातों को हम अपनी प्राथमिकता में रखेंगे, इसको लेकर भी आज चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि कुछ अच्छे सुझाव आए हैं, हमारे टॉप लीडर्स ने अच्छे-अच्छे सुझाव दिए हैं।

श्री मीर ने कहा कि अबुआ बजट पर हुई परिचर्चा में 450 रुपये में गैस सिलेंडर वाले चुनावी वायदे पर चर्चा हुई। इस बजट में गैस सिलेंडर के लिए वित्तीय प्रावधान रहेगा? इस सवाल के जवाब में गुलाम अहमद मीर ने कहा कि हमने सभी विषयों पर चर्चा की है, हमने अपनी गारंटी पर भी चर्चा की है और कुछ प्राथमिकताएं तय की हैं। इसे लेकर सरकार के पास जाएंगे और मंत्रिमंडल उस पर फैसला करेगा।

श्री मीर ने कहा कि हमारे मेनिफेस्टो के अनुसार समाज का विस्तृत क्षेत्र कवर होता है। यह सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला बजट है, एक ही बजट में सभी गारंटी को शामिल करना संभव नहीं है, लेकिन उसके लिए आधार बनाया जा सकता है। हमें अपनी गारंटियों को प्राथमिकता देना है। उन्होने स्थानीय नगर निकाय चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि यहां गैर दलगत आधार पर चुनाव होना है। हम सरकार के समक्ष दलगत चुनाव कराने हेतु अपनी मांगों को रखेंगे। अगर गैर दलगत आधार पर चुनाव होते हैं तो हमें सचेत रहना है। विचारों के अनुसार हमें ऐसे लोगों का समर्थन करना है जो कांग्रेस विचारधारा के हो। हमें ऐसा मेकैनिज्म तैयार करना है जिससे हम अधिकांश सिटे जीते,खास कर हमें अपना ध्यान वहां केंद्रित करना है जहां हम विधानसभा, लोकसभा लड़े लेकिन जीत नहीं पाए।

**64 पन्नों के केंद्रीय बजट में गलती से भी झारखंड का नाम नहीं :** गुलाम अहमद मीर ने कहा कि आपने देखा है कि भारत सरकार ने लगातार झारखंड की अपेक्षा की है। शनिवार को पेश किए गये केंद्रीय बजट में 64 पन्नों के भाषण में गलती से भी कहीं झारखंड स्टेट का नाम नहीं था और यही मैंने पिछले 11 साल में देखा है। झारखंड का बकाया 136000 करोड़ से बढ़कर 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपया हो गया है, इसका जिक्र केंद्रीय बजट में नहीं है। केंद्र की स्कीम की राशि भी राज्य को नहीं दी जा रही है। राज्य की सरकार को अपने संसाधनों से जनकल्याणकारी कार्यों को चलाना पड़ रहा है।



#### परिचर्चा में इन नेताओं ने भी अपना विचार रखा

परिचर्चा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक ममता देवी, भूषण तिर्की, अनूप सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, प्रदीप बलमुचू, विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री बंधू तिर्की, पूर्व मंत्री रामेश्वर उरॉव, नमन विक्सल कौनगाड़ी, केएन त्रिपाठी, विधायक सुरेश बैठा, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, निशत अलम, श्वेता सिंह, भूषण बाड़ा, धीरज प्रसाद साहू, राज राजेंद्र प्रताप देव, जयप्रकाश गुप्ता, जेपी भाई पटेल, जेपी गुप्ता, राजेश रंजन, गीताश्री उरांव, बादल पत्रलेख, योगेंद्र साहू सहित कई नेताओं ने अपना विचार रखा। बैठक में रविंद्र सिंह, राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, रियाज अंसारी, गजेंद्र सिंह, अभिलाष साहू, राजन वर्मा भी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजीनी ने किया।

वहीं दूसरी पाली की बैठक में रविंद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, जयशंकर पाठक, ज्योति सिंह मथारू, शमशेर आलम, कुमार गौरव, अमूल्य नीरज खलको, प्रशांत पांडे, संजय कुमार, मंजूर अहमद अंसारी, अमरेंद्र सिंह, अजय दुबे, सुलतान अहमद, ब्रेजेंद् प्रसाद सिंह, राजेश गुप्ता, बिनय सिन्हा दीपु, बलजीत सिंह बेदी, आशिक अंसारी, चंद्रशेखर शुक्ला, बिनोद कुशवाहा, रमा खलखो, ज्योति सिंह, कुमार गौरव, जयशंकर पाठक, लाल किशोर नाथ शाहदेव, कमल ठाकुर, रमाश्रय प्रसाद, शकील अख्तर अंसारी' कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, मंजूर अंसारी, शमशेर आलम' नेली नाथन, गुंजन सिंह, प्रमोद दुबे' आदि कई प्रमुख कांग्रेस नेता शामिल हुए और अपना विचार रखा।

### कोविड काल में दवाओं की आपूर्ति का आर्डर नियम विरुद्ध दिया, होगी कार्रवाई

रांची। कोविड (कोरोना वायरस) के दौरान बिना सक्षम प्राधिकार से सहमति प्राप्ति के दवा एजेंसियों को आपूर्ति का आदेश देने के आरोप में साहेगंज के तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला नजारत उप समाहर्ता जय कुमार राम पर कार्रवाई होगी। इस वजह से सरकार की बड़ी राशि अपव्यय होने की भी सूचना है। 18 अप्रैल 2020 को विकास आयुक्त की अध्यक्षता में क्रय समिति की बैठक में लिए गये निर्णय के विरुद्ध आर्डर देने का आरोप इन पर लगा है। बताते चलें कि कोरोना काल में गृह मंत्रालय भारत सरकार की ओर से दिशा–निर्देश दिया जा रहा था, लेकिन झारखंड प्रशासनिक सेवा के उक्त अधिकारी ने निदेर्शों का पालन नहीं किया। पूरे मामले पर उपायुक्त साहेबगंज ने 2023 में ही आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी, सरकार ने इसकी जांच करायी। इसमें प्रथमदृष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया। सरकार ने रिटायर आइएएस अधिकारी कमल जॉन लकड़ा को जांच संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया है। उक्त अधिकारी से 15 दिनों में अपना लिखित बचाव बयान देने को कहा गया है।

### जीबी सिंड्रोम के मरीज का अब रिम्स में होगा इलाज

रांची। जीबी (गुलियन बर्रे सिंड्रोम के एक संदिग्ध मरीज को रिम्स में भर्ती कराया गया है। कोडरमा के इस मरीज का पूर्व में रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। मरीज के पास न तो आयुष्मान कार्ड है और न ही इलाज के लिए पैसे बचे थे। ऐसे में उन्होंने किसी प्रकार अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह से संपर्क किया। इसके प›ात रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने मरीज को निजी अस्पताल से रिम्स में स्थानांतरित करा लिया। मरीज को शिशु रोग विभाग में भर्ती किया गया है। वर्तमान में मरीज को हाई फ्लो नेजल ऑक्सीजन में रखा गया है। पीडियाट्रिक वेंटिलेटर की व्यवस्था भी की गई है। शिशु रोग विभाग में डॉ सुनंदा झा की देखरेख में मरीज को रखा गया है। मरीज की महाराष्ट्र ट्रैवल हिस्ट्री है।

### सीएम ने 1837 विद्रोह के महानायकों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि, कहा

# पूर्वजों की तपस्या से मिली आदिवासियों को अलग पहचान

### आंदोलनकारियों को सम्मान के साथ दे रहे अधिकार

मुख्यमंत्री ने लगभग 4 अरब 12 करोड़ 24 लाख 96 हजार रुपये की लागत से 246 योजनाओं का किया उदघाटन- शिलान्यास, 135 जनों को सौंपा नियुक्ति पत्र




खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि पूर्वजों की तपस्या, त्याग और बलिदान का परिणाम है कि आदिवासियों को अलग पहचान मिल रही है। हम उन शहीदों को सम्मान एवं नमन करते हैं, जिनकी बदौलत देश के विभिन्न मंचों पर अपनी आवाज बुलंद करने की हम सभी को ताकत मिली है। हमें आदिवासी होने का गर्व है। श्री सोरेन रविवार को ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ 1837 में हुये विद्रोह के महानायकों की याद एवं सम्मान में प›िमी सिंहभूम के टोंटो प्रखंड स्थित सेरेंगसिया में आयोजित शहीद दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा किजब देश की आजादी की लड़ाई शुरू भी नहीं हुई थी उस दौरान अंग्रेजी फौज के खिलाफ आदिवासियों ने संघर्ष करते हुये अपना लोहा मनवाया था। हम अपने आदिवासियों से आग्रह करते हैं कि वे अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ा-लिखा कर उनका भविष्य बनायें। आदिवासियों को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से मजबूत होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड वीरो और शहीदों की भूमि रही है। इस राज्य में इतने बलिदान दिये हैं कि यहां सालों भर शहादत दिवस मनाने की परंपरा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शहीदों और उनके आश्रितों को सम्मान के साथ हक अधिकार दे रही है।

**246 योजनाओं की मिली सौगात**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 246 विकास योजनाओं का उदघाटन- शिलान्यास किया। इसमें 3 अरब 15 करोड़ 27 लाख 70 हजार 359 रुपए की लागत से 178 योजनाओं का शिलान्यास एवं 96 करोड़ 97 लाख 26 हजार 600 रुपये की लागत से 68 महत्वाकांक्षी योजनाओं का उदघाटन शामिल है। इसके साथ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 54,946 लाभार्थियों के बीच 3 अरब 62 करोड़ 80 लाख 99 हजार रुपये की परिसंपत्तियां बांटी।

इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुवा, रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक कल्पना सोरेन, निरल पूर्ति, सोनाराम सिंकू, जगत मांझी, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरीन, प्रमंडलीय आयुक्त हरि प्रसाद केशरी तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

**आधी आबादी को सम्मान देने के साथ बना रहे सशक्त**

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में आपके समर्थन से हमारी सरकार बनी। लेकिन, सरकार को पूरे कार्यकाल के दौरान कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। 2024 में आपके आशीर्वाद से एक बार फिर हमें मजबूत सरकार बनाने का मौका मिला। मैं आपको बताना चाहूंगा कि जहां केंद्र सरकार का महिलाओं के विकास के लिये लगभग 25- 26 हजार करोड़ रुपये का बजट है। वहीं, हमारी सरकार आधी आबादी को सशक्त और मजबूत बनाने के लिये हर महीने 15 अरब रुपये का प्रावधान किया है। झारखंड में बहन-बेटियों को हर महीने 25-25 सौ रुपए सम्मान राशि के रूप में दे रही है। उन्होंने महिलाओं को आगाह किया कि वे उन लोगों से सावधान रहें। जो लोभ, लालच और झांसा देकर सरकार से आपको मिल रहे पैसे पर अपनी नजर गड़ाये हुये है। उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि वे अपने पैसे कहां और कैसे खर्च करेंगी। अब सरकार राह दिखायेगी। उन्होंने जिला प्रशासन से कहा कि महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के लिये कार्य योजना बनाये।

### झारखंड से जुड़ी अटल जी की स्मृतियों को संग्रहित करेगी भाजपा : सीपी सिंह




- भाजपा विधायक ने कहा कि झारखंड से जुड़ी है श्रद्धेय अटल जी की अनेकों स्मृतियां
- 14फरवरी तक सभी जिलों की समिति करेगी संपर्क एवं संग्रह
- 15फरवरी से 15मार्च तक सभी जिलों में होगा अटल विरासत सम्मेलन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। विधायक सीपी सिंह ने कहा है कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष में व्यापक रूप से पूरे देश में भाजपा अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगी। श्री सिंह रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड भाजपा भी कार्यक्रम की तैयारी में जुट गई है। शताब्दी आयोजन केलिये प्रदेश स्तरीय समिति बनी। इसके संयोजक सांसद आदित्य साहू हैं। सह संयोजक पूर्व विधायक अनंत ओझा, सुनीता सिंह सहित शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रताप सिंह, अनिल सिंह, अनुज कुमार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में गठित अटल शताब्दी आयोजन समिति जिला स्तर पर अपने जिलों से जुड़ी अटल जी की स्मृतियों का संग्रह करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड निर्माता अटल जी का झारखंड से गहरा जुड़ाव रहा था।

उन्होंने अपने जीवन काल में अनेकों बार झारखंड के सुदूर ग्रामीण जिलों तक सड़क, रेल मार्ग से यात्रायें की थी। कई जनसंघ कालीन कार्यकताओं के आवास पर भी उनका जाना, विश्राम करना हुआ था। कई कार्यक्रमों में उनकी बड़ी सहभागिता हुई थी। झारखंड क्षेत्र में पार्टी के जनाधार को मजबूती प्रदान करने में अटल जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि इन सारी बातों जानकारियों को पार्टी शताब्दी वर्ष में संग्रह कर उसका डिजिटलाइजेशन करने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता फोटोग्राफ या अन्य स्मृतियों की मूल प्रति नहीं रखेंगे। बल्कि उसकी कॉपी कराकर वापस कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह संग्रहण कार्य आगामी 14 फरवरी तक संपन्न होगा। इसकी जिलों में प्रदर्शनी लगाई जायेगी। 15फरवरी से 15 मार्च तक जिला स्तर पर होगा अटल विरासत सम्मेलन। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में प्रबुद्धजनएविशिष्ट जन को आमंत्रित किया जायेगा। अटल जी के साथ कार्य कर चुके कार्यकताओं को सम्मेलन में सम्मानित भी किया जायेगा। इस अवसर पर सुनीता सिंह, शिवपूजन पाठक, अशोक बड़ाइक उपस्थित थे।

### जेबीकेएसएस छोड़ अलग हुए संजय मेहता ने जयराम महतो पर लगाया गंभीर आरोप

# अब तो रात में यह होता है, सुबह आंदोलन कैसे करना है और कैसे वसूली

2024 के हजारीबाग लोकसभा चुनाव में डेढ़ लाख वोट लाकर चर्चा में आये और (झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति) जेबीकेएसएस से अलग राह अपना लिये संजय मेहता अब आजसू की सदस्यता ग्रहण कर लिये। उन्होंने बताया कि जेबीकेएसएस के वन मैन, सिंगल मैंन जयराम महतो अतिमहत्वकांक्षी हैं। मोबाइल कैमरा के सामने जनता के काम का दिखावा करते हैं। आंदोलन की आड़ में वही जयराम महतो अब विधायक बनकर भयादोहन और कंपनियों से वसूली के काम में लग गये हैं। अब तो रात में तय होता है आंदोलन कैसे होगा। कैसे पैसा वसूली करना है। आंदोलन के साथी उनसे खिन्न होकर एक–एककर अलग हो रहे। इन तमाम मुद्दों पर संजय मेहता ने **खबर मन्त्र के मुख्य संवाददाता प्रभात सिंह** से खुल कर बातचीत किये। खबर मन्त्र के सवालों का उन्होंने बेबाकी से जवाब दिया।

**सवाल :** झारखंड में कई दल हैं, फिर आजसू को ही क्यों चुना?

**जवाब :** आजसू ही एक मात्र पार्टी है जो 1986 से लड़ाई लड़कर अलग झारखंड राज्य लिया और अब जनता के अरमान भी यही पार्टी पूरा करेगा। आजसू को उन्होंने झारखंडियत, झारखंडी अस्मिता और झारखंडी स्वाभिमान की लड़ाई लड़ने का प्लेटफार्म के रूप में चुना है। झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार चला रही है। लेकिन इनके लिए झारखंडी मुद्दे मायने नहीं रखता। स्थानीयता, नियोजन, पुनर्वास, पुनर्वास आयोग, विस्थापितों को मुआवजा, सरना धर्मकोड, रिक्त नियुक्तियां, पेपर लिक, नौजवान- छात्र परेशान, जेएसएससी विवाद ऐसे और कई बड़े इश्यू आज भी जस के तस हैं।

**सवाल :** जेबीकेएसएस तो झारखंडी इश्यू उठा ही रहा था, फिर क्या हो गया?

**जवाब :** झारखंडी अस्मिता की लड़ाई लड़ने का हमने प्रयास किया, लेकिन वहां धोखा मिला। एक लाइन में बोले तो जेबीकेएसएस



के अध्यक्ष जयराम महतो का काम भयादोहन और कंपनियों से वसूली का काम चल रहा है। उनके लिए झारखंडियत दिखावा भर रह गया। जो व्यक्ति किसी तरह जिला परिषद सदस्य की चुनाव लड़ने की सपना देखता था उसे आंदोलन ने विधायक बना दिया। लेकिन अब उसी आंदोलन को वह बेच रहे। चुनाव में टिकट बेचे, धनबाद के एक दबंग नेता के लिए काम किये।

**सवाल :** जेबीकेएसएस प्रमुख जयराम महतो से क्यों खटपट हुई?

**जवाब :** झारखंडी भाषा संघर्ष समिति, जेबीएसएस या झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति, जेबीकेएसएस दोनो अलग अलग संगठन है। स्थापना से लेकर हमारी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संगठन विस्तार का पूरा प्रारूप हमने तैयार किया। भोजपुरी भाषा के खिलाफ बोकारो और धनबाद में आंदोलन तेज हुआ। सरकार ने मांगे मानी। जीत हमारी हुई। शुरूआत में जो बातें थी वह झारखंड के हरेक इश्यु पर आंदोलन और उसके समाधान की थी। बात 2029 से पहले चुनाव की सोचना भी नहीं था। लेकिन जयराम महत्वकांक्षी थे। अब तो रात में तय होता है आंदोलन कैसे होगा। कैसे पैसा वसूली करना है।

लोग आंदोलन करने कंपनी के गेट पहुंचते उससे पहले जयराम की फोन आ जाती है। कहा जाता है आंदोलन की जरूरत नहीं, कंपनीवाले से उनकी बात हो गयी।

**सवाल :** गिरिडीह समेत कुल आठ लोकसभा सीटों पर जेबीकेएसएस के लोग चुनाव लड़े, लेकिन विधानसभा में आप अलग क्यों हो गये?

**जवाब :** मेरा मानना है निर्णय सबके लिए एक होना चाहिए। जब निर्णय है लोकसभा चुनाव लड़े हुए प्रत्याशी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। फिर जयराम महतो क्यों विधानसभा लड़ेंगे। वह भी एक नहीं दो-दो विधानसभा से। हमने इसका विरोध किया। फिर मैंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला लिया। तानाशाही रवैया है ।

**सवाल :** आजसू में क्या देखते हैं? युवाओं को जोड़ने का क्या प्लान है।

**जवाब :** आजसू युवाओं की पार्टी है। इस पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष नौजवान हैं। सुदेश महतो विजनरी लीडर हैं। इनमें विजन है। पंचायती राज मंत्री बनने के बाद सुदेश महतो जी ने राज्य में पहली बार पंचायत चुनाव कराया। युवाओं को मौका मिला। महिलाओं का प्रतिनिधित्व मिला। अधिकार मिला। आरक्षण मिली। युवा नेता बन रहे हैं। युवाओं को आजसू के काम बताने होंगे। युवाओं को प्रेरित करेंगे।

**सवाल :** आजसू में आंदोलन की रूप रेखा तैयार बनेगी? इश्यु क्या होगा।

जवाब : आजसू पार्टी संघर्ष, आंदोलन की पार्टी है। राज्य में कई बड़े इश्यु हैं। सरकार चुप्पी साध रखी है। भूमि अधिग्रहण के कारण विस्थापन हुआ। उन्हें न मुआवजा मिला, न नौकरी। पलायन बड़ी समस्या है। टाटा, सीसीएल, बीसीसीएल हर तरफ विस्थापन। नौजवानों को नौकरी के बदले लाठी। नियोजन नीति, पहचान की नीति बहुत से मुद्दे हैं।

**सवाल :** आपने उच्च शिक्षा ग्रहण की, फिर कैरियर की परवाह न कर आंदोलन से जुड़ गये?

**जवाब :** विनोवा भावे विश्वविद्यालय से मासकॉम में ग्रेजुएशन और पीजी की पढ़ाई की। फिर हजारीबाग में ही रहकर एलएलबी और एलएलएम किये। दो साल पहले संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य पर भारत का प्रतिनिधित्व करने दुबई गये। लेकिन उन्हें कैरियर बनाने में नहीं बल्कि राज्य की दिशा-दशा को लेकर हमेशा चिंता रहती थी।

सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ






रांची, सोमवार 03.02.2025 | माघ, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 203 | * * नगर संस्करण | पेज : 12 | khabarmantra.net

## न्यूज डायरी

### अकले शर्मा ने इंग्लैंड को रौंदा, भारत ने सीरीज जीती

**मुंबई** । भारत ने इंग्लैंड को 5वें और आखिरी टी20 में रौंदते हुए सीरीज 4-1 से अपने नाम कर लिया। अभिषेक शर्मा ने सिर्फ 37 गेंदों पर शतक ठोक कर इतिहास रच दिया। वह टी20 क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बने। प्लेयर ऑफ द सीरीज अभिषेक शर्मा ने शतक जड़ने के अलावा दो विकेट भी झटके। भारत ने 20 ओवरों के बाद विकेट पर 247 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लिश टीम अपने पूर्व पीएम ऋषि सुनक के स्टेडियम में रहते 10.3 ओवरों में 97 रनों पर सिमट गयी। वह अभिषेक शर्मा के स्कोर तक भी नहीं पहुंच सकी।

### ट्रक - स्कूटी की टक्कर में दो युवक की मौत

**बेड़ो।** बारीडीह मैदान से समीप स्कूटी और हाइवा की जोरदार टक्कर में पुरना पानी नगड़ी टोली निवासी स्कूटी सवार सिलिस्टीन लकड़ा (28) एवं 25 वर्षीय आकाश किस्पोट्टा (25) की मौके पर ही मौत हो गयी। यह हादसा रविवार की शाम हुई। लोगों ने दोनों को तत्काल बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने वहां दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### सीएम ने झंडा फहरा कर समारोह शुरू किया

**दुमका।** दुमका में झामुमो अपना स्थापना दिवस मना रहा है। पार्टी का पूरा कुनबा दुमका में मौजूद है। रविवार को पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष व सीएम हेमंत सोरेन ने पार्टी का झंडा फहराकर झामुमो के 46वें स्थापना दिवस समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान वहां झामुमो कोटे के मंत्री, सांसद, विधायक समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद हैं। इस दौरान पार्टी सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संदेश भी पढ़ा गया। सीएम ने देर रात लोगों को संबोधित किया। इससे पूर्व वह पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन के साथ रांची से दुमका पहुंचे।

### गरिडीह में ट्रक व कार की टक्कर, 5 घायल

**गिरिडीह।** डोमापहाड़ी के पास रविवार को भीषण सड़क हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में कार में सवार चार लोगों के साथ ट्रक ड्राइवर शामिल है। दुर्घटना तब हुई जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार को जोरदार टक्कर मार दी।

### राष्ट्रपति व पीएम ने बसंत पंचमी की दी शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और पीएम मोदी ने रविवार को देशवासियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी। एक्स पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा, बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं! शिक्षा और ज्ञान से जुड़े इस खुशी के अवसर और त्योहार पर मैं सभी सुख, समृद्धि और बुद्धि की कामना करती हूं।

# छोरियों ने रचा इतिहास भारत ने फिर जीता टी20 वर्ल्ड कप

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कुआलालंपुर में भारत ने रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार आइसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का खिताब जीता। टॉस हारकर पहले गेंदबाजी करते हुए भारत ने अफ्रीका को निर्धारित 20 ओवर में मात्र 82 के स्कोर पर समेट दिया। इसके बाद गोंगाडी त्रिशा ( नाबाद 44 रन) और सानिका चालके की नाबाद 26 रनों की शानदार पारियों की मदद से भारत ने 11.2 ओवर में 84 रन बनाकर 52 गेंद शेष रहते मैच और खिताब दोनों अपने नाम कर लिया। भारत की गोंगाडी त्रिशा नाबाद 44 रन (33 गेंद) शीर्ष स्कोरर रहीं। त्रिशा को फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।




### लगातार दूसरी बार खिताब

निकी प्रसाद की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर लगातार दूसरी बार इस खिताब पर अपना कब्जा जमाया। इससे पहले 2023 में पहली बार खेले गये इस टूनार्मेंट में शेफाली वर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने यह खिताब जीता था। भारत ने 2023 में फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर पहले आइंसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का खिताब भी जीता था।



### मोदी ने कहा- नारी शक्ति पर गर्व

भारत की इस शानदार सफलता पर मोदी ने टीम इंडिया को बधाई दी। उन्होंने कहा, यह जीत बेहतरीन टीम वर्क, दृढ़ संकल्प और धैर्य का परिणाम है। मोदी ने कहा, नारी शक्ति पर हमें और पूरे देश को गर्व है। उन्होंने टीम को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी।

## वीरों और शहीदों की भूमि है झारखंड : मुख्यमंत्री

# केंद्र पर भड़के, कहा हम अपना हक लड़ कर लेंगे

- बजट में भी आदिवासियों को कुछ नहीं मिला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड वीरों और शहीदों की भूमि रही है। पूर्वजों की तपस्या, त्याग और बलिदान का परिणाम है कि आदिवासियों को अलग पहचान मिल रही है। वह रविवार को पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो प्रखंड स्थित सेरेंगसिया में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ 1837 में हुये विद्रोह के महानायकों की याद एवं सम्मान में आयोजित शहीद दिवस समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हम उन शहीदों को सम्मान एवं नमन करते हैं, जिनकी बदौलत देश के विभिन्न मंचों पर अपनी आवाज बुलंद करने की हम सभी को ताकत मिली है। हमें आदिवासी होने का गर्व है। इस दौरान झारखंड की उपेक्षा पर श्री सोरेन केंद्र सरकार पर जम कर भड़के और कहा, झारखंड अपना हक लड़ कर लेना जानता है और लेगा भी। समारोह में सीएम के साथ विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं।

**बजट में झारखंड को कुछ नहीं मिला**

सेरेंगसिया के शहीदों को नमन सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में सीएम ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के बजट में झारखंड के लिए कुछ नहीं है। आदिवासियों के लिए कुछ नहीं है। सालों से चल रही योजनाओं का नाम बदलकर हमारे बीच चला रहे हैं। उन्होंने कहा, आज भी देश में सामंती मानसिकता वाले लोगों की कमी नहीं है, हमें उनसे भी निपटना है। झारखंड की खनिज संपदा से पूरा देश चमक रहा है, देश का खजाना भर रहा है, लेकिन आज भी झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य है।

इसकी वजह अलग राज्य बनने के बाद की सरकारों ने राज्य के विकास पर ध्यान नहीं दिया। जब से हमारी सरकार है, झारखंड को आगे ले जाने का प्रयास निरंतर जारी है। ब्लॉक प्रशासन की टीम पहुंचेगी। आपको ब्लॉक और जिला कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### झारखंड लड़ना और जीतना जानता है

शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए सीएम हेमंत ने कहा कि हमने लड़ाई लड़कर झारखंड लिया है और आगे भी लड़ाई लड़कर अपना हक लेंगे, जो अभी भी जारी है। जब देश ने आजादी का सपना भी नहीं देखा था, तब हमारे पूर्वजों गरीब आदिवासी समाज के लोगों ने ताकतवर अंग्रेजों से लड़ाई लड़कर अपनी ताकत साबित की थी। हमें आदिवासी होने पर गर्व है। यहां सालों भर शहादत दिवस मनाने की परंपरा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शहीदों और उनके आश्रितों को सम्मान के साथ हक अधिकार दे रही है।

**अपने बच्चों को पढ़ायें लिखायें :** सीएम ने कहा, हम अपने आदिवासियों से आग्रह करते हैं कि वे अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ा-लिखा कर उनका भविष्य बनायें। आदिवासियों को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से मजबूत होने की जरूरत है। हमारी सरकार ने हर गरीब परिवार को ऐसी ताकत दी है कि उन्हें सरकारीअनाज या किसी अन्य सामान को बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# चतरा में एनआइए के गवाह की हत्या

- नक्सली पर है टेरर फंडिंग का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** टंडवा थाना क्षेत्र के लंबुवा गांव निवासी समाजसेवी विष्णु साव की रविवार सुबह अपहरण के बाद गला रेत कर हत्या कर दी गयी। वह मवेशी लेकर जंगल जा रहे थे, तभी चार-पांच हथियारबंद नकाबपोश नक्सलियों ने उनका अपहरण कर गला रेत दिया। नक्सलियों ने उनके शव को टंडवा-बालूमाथ सीमा के जंगल में फेंक दिया, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस पूरे घटना की जांच में जुट गयी है। घटना के बाद इलाके में दहशत है। परिजनों के अनुसार मुखबिरी के आरोप में नक्सलियों ने विष्णु की हत्या को अंजाम दिया है। विष्णु साव कोयलांचल के चर्चित टेरर फंडिंग मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) का सरकारी गवाह भी था। टंडवा थाने में दर्ज प्राथमिकी में प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के सुप्रीमो समेत अन्य शीर्ष नक्सली और उसके सफेदपोश सहयोगी आरोपित हैं। इस मामले में कई नक्सली और सफेदपोश अभी भी जेल में बंद हैं। मृतक के सहयोगी के अनुसार वह लंबे समय से टीएसपीसी नक्सलियों के रडार पर था। इससे पहले भी नक्सली मोहन गंझू ने सड़क निर्माण के एवज में उससे लेवी की मांग की थी। नहीं देने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी जा रही थी। उन्होंने बताया कि गांव में नाबालिग लड़की के दुष्कर्मी को बचाने का विरोध करना भी विष्णु को महंगा पड़ा. उस पर लगातार मुखबिरी का आरोप लग रहा था।

### एसपी ने कहा, हत्यारे शीघ्र पकड़े जायेंगे

घटना की सूचना मिलते ही एसपी विकास पांडेय दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। इलाके की घेराबंदी कर हत्यारों की धर-पकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया। एसपी ने कहा है कि प्रथम द्दष्टया घटना अपराधियों द्वारा अंजाम दिए जाने की ओर इशारा कर रही है। एसपी के अनुसार विष्णु का अपहरण करने वाले अपराधी नकाब पहने हुए थे। अगर नक्सली घटना को अंजाम देते तो वे अपना चेहरा नहीं छिपाते। मामले के हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है और हत्यारों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। हत्यारों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# बसंत पंचमी आज, खुशनुमा रहेगा मौसम का मिजाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विद्या की देवी मां सरस्वती की सोमवार को विधि-विधान से अराधाना की जायेगी। राज्य के तमाम जिलों में विभिन्न संगठनों और पूजा समितियों ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में सोमवार को मौसम खुशनुमा और बासंतिक रहने की संभवना है। राज्य के ज्यादातर जिलों में लोगों को न अधिक गर्मी का अहसास होगा और न ही ठंड का। 03 फरवरी को रांची और आसपास के इलाकों में तापमान 14 डिग्री से 29 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। हालांकि झारखंड का मौसम बदलने लगा है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक हो रहे हैं। राज्य में अधिकतम तापमान में गिरावट के बावजूद यह 30 डिग्री के पार है। न्यूनतम तापमान में लगातार वृद्धि जारी है। पिछले 24 घंटे के दौरान सरायकेला का अधिकतम तापमान झारखंड में सबसे ज्यादा 33.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान चतरा में 12.7 डिग्री था।

मौसम केंद्र, रांची के अनुसार राज्य में 07 फरवरी तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। डाल्टेनगंज में उच्चतम पारा में 0.2 डिग्री की गिरावट आयी है। यहां का उच्चतम तापमान 31.8 डिग्री सेंटीग्रेड है, जो सामान्य से 5.1 डिग्री अधिक है। बोकारो का अधिकतम तापमान 1.6 डिग्री सेंटीग्रेड घटकर 29.5 डिग्री हो गया है।

# बसंत पंचमी अमृत स्नान पर आज आस्था का मेला

- महाकुंभ में अबतक 34 करोड़ ने किया पवित्र स्नान
- रविवार को एक करोड़ ने लगायी डुबकी

**एजेंसी**

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ में बसंत पंचमी के अवसर पर गंगा,यमुना और अद्दश्य सरस्वती की त्रिवेणी में रविवार को करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। यद्यपि बसंती पंचमी अमृत स्नान पर्व सोमवार को ब्रह्म मुहुर्त से शुरू होगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार दोपहर 12 बजे तक ही 88 लाख से अधिक श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके थे। इनमें दस लाख कल्पवासी भी शामिल हैं। कुल मिला कर महाकुंभ में अब तक करीब 34 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। महाकुंभ के तीसरे स्नान पर्व बसंत पंचमी में सोमवार को करोड़ों श्रद्धालुओ के संगम स्नान का अनुमान है।



**सुरक्षा अत्यंत सख्त**

बसंत पंचमी के अवसर पर सभी 13 अखाड़ों के संत त्रिवेणी में स्नान ध्यान करेंगे। महानिमार्णी अखाड़ा सबसे पहले सुबह पांच बजे स्नान करेगा जिनके साथ अटल अखाड़ा के संत भी स्नान करेंगे। बाद में निरंजनी, आनंद अखाड़ा, जूना आवाहन और अग्नि अखाड़ा, निवार्णी अनि,दिगम्बर अनि, निमोर्ही अनि,नया उदासीन,बड़ा उदासीन अखाड़े क्रम से स्नान ध्यान करेंगे। स्नान पर्व पर सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध किये गये हैं। मेला क्षेत्र समेत समूचे प्रयागराज में दो फरवरी को वाहनो का प्रवेश बंद रहेगा जबकि मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन के लिये ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जायेगी। स्नान पर्व पर कोई वीआईपी प्रोटोकाल नहीं होगा। बसंत पंचमी स्नान पर्व के बाद अखाड़े अपने गंतव्य की ओर रवाना होने लगेंगे।

VPMGNS
V.P.M.
GYAN NIKETAN SCHOOL
Address :- Bairia, Daltonganj, Palamu, Jharkhand – 822102
"A Well Known School for Quality Education"
शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाता विमला पाण्डेय ज्ञान निकेतन स्कूल शैक्षणिक क्षेत्र में पलामू प्रमंडल के विकास में सतत् प्रयत्नशील



Sr. Secondary (10+2), Affiliated to C.B.S.E, Delhi, Affiliation No. 3430175
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
पलामू प्रमंडलवासियों को विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती पूजा की मंगलमय शुभकामनायें।


Baliram Sharma
Chairman


Manohar Pandey
Principal

Contact :- 9308682032, 7498270685
e-mail:- vpm_gns@yahoo.com, Website:- www.vpmgns.com

## रांची जिला के 10 अंचलों में एक साथ दाखिल-खारिज से संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन

# आम लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो जिला प्रशासन कटिबद्ध : उपायुक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** जिला प्रशासन, रांची द्वारा पहली बार एक साथ 10 अंचल में शिविर लगाकर 10 डिसिमल तक के लंबित म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन करते हुए आवेदकों को करेक्शन स्लिप (शुद्धि पत्र) निर्गत किया गया। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा बड़गाईं अंचल में आवेदकों को शुद्धि पत्र प्रदान किया गया। जबकि अनगड़ा, अरगोड़ा, बेड़ो, बुण्डू, बुढ़मू, चान्हो, हेहल, ईटकी एवं नगड़ी में वरीय पदाधिकारियों द्वारा आवेदकों को करेक्शन स्लिप दिया गया।

**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा तैयार की गई कार्य योजना :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा आम जनों से प्राप्त हो रही शिकायतों के बाद पहले चरण में 10 डिसिमल तक के म्यूटेशन के लंबित मामलों के निष्पादन के लिए कार्य योजना तैयार की गई।

सभी अंचल अधिकारियों के साथ लगातार बैठकों के बाद 10 डिसिमल तक के बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के लंबित म्यूटेशन के मामलों की सूची तैयार की गई। सभी अंचलों को 14 जनवरी 2025 तक के लंबित 10 डिसिमल के ऐसे मामलों की सीआई और कर्मचारी स्तर से निर्धारित तिथि को वेरिफिकेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद कैंप मोड में सभी वेरीफाई मामलों को स्वीकृत करते हुए आवेदकों को शुद्धि पत्र प्रदान किया गया।

**अस्वीकृत आवेदनों की वरीय पदाधिकारी करेंगे समीक्षा :** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को बिना ठोस कारण के दाखिल-खारिज के आवेदन को अस्वीकृत नहीं करने का निर्देश पूर्व में ही दिया गया है। उपायुक्त द्वारा वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई, जो कैम्प में अस्वीकृत मामलों की समीक्षा करेंगे कि रिजेक्शन का कारण सही है या नहीं।

**अस्वीकृत मामलों के लिए काउंसलिंग की होगी व्यवस्था :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बताया कि कैंप में जिन आवेदकों के आवेदन अस्वीकृत हुए हैं, उनके लिए रिजेक्शन काउंसलिंग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि आवेदक जान सके कि किस कारण उनके आवेदन को अस्वीकृत किया गया।

**दूसरे चरण में शेष अंचलों में शिविर का होगा आयोजन :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि अंचल कार्यालयों में राजस्व से संबंधित कार्यों में आम लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि जिला के शेष अंचलों में दूसरे चरण में कैंप लगाकर लंबित म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन किया जाएगा।

### बिचौलिये दिखें तो स्थानीय थाना को सूचित करें : उपायुक्त

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री अंचल में सभी पदाधिकारी/कर्मियों को समय पर कार्यालय आने और लोगों को उनकी समस्या के समाधान के संबंध में सही जानकारी प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर अंचल कार्यालय में बिचौलिये दिखे तो फौरन स्थानीय थाना या पीसीआर को सूचित करें। उन्होंने आम लोगों से जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायत के लिए जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर अबुआ साथी 9430328080 पर भी जानकारी देने की अपील की।

### शिविर में कुल 534 मामले स्वीकृत किए गए

दाखिल-खारिज राजस्व शिविर में कुल 1134 मामलों में से 534 को स्वीकृत किया गया जबकि 460 मामले अस्वीकृत किए गए। अनगड़ा अंचल में 179 में से 147, चान्हो में 151 में से 103, बड़गाईं में 97 में से 58, बुढ़मू में 41 में से 32, बुंडू में 30 में से 24, बेड़ो में 43 में से 25, हेहल में 59 में से 21, नगड़ी में 162 में से 65 और अरगोड़ा में 372 में से 59 मामले स्वीकृत किये गए।

# ज्ञान की देवी की पूजा आज



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी में बसंत पंचमी पर आज मां सरस्वती की पूजा होगी। पूजा को लेकर पंडाल निर्माण कार्य भी लगभग पूर्ण हो गए हैं। पूजा की तैयारी को लेकर विद्यार्थियों में अधिक उत्साह है। पूजा को लेकर राजधानी पूरी तरह मां की भक्ति में सराबोर हो रहा है। सभी लोग मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर अपने-अपने पंडाल में व स्कूल में विद्यार्थी ले जाते हुए देखे गए। मां सरस्वती प्रतिमा की खरीदारी को लेकर स्कूली बच्चे व छात्र-छात्राओं में काफी उत्सुकता है। छोटे-बड़े पूजा पंडाल का निर्माण कर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी में लगे हुए हैं। दूसरी ओर मूर्तिकार मां शारदे की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे हैं। बाजारों में पूजा को लेकर फलों और पूजा सामग्री की खरीदारी की जा रही है।

# सरस्वती पूजा को लेकर अतिरिक्त बल तैनात, हॉस्टल-स्कूल पर खास नजर

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राजधानी में सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट पर है। सरस्वती पूजा की सुरक्षा को लेकर जिलेभर में 400 अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई है। जवानों की तैनाती विसर्जन तक के लिए किया गया है। सरस्वती पूजा को लेकर सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सभी थानेदारों को निर्देश भी जारी किया है।

सिटी एसपी ने बताया कि सरस्वती पूजा के आयोजन को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। राजधानी में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है, जिसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल है। सरस्वती पूजा पंडालों के आसपास भी सुरक्षा के लिए जवानों को तैनात किया जा रहा है। खासकर छेड़खानी की वारदातों को रोकने के लिए शक्ति कमांडो को विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा गया है।

**हॉस्टल-स्कूल पर पुलिस की खास नजर :** राजधानी रांची में वैसे तो 1000 से ज्यादा जगहों पर सरस्वती पूजा का आयोजन किया जाता है। लेकिन सबसे ज्यादा धूमधाम से सरस्वती पूजा रांची कॉलेज में मनाया जाता है। हजारों की संख्या में छात्र रांची कॉलेज में होने वाले सरस्वती पूजा में शामिल होते हैं। ऐसे में रांची कॉलेज में होने वाले पूजा को लेकर विशेष निर्देश जारी किए हैं। छात्रों को संयमित तरीके से पूजा करने की हिदायत दी गई है। एहतियातन कॉलेज के आसपास भी पुलिस बल तैनात किए गए हैं।

**विसर्जन के दौरान विशेष सतर्कता :** शहर में सुरक्षा बलों की तैनाती विसर्जन समाप्त होने तक रहेगा। सरस्वती पूजा के बाद मूर्तियों के विसर्जन को लेकर सभी पूजा समितियां को समय दे दिया गया है। तय समय के अनुसार ही पूजा समितियों को विसर्जन कार्य पूरा कर लेना है। विसर्जन के दौरान एनडीआरएफ की टीम मौजूद रहेगी। साथ ही स्थानीय गोताखोरों को भी तैनात किया जाएगा।

### पूजा में अश्लील गानों पर रोक

राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम तो किए गए हैं साथ ही जिले के सभी थाना प्रभारी को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने इलाकों में जहां सरस्वती पूजा का आयोजन किया जा रहा है, वहां पूजा समितियां के लोगों को स्पष्ट निर्देश दे दें कि वह पूजा के अवसर पर अश्लील या फिर भड़काऊ गाना ना बजाए। ऐसा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## तरन्नूम संगीत सस्थान में सरस्वती मां की पूजा के मौके पर भजन संध्या



**रांची।** तरन्नूम संगीत संस्थान मोराबादी में रविवार की रात सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। इस पूजा में संस्थान के विद्यार्थियों के अलावा काफी संख्या में लोग मां सरस्वती के दर्शन को आये और प्रसाद ग्रहण किया। संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर मृणालिनी अखौरी ने बताया कि पूजा के दौरान संस्थान में संध्या आरती के बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने हारमोनियम और तबले पर एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। गायिका मृणालिनी अखौरी के द्वारा भी मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गयी। इनमें वीणा वादिनी वर दे... , हे मां सरस्वती, जय मां जय जय मां, अवध में राम आए हैं...., श्री राम जानकी, आदि भजन प्रमुख थे। पूजा के मौके पर संस्थान में किरण, पामेला, मोहित ,मनोज, राहुल, ऋषभ ,अक्षय, सरस्वती, आध्या ,ललिता, स्नेहा ,तेजस, रंजीत ,अंबिका ,उर्मिला, संजय आदि विद्यार्थी उपस्थित थे।

# रोमांचक प्रतियोगिताओं के साथ बीआईटी मेसरा का ई-समिट-25 संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बीआईटी, मेसरा में ई-समिट - 25 के अंतिम दिन रविवार को जोश और उत्साह के साथ कई रोमांचक प्रतियोगिताओं और ज्ञानवर्धक सत्रों का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपने व्यावसायिक और तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। बाजार क्लैश प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की बाजार समझ और सौदेबाजी की क्षमता की परीक्षा ली गई। प्रारंभिक क्विज के बाद हुई खरीद-बिक्री की चुनौती में प्रतिस्पर्धियों के बीच तीव्र मुकाबला देखने को मिला। आईपीएल ऑक्शन के फाइनल में टीम मालिकों की भूमिका निभाते हुए प्रतिभागियों ने खिलाड़ियों के चयन और रणनीतिक बोलियों के जरिए अपनी सूझबूझ का परिचय दिया। यह मुकाबला विश्लेषणात्मक सोच और कुशल रणनीति का बेहतरीन उदाहरण बना।

यूआई/यूएक्स एरीना के फाइनल मुकाबले में प्रतिभागियों ने अपने डिजाइनिंग कौशल को निखारते हुए उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में नई समझ विकसित की। इस प्रतियोगिता ने भविष्य के डिजिटल उत्पाद निमार्ताओं के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया। आईडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक सुप्रतीक रॉय ने एक प्रेरणादायक सत्र में उभरते उद्यमियों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने व्यापार जगत में सफलता पाने के लिए जरूरी रणनीतियाँ और मानसिकता पर अपने विचार साझा किए, जो युवाओं के लिए प्रेरणादायक साबित हुए। उनका सत्र प्रतिभागियों के लिए एक अनमोल अनुभव रहा।

वाकाओ फूड्स के सह-संस्थापक सैराज धोंध और डॉ. विजेन्द्र चौहान के स्पीकर सत्रों में उद्यमशीलता, नवाचार और नेतृत्व पर गहन संवाद हुआ। इन सत्रों ने प्रतिभागियों को व्यापार जगत की चुनौतियों और अवसरों के प्रति एक नई दृष्टि दी। एलुमनी और अंतर्राष्ट्रीय रिलेशन के डीन विशाल एच. शाह की उपस्थिति ने समापन सत्र को और भी यादगार बना दिया। अपने अनुभवों और गहन विचारों से उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया, जिससे ई-समिट -25 नवाचार और उद्यमशीलता के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में स्थापित हुआ।

## खबर एक नजर में

### नीरजा सहाय में करियर फेयर का आयोजन




**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और सही दिशा निर्देश के लिए स्कूल की प्राचार्या किरण यादव के नेतृत्व में रविवार को करियर फेयर का आयोजन किया गया। यह करियर फेयर आर्ट एजुकेशन सर्विसेज एंड कंसल्टेंसी की ओर से आयोजित किया गया। इसमें कक्षा नवमी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस आयोजन का लक्ष्य था विद्यार्थियों को 28 यूनिवर्सिटी से परिचित कराना, ताकि वह अपने रुचि के अनुसार अपना कैरियर चुन सके और आगे बढ़ सके, साथ ही वर्कशॉप तथा करियर काउंसलिंग करना, ताकि बच्चों को आज के बदलते परिवेश में अधिक से अधिक अवसर प्राप्त हो सके। विभिन्न यूनिवर्सिटी के काउंसलर ने बच्चों को करियर चुनने का सही रास्ता बतलाया ,तथा बच्चों के अनेक शंकाओं का समाधान भी किया। इस आयोजन से बच्चे बहुत लाभान्वित हुए और निश्चित रूप से यह उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने में मददगार साबित होगा ।

### अनधिकृत रूप से कार्यालय से अनुपस्थित रहने वाले झाप्रसे अफसर पर होगी विभागीय कार्यवाही

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के तत्कालीन अवर सचिव अनिल कुमार सिंह पर विभागीय कार्यवाही चलेगी। झारखंड प्रशासनिक सेवा के इस अधिकारी ने 10 अक्टूबर 2023 से दिनांक 27 अक्टूबर 2023 तक अवकाश में रहने के उपरांत अनाधिकृत रूप से कार्यालय से अनुपस्थित रहने से संबंधित आरोप है। पूरे मामले पर आरोप पत्र तय किया गया है। इसे प्रथम दृष्टया जांच में प्रमाणित किया गया है। राज्य सरकार ने सेवानिवृत भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गणेश कुमार को विभागीय जांच संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया है। अनिल सिंह से 15 दिनों लिखित बचाव बयान मांगा गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

### सीमा क्षेत्र युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तीसरे दिन युवाओं ने किया क्षेत्र भ्रमण



**रांची।** सीमा क्षेत्र युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तीसरे दिन रविवार को युवाओं को क्षेत्र भ्रमण अंतर्गत पतरातु घाटी, पतरातु डैम, पर्यटन बिहार का भ्रमण कराया गया। यहां, असम, सिक्किम, मेघालय और पश्चिम बंगाल से आए युवाओं ने नौका विहार का आनंद लिया। साथ ही पतरातू रिसोर्ट में झारखंड के स्वादिष्ट व्यंजनों का भी स्वाद लिया। इसके बाद जेल मोड स्थित संग्रहालय में युवाओं को पारंपरिक चीजों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनसे परिचित कराया गया। युवाओं ने बिरसा मुंडा म्युजियम पार्क का भी भ्रमण किया। मौके पर जिला युवा अधिकारी रांची रोशन कुमार, वाईबीएन के प्राध्यापक डॉ अंजनी कुमार और कौशल किशोर, विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव मित्तल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# राधा श्री प्रोजेक्ट्स एंड सर्विसेज एलएलपी ने लॉन्च किया सुमित्रा एनक्लेव

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हर मध्यम वर्गीय की चाहत होती है,अपने सपनों के घर की। इसी चाहत को पूरा करने के लिये डेवलपर राधा श्री प्रोजेक्ट्स एंड सर्विसेज एलएलपी ने रविवार को सुंदर विहार कोकर में लॉन्च किया सुमित्रा एनक्लेव। राधा श्री प्रोजेक्ट्स राजधानी के शीर्ष बिल्डर के रूप में अपनी जगह बनाई है। राधा श्री प्रोजेक्ट्स एंड सर्विसेज एलएलपी के निर्देशक रितेश उपाध्याय ने बताया कि यह अपार्टमेंट जी प्लस फोर होगा। इसमें 16 फ्लैट्स होंगे,जिसमें 3 बीएचके के 12 फ्लैट और 2 बीएचके के चार फ्लैट्स होंगे। उन्होंने प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि यह प्रोजेक्ट लक्जरी एवं प्रीमियम गुणवत्ता का है। इस नई परियोजना में आधुनिक जीवनशैली की सभी सुविधाए उपलब्ध होगी।

परियोजना में मंदिर, बच्चों के लिये पार्क, उद्यान, छत के ऊपर गजीबों, 24 घंटे सुरक्षा के साथ लोन की सुविधा सहित कई अन्य सुविधायें होगी। इस परियोजना को 18 माह मे पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि आवासीय परियोजनाओं से शुरूआत करते हुए हमारी कंपनी ने कुल 8 से अधिक परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की हैं।

उन्होंने कहा कि हम सभी परियोजनाओं को समय से पहले पूरा करने के अपने शानदार ट्रैक रिकॉर्ड पर गर्व करते हैं। इस मौके पर कंपनी के गणमान्य अतिथि एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**लॉन्चिंग के मौके पर ग्राहकों को ऑफर :** लॉन्चिंग के मौके पर चार फ्लैट की बुकिंग हुई। फिलहाल ग्राहकों को ऑफर मूल्य 4500 स्क्वायर फीट की रेट पर बुकिंग किया जा रहा है। आने वाले दिनों में यह 5000 स्क्वायर फीट पर बुकिंग किया जायेगा।

# उत्कृष्ठ कार्यों के लिए डीएसई ने किया दो शिक्षकों को सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। राजकीय कृत मध्य विद्यालय लालगुटुआ में प्रखंड स्तरीय शिक्षक समान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधीक्षक बदल राज उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के विकास में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक ही समय एवं विकसित समाज के संस्थापक हो सकते हैं। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए मवि लालगुटुआ के हेडमास्टर और डीडीओ अनिल कुमार राय ने 8वीं बोर्ड की परीक्षा एवं शिक्षक पुरस्कार के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को धन्यवाद दिया। सम्मान समारोह में नगड़ी प्रखंड की ओर से उत्कृष्ट कार्यो के लिए मध्य विद्यालय चिपरा की शिक्षिका शीला कुमारी एवं प्राथमिक विद्यालय देवरी के शिक्षक संजय कुमार को डीएसई और डीडीओ द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही 8वीं प्री बोर्ड की परीक्षा में पूरे प्रखंड में फर्स्ट, सेकेंड एवं थर्ड स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार दिया गया। इनमें राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय की छात्रा अनन्या कुमारी को फर्स्ट, राजकीय मध्य विद्यालय लालगुटुआ की छात्रा एंजेल खलखो को सेकेंड एवं राजकीय मध्य विद्यालय मुड़मा की छात्रा सजदा परवीन को थर्ड पुरस्कार दिया गया। मौके पर नगड़ी के प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, जिले के सभी प्रखंडों के डीडीओ, हेडमास्टर एवं नगरी प्रखंड के बीपीओ, बीआरपी-सीआरपी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। इससे पूर्व कार्यक्रम के दौरान स्कूल की छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन स्कूल की शिक्षिका ज्योति कुमारी ने किया।

# झारखंड के जेलों में बंद सभी गैंगस्टर से होगा सवाल जवाब, एटीएस भी होगी शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के जेल में बंद सभी कुख्यात अपराधियों और गैंगस्टरों को पुलिस अब रिमांड पर लेकर उनसे लगातार पूछताछ करेगी। हर जिले में पूछताछ में झारखंड एटीएस की टीम भी शामिल होगी।

**क्या है पूरा मामला**

झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोहों की गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए अब जेल में रहकर भी अपने गिरोह का संचालन करने वाले सभी गिरोह के सरगनाओं से लगातार पूछताछ की जाएगी। इसकी शुरूआत भी कर दी गई है। हाल ही में कुख्यात अमन साव और सुजीत सिन्हा से पूछताछ कर कई जानकारियां हासिल की गई हैं। सबसे खास बात यह है कि हर बड़े अपराधी और गैंगस्टर से पूछताछ के दौरान झारखंड एटीएस की टीम भी मौजूद रहेगी।

झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि डीजीपी झारखंड ने निर्देश जारी किया है कि राज्य के हर जिले की जेलों में बंद बड़े अपराधियों से लगातार पूछताछ की जाए। इसके तहत जिला पुलिस की ओर से काम शुरू कर दिया गया है। इस काम के लिए सभी जिलों को कोर्ट में रिमांड के लिए अनुरोध करने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि जहां भी कोई मामला होगा, वहां स्थानीय पुलिस पूछताछ करेगी। गिरोहों पर नियंत्रण के लिए हर जिले की पुलिस उन मामलों का अध्ययन कर रही है, जिसमें हर बार किसी बड़े अपराधी का नाम आता है। हर जिले से ऐसे अपराधी का ब्योरा मिलने के बाद एक जिले की पुलिस कोर्ट में अपील कर बड़े अपराधी को रिमांड पर लेगी और झारखंड के हर जिले की पुलिस उससे पूछताछ भी करेगी। जहां उसके खिलाफ नए मामले दर्ज किए गए हैं। चूंकि संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ झारखंड एटीएस को भी तैनात किया गया है, इसलिए वहां एटीएस भी मौजूद रहेगी।

**सुजीत सिन्हा से हुई पूछताछ**

झारखंड एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि रांची जिला पुलिस ने अपने एक मामले में सुजीत सिन्हा से पूछताछ की, जिससे काफी फायदा भी हुआ है। सुजीत सिन्हा से पूछताछ में कई तरह की जानकारी मिली है। मसलन, हाल के दिनों में उसके नए मददगार कौन हैं, उसके गिरोह में कौन-कौन नए चेहरे हैं, इसके अलावा सबसे बड़ी बात यह है कि उन लोगों के बारे में भी जानकारी मिली है जो झारखंड के बाहर से सुजीत गिरोह को हथियार सप्लाई कर रहे हैं। अब सुजीत के बयान को लेकर कई राज्यों की पुलिस से संपर्क किया गया है ताकि जिन हथियार तस्करों के नाम सामने आए हैं, उनकी जानकारी हासिल की जा सके।

## जेल में हैं कई कुख्यात अपराधी

फिलहाल झारखंड में आठ से दस संगठित अपराधी सक्रिय हैं, जिनके अधिकांश गिरोह के सरगना जेल में हैं, कुछ फरार हैं, जबकि कुछ के गैंगवार में मारे जाने के बाद भी उनके परिवार के सदस्य या उनके बेहद करीबी लोग ही उनके गिरोह को चला रहे हैं। सलाखों के पीछे बंद प्रमुख गैंगस्टरों में डॉन अखिलेश सिंह, सुजीत सिन्हा, अमन साव, अनिल शर्मा और अमन श्रीवास्तव शामिल हैं। ये सभी राज्य की अलग-अलग जेलों में बंद हैं। कुख्यात गैंगस्टर भोला पांडेय और सुशील श्रीवास्तव दोनों ही गैंगवार में मारे जा चुके हैं, लेकिन राज्य में इनके दोनों गिरोह काफी सक्रिय हैं। फिलहाल भोला पांडेय के गिरोह का संचालन विकाश पांडेय कर रहा है, विकाश भी जेल में है। सुशील श्रीवास्तव के गिरोह का संचालन उसका बेटा अमन श्रीवास्तव कर रहा था, लेकिन वह भी अब जेल में है। ऐसे कई गिरोह हैं, जिनके सरगना और पुलिस के बीच लगातार लुका-छिपी का खेल चल रहा है, इनमें प्रमुख नाम डब्लू सिंह उर्फ गौतम सिंह का है। डब्लू सिंह को पलामू का आतंक कहा जाता है। दूसरे नंबर पर गैंग्स ऑफ वासेपुर का प्रिंस खान है, प्रिंस खान फिलहाल दुबई में है और वहीं से अपने गिरोह का संचालन कर रहा है। ऐसे गिरोहों के बड़े अपराधी जो जेल में हैं, उन्हें पूछताछ की श्रेणी में रखा गया है।

# बायोम-फिएस्टा में तनावमुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ जीने की मिली सीख



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नीट यूजी के विद्यार्थियों को बायोम-फिएस्टा में तनावमुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ जीने की सीख रविवार को दी गई। गुरुनानक स्कूल के सभागार में आयोजित फिएस्टा में इंस्टीट्यूट से नीट यूजी 2025 और नीट यूजी 2026 प्रवेश परीक्षा में शामिल हो रहे विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से दूर करना था। कार्यक्रम में वंदन झा डीआइजी एसआइबी स्पेशल ब्रांच बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ प्रकाश कुमार, कार्डियोलॉजिस्ट (रिम्स) के साथ बायोग के एमडी पंकज सिंह मौजूद थे। एमडी पंकज सिंह ने कहा कि परीक्षा से पहले विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहना जरूरी है। परीक्षा में बेहतर मनोस्थिति के साथ शामिल हो सके इसके लिए एक माह पहले तेयारी पूरी कर लेनी होगी, पढ़ाई को लेकर कठिन परिश्रम करना जितना जरूरी है, उतनी ही परीक्षा से पहले धेर्य, सकारात्मकता और आत्मविश्वास बनाये रखना जरूरी है।

**विभिन्न टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 27 विद्यार्थी हुए सम्मानित**

इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित टार्गेट बेच टेस्ट, फ्रेशर्स बेच टेस्ट और फाउंडेशन बेच के टेस्ट में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले 27 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 03 विद्यार्थी को लैपटॉप उपहार स्वरूप भेंट किया।

# महाशिवरात्रि को लेकर बैठक निकलेगी भव्य शिव बारात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पहाड़ी मंदिर के प्रांगण स्थित रविवार को श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) की बैठक हुई। बैठक में 26 फरवरी को होने वाले महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार से शिव बारात निकालने हेतु चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से संस्थापक नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा की श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी (मुख्य द्वार) हर साल की भांति इस साल भी पहाड़ी मंदिर से सबसे पहला बारात महाशिवरात्रि के दिन निकालेंगी। जिसमें कि विभिन्न प्रकार की झांकी, ताशा ढोल नगाड़ा के साथ भव्य कार्यक्रम भी होगा।

पहाड़ी मंदिर के पास स्टेज बनाकर सभी का स्वागत भी किया जाएगा । यह शिव बारात पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार से पूजन कर शुरू होगी जो हरमू रोड शनि मंदिर, बकरी बाजार, काट सराय रोड, कोतवाली थाना रोड, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक से वापस घूमते हुए शहीद चौक, अप्पर बाजार स्थित गांधी चौक, महावीर चौक, ग्वाल टोली, रातू रोड स्थित न्यू मार्केट चौक, दुर्गा मंदिर रातू रोड, होते हुए पिस्का मोड़ स्थित विश्वनाथ मंदिर पहुंचेगी। जहां पर शिव बारातीयों का विश्वनाथ मंदिर समिति के द्वारा स्वागत कर भगवान शिव और माता पार्वती के स्वरूप का विधिवत विवाह संपन्न होगा।

इस बैठक में मुख्य रूप से शैलेश्वर दयाल सिंह,निवर्तमान अध्यक्ष गुलशन मिड्ढा,जीतू अरोड़ा, राजू काटपाल, विनय सिंह, जीतू साहू, बिप्तू सिंह, मोनू शर्मा, नीलू सिंह, बिना सिंह, संध्या देवी, गीता देवी, रंजू देवी,राहुल सिंह, संजय कुमार सिंह, अशोक यादव,टीके मुखर्जी, सुनील यादव, विकास सिंह, अमूल्य कुमार सिंह,सुनीता मुंडा, गजेंद्र सिंह, अमन ठाकुर, अजीत सिंह टिंकू, मोहन गोस्वामी, कंचन महाराज, अविनाश कुमार, राकेश सिंह चंदेल, विक्रांत कुमार, अमित कुमार साहू, मधुकर सिंह , हर्ष कुमार सहित अनेकों पहाड़ी बाबा के भक्तजन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के भारत रंग महोत्सव 2025 का उद्घाटन आसिफ एकराम ने शौर्य सभागार में किया

## रंगमंच का एक ऐतिहासिक उत्सव 2 फरवरी से 7 फरवरी 2025 तक मनाया जाएगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) ने रविवार को शौर्य सभागार, डोरंडा, रांची में अपने प्रमुख आयोजन भारत रंग महोत्सव (बीआरएम), भारत के अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच उत्सव, के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया।

प्रेमपूर्वक 'भरंगम' कहा जाने वाला बीआरएम दुनिया का सबसे बड़ा रंगमंच उत्सव है, जिसने 2024 में सफलतापूर्वक 25 वर्ष पूरे किए। इस अनूठी पहल के माध्यम से, एनएसडी उत्सव की पहुंच को और विस्तारित कर रहा है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह पहल पिछले वर्ष की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम, वंदे भरंगम' पर आधारित है।

कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में आसिफ एकराम, आइएएस, निदेशक, संस्कृति निदेशालय, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार, रांची ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, विशिष्ट अतिथि रहे, जबकि अब्दुल कादिर शाह, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) के संकाय सदस्य, ने सत्र की अध्यक्षता की।





**मुख्य अतिथि के रूप में आसिफ एकराम ने कहा :** मैं अत्यंत हर्षित हूँ कि भारत रंग महोत्सव हमारे शहर में हो रहा है। यह रांची के लिए एक सुनहरा अवसर है कि वह उच्च स्तरीय रंगमंच की उत्कृष्टता का साक्षी बने-जहां प्रस्तुतियाँ केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि गहरी संवेदनाएं और सार्थक संदेश भी लेकर आती हैं। बीआरएम 2025 रंगमंच की असीमित कला के माध्यम से लोगों को एकजुट करने का उत्सव है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए अजय मल्कानी, एनएसडी के पूर्व छात्र और अकादमिक परिषद के सदस्य, ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

एक अभिव्यक्ति, सर्वोच्च सृजन- भारत रंग महोत्सव 2025 का यह नारा रचनात्मक अभिव्यक्ति में एकता और समरसता का संदेश देता है। प्रसिद्ध अभिनेता और एनएसडी के पूर्व छात्र राजपाल यादव को इस वर्ष के रंग दूत (उत्सव राजदूत) के रूप में नामित किया गया है। यह उत्सव झारखंड सरकार के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा कार्य विभाग के सहयोग से 7 फरवरी 2025 तक शौर्य सभागार, डोरंडा, रांची में जारी रहेगा।

## खबर एक नजर में

### तुपुदाना क्षेत्र में अवैध धंधेबाजों की चांदी, माफिया तत्वों का पुलिस से सांठगांठ की आशंका

**रांची।** राजधानी रांची के तुपुदाना क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों से अवैध धंधा धड़ल्ले से जारी है। माफिया तत्वों का पुलिस प्रशासन के साथ सांठगांठ की बात कही जा रही है। तुपुदाना क्षेत्र में अवैध रूप से नकली शराब, जुआ, ब्राउन शुगर, अफीम की खेती की जा रही है। खबर है कि पुलिस थाना के आस-पास भी जुआ व नकली शराब की बिक्री हो रही है। वहीं, दूरदराज इलाके में अवैध क्रशर चल रहा है। अवैध रूप से बालू का धंधा भी चल रहा है। सूत्रों के अनुसार क्रशर का धंधा पुलिस और पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के लिये वसूली का जरिया बना हुआ है। तुपुदाना क्षेत्र में चल रहे अवैध क्रशर को ना तो पुलिस पकड़ रही है और ना ही खनन विभाग इस पर कोई कार्रवाई कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक पीएलएफआइ उग्रवादी तुपुदाना इलाके के क्रशर व्यवसायियों से लेवी लेते हैं। कई कारोबारी हर महीने बंधी-बंधाई रकम की लेवी देते हैं। उग्रवादियों द्वारा क्रशर व्यवसायियों से 5 से 10 हजार रुपये प्रतिमाहए बड़े व्यवसायियों व जमीन कारोबारियों से 20 से 50 हजार रुपये हर महीने तक की लेवी वसूली जाती है। पुलिस भी माफिया तत्वों को मौन संरक्षण दे रही है। इलाके के सतरंगी बाजार में खुलेआम हब्बा डब्बा का खेल चल रहा है। सूत्रों के अनुसार नकली शराब का कारोबार करना वाला रैकेट फिर से सक्रिय हो गया है।

### लोकार्पण को तैयार सीमापाइडर

**रांची।** रतन कुमार महतो सत्यार्थी द्वारा लिखित पुस्तक सीमापाइडर लोकार्पण को तैयार है। कुड़माली में यह पुस्तक यात्रा वृतांत की है। झारखंडी भाषा में यात्रा वृतांत बिधा में काम कम हुआ है। स्थानीय साहित्य के एक विधा को इसमें रूप दिया गया है। देश के विभिन्न स्थानों का यात्रा वर्णन सचित्र इसमें है। आशा है यह पुस्तक जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के विद्यार्थियों के लिए यह पुस्तक उपयोगी सिद्ध होगी।

### एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची।** एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रविवार को होटल सरताज में किया गया। मौके पर नृत्य, गायन एवं चित्रांकन का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के कई स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय उन्नयण विकास केन्द्र और सांस्कृतिक कार्य निदेशालय पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कुद एवं युवा कार्य विभाग झारखण्ड सरकार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवेन्द्र कुमार सिंह जिला- कला खेल पदाधिकारी रांची विशिष्ट अतिथि सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखण्ड सरकार के मनीष कुमार सर्वे सहायक प्रशाखा पदाधिकरी, मनोज कुमार राहुल कुमार और राष्ट्रीय उन्नयण विकास केन्द्र, रांची के सचिव सह समाज सेवी दानिश इकबाल ने सभी सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस मौके पर फैयाज अंसारी यासिन अंसारी, मो० राशिद ,सचिव राष्ट्रीय उन्नयण दानिश इकबाल मौजूद थे।

### दिल्ली में संजय सेठ ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**रांची।** नई दिल्ली के आदर्शनगर विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया भी साथ थे। इस जनसंपर्क में आमजनों ने कहा कि आप ने दिल्ली के 11 साल बर्बाद कर दिये। केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली को 50 साल पीछे धकेल दिया है। उन्होंने भाजपा को वोट देकर विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि दिल्ली के विकास मोदी की गारंटी है।

### आई एजुकेशनलाइज ने आयोजित किया प्रिंसिपल्स कॉनक्लेव

**रांची।** आई एजुकेशनलाइज संस्था ने राजधानी के पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित किया। प्रिंसिपल्स कॉनक्लेव में 50 प्रिंसिपल्स शामिल हुए। इस कार्यक्रम में टॉपमॉस्ट यूनिवर्सिटीज ने अपना प्रजेंटेशन दिया। जिसमें गीतम यूनिवर्सिटी, एलायंस यूनिवर्सिटी, एमआईटी डब्लू पी यू, आई सी एफ ए आई और महिंद्रा यूनिवर्सिटी शामिल हुए। इस कार्यक्रम मे सुभाष राय ( पूर्व प्राचार्य टौरियन वर्ल्ड ) , परमजीत कौर ( प्राचार्य सरला बिरला), आर के झा ( प्राचार्य डीपीएस रांची), नीरज सिन्हा ( प्राचार्य फिरायला पब्लिक स्कूल), राजेश पिल्लई ( प्राचार्य कैराली पब्लिक स्कूल), तरुण घोष ( प्राचार्य डीएवी बरियातू), खुशबू झा ( प्राचार्य जेके इंटरनैशनल स्कूल) , प्रियमदा मैम ( प्राचार्य कलकत्ता पब्लिक स्कूल), स्वामी मुक्तरथ ( योगाचार्य आई ए एस सोसायटी रांची), अजय झा ( रांची के जाने माने अंग्रेजी के विद्वान)और डॉ अभिमन्यु मिश्रा ( अकादमिक डायरेक्टर जेके इंटरनैशनल स्कूल, बिहार और झारखण्ड) और नेशनल कन्वेनर हेतुकर झा ने भाग लिया। एजुकेशनलाइज के फाऊंडर शिखा ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन बिहार झारखंड में होते रहेगा ताकि यहां के बच्चों के अपनी प्रतिभा दिखाने का अधिक से अधिक अवसर मिले। मौके पर वीके धीमन और सामंत भी मौजूद रहे।

### ललित नारायण मिश्रा कॉलोनी सरस्वती पूजा समिति ने आयोजित किया प्रतियोगिता

**रांची।** ललित नारायण मिश्रा कॉलोनी सरस्वती पूजा समिति ने रविवार को कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। मौके पर बच्चों के लिये ड्राइंग ,कविता पाठ,डॉस सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी विजेताओं को समाजसेवी अवधेश ठाकुर ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विशाल सिंह ,शैलेश त्रिपाठी ,पीयूष ठाकुर , विक्की सिंह और कॉलोनी के लोग उपस्थित थे।

## रॉक गार्डेन में ऑन द रॉक्स का दिखा फैशन में जलवा



**रांची।** कांके रोड स्थित रॉक गार्डन में फैशन शो का जलवा देखने को मिला। यहां फैशन डिजाईरो ने ऑन द रॉक्स में मेराकी फैशन शो का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के चुनिंदा डिजाइनरों ने अपने डिजाइन को शोकेस किया। इसमें खास आकर्षण राज्य की बेहतरीन डिजाईनर सुरभि लाल का जूट का डिजाइन था। पैशन शो के दौरान उन्होंने कपड़े और जूते के इस्तेमाल से बेहतरीन डिजाइन पेश किया। टेक्सटाइल डिजाइन में उन्होंने डेनिम जींस, सिल्क, नेटवेयर भी शोकेस किया। सुरभि ने बताया कि उन्होंने अपने डिजाइन में हजारीबाग की चर्चित सोहराय कलाकार रूना देवी की मदद से झारखंड की कला और समृद्ध विकसित को भी दशार्ने का प्रयास किया है। मेराकी फैशन शो के आयोजन सुमंगल नाग एवं अन्य डिजाइनरों ने भी अपने डिजाइन शोकेस किये। रॉक गार्डन में आयोजित इस फैशन शो में कपड़ों की अलग-अलग डिजाइन फैशन डिजाइनरों ने पेश किया।

## झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय में मनी बिहार लेनिन अमर शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय में बिहार लेनिन अमर शहीद जगदेव प्रसाद जी की जयंती मनायी गयी। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद जगदेव बाबू आज के दिन भी प्रासंगिक है। उनका एक कथन है कि पहली पीढ़ी मारी जायेगी, दूसरी पीढ़ी जेल जायेगी और अंतिम पीढ़ी राज करेगी। पिछड़े शोषित वंचितों एवं गरीबों की लड़ाई आजीवन लड़ने वाले सामंती शक्तियों को धूल चटाने के लिए आज बहुत ही श्रद्धा के साथ इनको याद किया जाता है। वक्ताओं ने कहा कि इनकी लड़ाई को लड़ने वाले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को भी निशाने पर लिया गया। आज संकल्प लेने की जरूरत है कि इनके बताये हुए रास्ते पर चलकर सबों के मान सम्मान दिलाने की लड़ाई लड़ना समय की मांग है। आज भी सामंतवादी विचारधारा के लोग सक्रिय है। आज के कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र महतो, शैलेंद्र शर्मा, सुरेंद्र प्रसाद, रंजन कुमार, रामभजन यादव, विजय यादव, नवीन कुमार, विशाल कुमार, कमलेश यादव, मंतोष यादव, सब्बर फातमी, सुबोध पासवान, क्षितिज मिश्रा, रामकुमार सहित काफी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। उक्त जानकारी राजद के रांची जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने दी।


## नि:शुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**रांची।** गरुड़ आई हॉस्पिटल, पुंदाग (अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड) में जरूरतमंदों के लिए नि:शुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपनी आंखों और दांतों की जांच व उपचार का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की सभी समस्याओं का समाधान किया और आवश्यक परामर्श भी दिया। गरुड़ आई हॉस्पिटल के को-फाउंडर और डायरेक्टर अमित कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण और सुलभ चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना है। यह शिविर इसी संकल्प का हिस्सा है, जिससे जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क उपचार मिल सके। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ मीनाक्षी सिंह ने बताया कि शिविर में दांतों की सभी समस्याओं का समाधान किया गया, साथ ही दंत स्वच्छता, उपचार और परामर्श की नि:शुल्क सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा- हम लोगों को दंत स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि वे अपने दांतों की सही देखभाल कर सकें।

## गुरुकुल द्रोणा स्कूल का मना वार्षिक महोत्सव

**रांची।** कटहल मोड स्थित गुरुकुल द्रोणा स्कूल का चौथा वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में प्ले ग्रुप से क्लास 5 तक के सभी बच्चों ने भाग लिया। डायरेक्टर उमेश प्रसाद और प्रिंसिपल ऊषा प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर अतिथि डॉक्टर ए के सिंह बच्चों के भविष्य को उज्जवल रखने के लिए मोबाइल से दूर रहने की बात कही। समाजसेवी प्रमोद लाल, एवीएन राकेश चौधरी ने भी बच्चों का हौंसला बढ़ाया और पुरस्कार देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। बच्चों ने मौके पर मोबाइल से दूर कैसे रहा जाये इस विषय पर नाटक का मंचन किया।

## श्री श्याम मन्दिर का 20वां स्थापना दिवस मना



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मण्डल द्वारा निर्मित श्री श्याम मन्दिर का 20वाँ स्थापना दिवस रविवार को अत्यन्त उत्साहपूर्ण वातावरण में धूम धाम से आयोजित किया गया । प्रातः श्री श्याम प्रभु की श्रृंगार आरती के प९ात श्री श्याम प्रभु व गौ माता के जयकारों के बीच श्री श्याम मण्डल के सदस्यों के बड़ी संख्या में हरमू रोड स्थित गौ शाला में गौ पूजन कर सैंकड़ों गौ माताओं को गुड़ , रोटी , हरी सब्जी , दलिया इत्यादि अत्यन्त श्रद्धा भाव से खिलाया गया। रात्रि 8 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चन्द्र प्रकाश बागला , धीरज बंका ,सुमित पोद्दार , राजेश सारस्वत का सहयोग रहा ।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स मीट जूबिलेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार में आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी विद्यालय की पहचान उसके विद्यार्थियों के द्वारा प्राप्त अंकों से ही नहीं , बल्कि उनके सर्वांगीण विकास के लिए किए गए प्रयासों और परिणामों से होती है। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन विशाल कुमार सिंह ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान देना हमारा उद्देश्य नहीं,बल्कि उनमें अंतर्निहित संभावनाओं को प्रकटीकरण का अवसर प्रदान करना भी हमारा संकल्प है। विद्यालय प्रबंधन के सचिव कुणाल कुमार सिंह ने कहा कि खेलकूद और योग का अभ्यास बच्चों की बौद्धिक क्षमता को कारगर तरीके से इस्तेमाल करने की चेतना जागृत करता है। प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने अतिथियों का स्वागत एवम विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी का विस्तार किया गया

**रांची।** श्री राधा कृष्ण मंदिर कृष्ण नगर कॉलोनी कमेटी का विस्तार रविवार को किया गया। जिसमें आजीवन मुखी राधेश्याम किंगर सह मुखी मनोहर लाल जसूजा ,आयोजक चंद्रभान तलेजा ,संयोजक रामचंद्र तलेजा, संरक्षक मदन मोहन तलेजा, ओमप्रकाश बरेजा, ब्रजमोहन सिडाना, रमेश तलेजा, सुशील गेरा, संतोष चौधरी और इंद्र लाल घई का चुनाव मंदिर कमेटी के द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी अरुण जैतूनिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि बड़े ही धूमधाम से बनाने का निर्णय लिया गया। महाशिवरात्रि के पूर्व भव्य शोभा यात्रा मंदिर परिसर से निकाली जाएगी जो कृष्णा नगर कॉलोनी की विभिन्न गलियों से होते हुए वापस श्री राधा कृष्ण मंदिर में विसर्जित होगी एवं उसके उपरांत भक्तों के बीच में मंदिर कमेटी के द्वारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नंदकिशोर अरोड़ा, देवराज मनुजा, विकास घई और रोहित तलेजा उपस्थित रहे।

## झारखंड आंदोलनकारी कुमुद वर्मा की आजसू पार्टी में घर वापसी

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी कुमुद वर्मा ने अपनी राजनीतिक घर वापसी करते हुए आजसू पार्टी की फिर से सदस्यता ग्रहण कर ली। उनके साथ चडरी सरना समिति के महासचिव एवं समाजसेवी सुरेंद्र लिंडा और महादेव टोप्पो ने भी आजसू पार्टी का दामन थामा। इसके अलावा कांटाटोली के सामाजिक कार्यकर्ता मो. तौफीक ने भी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ली।

इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते कहा कि युवाओं का राजनीति में सक्रिय भागीदारी लेना और झारखंड के बेहतर भविष्य के निर्माण में उनका योगदान सुनि⁄ित करना, उनकी प्राथमिकताओं में है। युवा न केवल परिस्थितियों को बदल सकते हैं बल्कि सही दिशा में प्रयास कर झारखंड की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तस्वीर भी बदल सकते हैं। आजसू पार्टी झारखंड के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रतिबद्ध है।

# श्याम मंदिर में बसंत पंचमी उत्सव संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में बसंत पंचमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रविवार सुबह 5:30 बजे की मंगला आरती में भक्तों की काफी भीड़ थी । इसके बाद मंदिर के मंड के पर्दे लगाकर मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में मंदिर के आचार्य ने बाबा श्याम का बसंत पंचमी स्नान विधिवत रूप से करवाया। खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर के परंपरा के अनुसार हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भी आज बाबा का महास्नान उत्सव संपन्न हुआ। कोलकाता बेंगलुरु से मंगाए गए बसंती पीला रंग के फूलों से बाबा का बसंती श्रृंगार किया गया। बाबा श्याम को दूध दही गंगाजल शहद इत्र के मिश्रण से स्नान करवा कर



रूह मसाज किया गया। बाबा का बसंती पोशाक बागा लेने के लिए भक्तों की भीड़ सुबह से ही हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में दिख रही थी।

इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया,मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ,मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ,कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, राजेश चौधरी ,वेद भुषण जैन, पप्पू रोशन खेमका,दिनेश अग्रवाल, किशन शर्मा ,आशुतोष खैतान मौजूद थे। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# साहस से भरा बजट

वित्त मंत्री द्वारा पेश किए बजट को उद्योग जगत ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और उसे साहसिक बताया है। बजट खपत आधारित वृद्धि को बढ़ावा देगा। वित्त मंत्री ने खपत आधारित वृद्धि का नेतृत्व करने के लिए मध्यम वर्ग पर अपना भरोसा जताया है। साथ ही, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई), स्टार्टअप और निर्यात की क्षमता को खोलने पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित किया गया है। संशोधित उड़ान योजना के तहत अगले दशक में 120 नए गंतव्यों को शामिल किया जाएगा तथा चार करोड़ अतिरिक्त यात्रियों को इससे जोड़ा जाएगा। बुनियादी ढांचे में सुधार होगा और शासन व्यवस्था बेहतर होगी। मेक इन इंडिया पहल के तहत एक नया विनिर्माण मिशन, व्यापक नीति समर्थन और विस्तृत रूपरेखा के माध्यम से छोटी और मझोली इकाइयों (एसएमई) और बड़े उद्योगों को समर्थन देगा, जिससे सौर पीवी सेल, इलेक्ट्रोलाइजर और ग्रिड-स्केल बैटरी के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होगा। वेतनभोगी पेशेवरों के लिए 12.75 लाख रुपये तक की सालाना आय कर मुक्त करने के प्रस्ताव से भी खपत को बढ़ावा मिलेगा। बीमा क्षेत्र की कंपनी पॉलिसी बाजार की मूल कंपनी पीबी फिनटेक समूह के संयुक्त समूह सीईओ सरबवीर सिंह ने कहा कि बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देना एक बड़ा बदलाव है। इससे दुनियाभर के निवेशकों को भारत में निवेश करने का मौका मिलेगा और बीमा क्षेत्र का विस्तार होगा। केंद्रीय बजट को विकासोन्मुख, सुधार केंद्रित और राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि इसमें अर्थव्यवस्था और समाज के सभी वर्गों की जरूरतों का ध्यान रखने, समावेशी वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक हस्तक्षेप किया गया है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

**मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9**

**वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9**

**मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8**

**कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9**

**सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9**

**कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9**

**तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9**

**वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8**

**धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9**

**मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8**

**कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7**

**मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9**

# पाठ्यक्रमों में बदलाव भी बन गया सत्ता पाने का हथियार

कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्दारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोंपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे।


देश के नेताओं ने सत्ता पाने के लिए शिक्षा को भी राजनीतिक हथियार बनाया है। सत्ता बदलते ही नेता अपनी विचाराधारा के हिसाब से स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में बदलाव करके वोट बैंक को पक्का करने की जुगत में लगे रहते हैं। विद्यार्थी इन सब के बीच फुटबाल बने रहते हैं। उन्हें वही पढ ?ा होता है जोकि सरकारें उन्हें पाठ्यक्रमों के जरिए पढ़ाती हैं। बेशत तथ्य तोड़मरोड़ कर ही क्यों न पेश किए जाएं। हालात यह है कि सत्ता में बदलाव के साथ पाठ्यक्रम भी बदलते रहते हैं। देश में शिक्षा में इस तरह के बदलाव पर लंबे अर्से से बहस छिड़ी हुई है। राजनीतिक दल बदलाव को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं।

इसी कड़ी में नया विवाद कर्नाटक में हुआ है। कर्नाटक यूनिवर्सिटी की किताब के सेलेबस को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि इसमें गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया। कर्नाटक विश्वविद्यालय के अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के पहले सेमेस्टर की किताब में ऐसा कंटेंट लिखा गया है, जिससे भारत की एकता बाधित होती है। कथित तौर पर सेलेबस में संघ परिवार, राम मंदिर के निर्माण और भारत माता आदि की आलोचना की गई थी और कुछ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। सेलेबस में आरएसएस की आलोचना करने के लिए बार-बार संघ परिवार जैसे शब्दों का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले जब कर्नाटक में भाजपा की सरकार थी तब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर इसी तरह के आरोप लगाए गए थे।

कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्दारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोंपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे। इस दावे की पुष्टि करते हुए सरकार ने कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए संशोधनों को दिखाने के लिए 200 पृष्ठों की किताब भी जारी की थी, जिसमें पाठ्यपुस्तकों में हिंदू देवताओं और ऐतिहासिक आंकड़ों को गलत तरीके से पेश किया गया। भाजपा का आरोप था कि विजयनगर के शासकों, मैसूर राजाओं



वडियारों, राष्ट्र कवियों कुवेम्पु, बेंगलुरु के संस्थापक केम्पेगौड़ा और सर एम विश्वेश्वरैया पर अध्यायों को या तो हटा दिया गया या उन पर सामग्री कम कर दी गयी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने टीपू सुल्तान, मोहम्मद गजनी, हैदर अली और मुगलों का बखान किया। सत्ता में आने पर भाजपा ने टीपू, हैदर अली, गजनी और मुगलों पर अध्यायों को अब हटा दिया और स्वतंत्रता सेनानियों तथा मराठा शासक शिवाजी और केम्पेगौड़ा जैसी ऐतिहासिक शख्सियतों को पाठ्यपुस्तकों में प्रमुखता दी गई।



**- योगेन्द्र योगी**

> वर्ष 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से यह तीसरी बार है जब सरकार ने पाठ्यपुस्तक संशोधन की कवायद की। इससे पहले 2017 और 2019 में पाठ्यपुस्तकों में संशोधन किया गया था। हटाए गए खंडों में मुगलों पर एक पूरा अध्याय शामिल है, जो एक मुस्लिम राजवंश था, जिसने भारत पर 200 वर्षों तक शासन किया और भारत के संस्थापक पिता मोहनदास करमचंद गांधी द्वारा हिंदू-मुस्लिम एकता की खोज की चर्चा से संबंधित पाठ को हटाया गया।

राजनीतिक नजरिए से पाठ्यक्रमों में राज्य ही नहीं केंद्र में जो भी सरकार सत्ता में रही उसने अपनी दलीलों के साथ बदलाव किए हैं। यह सब किया जाता है देशहित और संस्कृति-सभ्यता के इतिहास को बचाने के नाम पर। वर्ष 2019 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 12वीं के राजनीति विज्ञान पाठ्यपुस्तक में गुजरात दंगों के बारे में अध्याय जोड़ दिया गया। इस अनुच्छेद में दो परिवर्तन किये गये। अनुच्छेद में शामिल शीर्षक मुस्लिम विरोधी गुजरात दंगे को बदलकर गुजरात दंगे कर दिया गया। इसी अनुच्छेद के पहले वाक्य से मुस्लिम शब्द भी हटा दिया गया। अनुच्छेद के शीर्षक के अलावा अनुच्छेद के अन्दर के पाठ को नहीं छुआ गया। गुजरात में भाजपा शासन के दौरान 2002 में हुए मुस्लिम विरोधी गुजरात दंगों का संदर्भ पाठ्यपुस्तकों से हटा दिया गया है, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान हुए सिख विरोधी दंगों को बरकरार रखा गया।

वर्ष 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से यह तीसरी बार है जब सरकार ने पाठ्यपुस्तक संशोधन की कवायद की। इससे पहले 2017 और 2019 में पाठ्यपुस्तकों में संशोधन किया गया था। हटाए गए खंडों में मुगलों पर एक पूरा अध्याय शामिल है, जो एक मुस्लिम राजवंश था, जिसने भारत पर 200 वर्षों तक शासन किया और भारत के संस्थापक पिता मोहनदास करमचंद गांधी द्वारा हिंदू-मुस्लिम एकता की खोज की चर्चा से संबंधित पाठ को हटाया गया। गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की ब्राह्मण उत्पत्ति और भाजपा के वैचारिक संरक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर लगाए गए संक्षिप्त प्रतिबंधों को सुविधाजनक रूप से हटा दिया गया, जैसा कि 2002 के गुजरात में हुए सांप्रदायिक दंगों को भी हटाया गया।

वर्ष 2022 में एनसीईआरटी ने स्कूलों की किताबों में बदलाव किये। इनमें प्राचीन और मध्ययुगीन काल से लेकर आधुनिक काल तक के बारे में अभी तक पढ़ाए जाने वाले कई तथ्यों को हटा दिया गया। मम्लूक, तुगलक, खिलजी, लोधी और मुगल साम्राज्य समेत सभी मुस्लिम साम्राज्यों के बारे में जानकारी देने वाले कई पन्नों को हटाया गया। जाति व्यवस्था से भी जुड़ी काफी जानकारी को हटा दिया गया, जैसे वर्ण प्रथा वंशानुगत होती है, एक श्रेणी के लोगों को अछूत बताना, वर्ण प्रथा के खिलाफ विरोध, 2002 के गुजरात दंगे, आपातकाल, नर्मदा बचाओ आंदोलन जैसे जन आंदोलनों आदि जैसी आधुनिक भारत की कई महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में जानकारी को भी हटा दिया गया। पाठ्यपुस्तकों से विवादास्पद हटाए गए तथ्यों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा था कि भाजपा-आरएसएस पाठ्यपुस्तक की सामग्री बदल सकते हैं, लेकिन वे इतिहास को नहीं मिटा सकते।

भाजपा सरकार द्वारा पाठ्यपुस्तकों के भगवाकरण की व्याख्या करते हुए, केरल के कम्युनिस्ट पार्टी के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा था कि संघ परिवार इतिहास के निरंतर भय में रहता है क्योंकि यह उनके असली चेहरे को उजागर करता है। वे इतिहास को फिर से लिखने और उसे झूठ से ढकने का सहारा लेते हैं। संघ परिवार में आरएसएस और भाजपा सहित उसके संबद्ध संगठन शामिल हैं। रोमिला थापर और जयति घोष जैसे प्रख्यात शिक्षाविदों, जिन्होंने एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के पिछले संस्करण लिखे हैं, ने एक सार्वजनिक बयान जारी कर हटाए गए शब्दों को वापस लेने की मांग की थी।

इन बदलावों को विभाजनकारी उद्देश्यों से प्रेरित बताते हुए बयान में कहा गया कि किताबें लिखने वालों से सलाह लेने का कोई प्रयास नहीं किया गया। यह एक ऐसा निर्णय है जो भारतीय उपमहाद्वीप के संवैधानिक लोकाचार और समग्र संस्कृति के खिलाफ है।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए इतिहास के पाठ्यक्रम में अहम बदलाव किए। ये बदलाव सिंधु घाटी सभ्यता के उदय और पतन को लेकर हैं। ये बदलाव हरियाणा के राखीगढ़ी में स्थित सिंधु घाटी सभ्यता के स्थल से प्राप्त प्राचीन डीएनए के अध्ययन के आधार पर किए गए।

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

केन्द्र सरकार का यह बजट प्रगतिशील एवं भविष्योन्मुखी है। इस बजट के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा देश के विकास की गति को और बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। बजट में बिहार के लिए जो घोषणाएं की गई हैं, उनसे बिहार के विकास को और गति मिलेगी। मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार के लिए राज्य में एक मखाना बोर्ड की स्थापना से मखाना किसानों को लाभ मिलेगा। राज्य की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए बिहार में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की सुविधा प्रदान करने से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की संख्या बढ़ेगी, जिससे यहां के लोगों को काफी फायदा होगा साथ ही राज्य के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। **– नीतिश कुमार, सीएम, बिहार**

# दादा साहेब आपटे : एक कर्मशील जीवन की महानतम उपलब्धियां

**जितेन्द्र तिवारी**

## व्यक्तित्व

**एक** सौ बीस साल पहले, आज ही (2 फरवरी) के दिन शिवराम शंकर (दादा साहेब) आपटे का जन्म हुआ था। दूरद्रष्टा विद्वान और कुशल संगठनकर्ता होने के नाते ही हम सब श्रद्धापूर्वक दादा साहेब आपटे का पुण्य स्मरण करते हैं। 45 साल के अपने जीवन में दो महानतम उपलब्धियां- एक संगठन और एक संस्थान की स्थापना का अनुपम कार्य, इसके चलते वे कालजयी रहेंगे। भारत में भारतीय भाषाओं की एकमात्र न्यूज एजेंसी में कार्य करने का जो गौरव हम महसूस करते हैं, 1948 में इसकी नींव दादा साहेब आपटे ने ही रखी थी। ह्यगर्व से कहो हम हिन्दू हैंह्ल- यह जयघोष जिस संगठन के माध्यम से विश्वव्यापी हुआ, 1964 में विश्व हिन्दू परिषद् की स्थापना के शिल्पी भी दादा साहेब आपटे ही थे।

दादा साहेब आपटे के व्यक्तित्व और कृतिव्य को एक लेख या कुछ सौ शब्दों में व्यक्त या प्रस्तुत कर पाना असंभव सा कार्य है। वह भी ऐसा जीवन जिसमें एक समय के बाद बहुत व्यापक परिवर्तन हुआ हो। गुजरात के वडोदरा के एक कुलीन परिवार में 02 फरवरी 1905 को जन्में शिवराम शंकर आपटे 35 वर्ष की आयु तक जीवन की एक अलग धारा में तैर रहे थे। कानून की डिग्री हासिल कर वकालत करने बाम्बे गए तो एक शाही अंदाज था। सूट, बूट, हैट और सिगार वाले शिवराम शंकर को यह सौभाग्य मिला कि वे स्वातंत्र्यवीर सावरकर के सान्निध्य में चले गए। वीर सावरकर के घर किराएदार बनकर। उधर वकालत करने के बाद वे जिस पार्क में आकर बैठते थे, वहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक शाखा भी लगती थी, जिसके चलते वे आबाजी थत्ते के संपर्क में भी आए। वीर सावरकर और संघ के सुमेल का उन पर गहरा प्रभाव पड़ा। इसी के चलते अपनी 32 वर्ष की आयु में पिताजी के निधन के बाद पारिवारिक जिम्मेदारी निभाकर ही संघ के पूर्णकालिक प्रचारक बने। हालांकि अविवाहित रहकर राष्ट्रकार्य करने का विचार तो तभी दृढ़ हो गया था जब वे नागपुर के संघ शिक्षा वर्ग में चालीस दिन तक मा.स. गोलवलकर उपाख्य श्रीगुरु जी के संपर्क में आए। यह वही संघ शिक्षा वर्ग था जिसके सर्वाधिकारी श्रीगुरुजी थे और उसी साल 21 जून को संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार का भी महाप्रयाण हुआ था। इन दो महान संगठनकताओं और शिल्पियों की आभा से प्रदीप्त शिवराम शंकर 1944 में संघ के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनकर तमिलनाडु गए और उसके बाद से लेकर 10 अक्टूबर, 1985 तक अहिर्निश देश और समाज की सेवा में समर्पित रहे।

दादा साहेब आपटे के विशाल व्यक्तित्व के बारे में खुद का विश्लेषण न कर यदि उस संगठन के प्रमुख का भाव ही पढ़ा जाए, जिसकी स्थापना उन्होंने की, तब शायद अधिक हम उन्हें अधिक जान सकेंगे। विश्व हिन्दू परिषद् के सबसे यशस्वी महासचिव और विश्व स्तर पर प्रख्यात आंदोलनकारी श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति के प्रखर नेतृत्वकर्ता श्री अशोक सिंहल ने उनका स्मरण करते हुए लिखा है- दादा आपटेजी के पत्रकारिता के क्षेत्र में हिन्दुस्थान समाचार और सामाजिक सांस्कृतिक क्षेत्र में विश्व हिन्दू परिषद् के प्रयोग जहां एक ओर नीति निर्धारकों के घट-घट में व्याप्त कूड़े-कचरे को निकालने के प्रयास थे, वहीं दूसरी ओर सामान्य जन को यह विश्वास दिलाने के लिए भी कि ये लोग ह्यविदेशी रूह से ग्रस्त हैं। इसलिए इस संक्रमण काल में ये ह्यमहाजन नहीं हैं। इस प्रकार विश्व हिन्दू परिषद् जन साधारण के स्तर पर छेड़ा गया एक महा आंदोलन है।

अशोक जी सिंहल लिखते हैं- महात्मा गांधी की हत्या का झूठा आरोप लगाकर संघ को प्रतिबंधित किया गया। आपटे जी इस बात का अनुभव करते थे कि संघ जैसे पवित्र कार्य पर बाधा आई, लेकिन राष्ट्रीय संकट के इस काल में मीडिया की भूमिका नकारात्मक रही। संघ के विरुद्ध अनर्गल और झूठे प्रचार में तत्कालीन प्रचार माध्यम सहायक बने रहे। तब उन्होंने हिन्दुस्थान समाचार नाम की भारतीय भाषाओं की संवाद समिति का निर्माण किया। इसके विस्तार के लिए वे विदेश गए। उस दौरान उनका विश्व भर में कार्य करने गए हिन्दू समुदाय के साथ निकट संपर्क आया और देश-विदेश में समस्त हिन्दुओं के संगठन की आवश्यकता पर उन्होंने सारगर्भित लेख लिखे।

संघ के तत्कालीन प्रमुख श्रीगुरुजी भी उन लेखों से प्रभावित हुए दादा साहेब आपटे जी को ही यह कार्य सौंप दिया। यह कार्य भी उन्होंने बहुत सफलता से किया और 1964 में श्रीकृष्ण जन्माटमी के दिन मुंबई के संदीपनी आश्रम में स्वामी चिन्मयानंद जी महाराज की अध्यक्षता में विश्व हिन्दू परिषद् की स्थापना हुई। यह आपटे जी के प्रयासों का ही फल था कि 1966 में प्रयागराज कुंभ में पहली ह्यविश्व हिन्दू परिषद् हुई।

# पुरस्कार और प्रशस्ति का सामाजिक महत्व

**हृदयनारायण दीक्षित**

## विचार

प्रशस्ति और सम्मान स्वाभाविक इच्छा हैं। यश अभिलाषा स्वाभाविक ही है। यश स्मृति आनन्दित करती है। जीवन में अपमान और अपयश भी होते हैं लेकिन अपयश के प्रमाण पत्र या स्मृति ग्रंथ नहीं होते। यश सम्मान के प्रमाण पत्र होते हैं। ऐसे पदधारक प्रशस्ति पत्र या पुरस्कार प्रमाण पत्र अपने कमरे में सजाते हैं। चाहते हैं कि आगंतुक उन्हें देखें, पढ़ें, हमको प्रतिष्ठित जानें। सम्मान पत्र प्रायः इतने भर के लिए ही उपयोगी हैं। कुछ प्रतिष्ठित सम्मानीय उन्हें लौटा कर एक दफा और यश याचक हो जाते हैं। ऐसा कई दफा हुआ है। पुरस्कार, प्रशस्ति या सम्मान पत्र लोकहित के प्रेरक हैं।

सर्जक पुरस्कार के लिए ही सृजन नहीं करते। वे अपनी मस्ती और अनुभूति में सृजन करते हैं। सम्बन्धित संस्थाएँ या राजव्यवस्थाएँ उन्हें पुरस्कृत करती हैं। बेशक खेल आदि के प्रतियोगी पुरस्कार या मेडल को ध्यान में रखकर भी तैयारी करते हैं लेकिन कवि, सर्जक या कला के अन्य क्षेत्रों में सक्रिय लोगों के मन में समाज को प्रेमपूर्ण बनाने की इच्छा होती है। ऐसी प्रवृत्ति स्पष्ट दिखाई पड़ती है। पुरस्कार और प्रशस्ति का सामाजिक महत्व है। ह्यसर्वभूत हितह्य से जुड़े कर्म संस्कृति हैं। लोकमंगल सामूहिक अभिलाषा है। भारत का राष्ट्रभाव सांस्कृतिक है। लोकमंगल में सबको आश्वस्ति है। वैदिक परम्परा में स्वस्तिवाचन का महत्व है। इन्द्र से स्वस्ति की प्रार्थना है-स्वस्ति नो इन्द्रः। इन्द्र कल्याण करते हैं। इन्द्र सहित सारे देव कल्याण करते हैं। कल्याण करने वाले की प्रशस्ति स्वाभाविक है। यहाँ देव शब्द हटा दें तो समाज के सुख, स्वस्ति में कर्मरत मनुष्यों की प्रशंसा होनी चाहिए, होती रही है। लोकमंगल समाज की स्वाभाविक अभिलाषा है। सुख स्वस्ति मुद-मोद-प्रमोद देने वाले महानुभावों की प्रशस्ति सामाजिक कर्तव्य है। जल जीवन है। ऋग्वेद में जल की प्रशस्ति है, ह्लजल में अमृत है, औषधियाँ हैं।ह्ल ऋषि चाहते हैं कि देवों द्वारा भी जल की प्रशंसा हो। स्तुति है कि, ह्लहे देवों जल की प्रशंसा के लिए उत्साही बनो।ह्ल पृथ्वी माता है और आकाश पिता है। ऋषि स्तुति है कि, ह्लदोनों प्रशस्ति सुनने के लिए हमारे पास आएँ।ह्ल

मुझे भारत का पद्मश्री सम्मान घोषित किया गया है। हजारों मित्र बुके लेकर आ रहे हैं। अपरिचित और परिचित मित्र फोन से बधाई दे रहे हैं। प्रशंसा सबको अच्छी लगती है। जान पड़ता है कि ऋग्वेद के देवता प्रशस्ति सुनते हैं लेकिन वे भी ह्यद्यावा पृथ्वीह्य की प्रशंसा करते हैं। प्रशस्ति का क्षेत्र समाज है। प्रशंसा से मैं भी प्रसन्न होता हूँ। मेरे 5000 आलेख प्रकाशित हो चुके हैं और 2 दर्जन पुस्तकें भी। मेरा मुख्य कार्यक्षेत्र समाज है। मैंने अनजाने में ही अहेतुक आन्दोलन संगठित किए थे। संवेदनशीलता प्रेरित करती थी। प्रशंसा से उत्साह बढ़ता था। कवि होने की क्षमता होती तो विक्षुब्ध काव्य सृजन होता। मैं लिख सकता था, सो लिखा, लिखता रहा। जो किया सो लिखा और जो लिखा सो कर गुजरा। फिर राजनैतिक दलतन्त्र का भाग बना। राजनैतिक कार्यकर्ता के पुरस्कार दलतन्त्र की कोख से आते हैं। जनता ने तरुणाई में ही पुरस्कृत किया। मैं निर्दलीय विधायक चुना गया।

दलतन्त्र में पुरस्कार और तिरस्कार साथ-साथ चलते हैं लेकिन स्तम्भकारिता के चलते अनेक सरकारी-गैरसरकारी प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार मिले। मैंने भी कुछ पुरस्कारों के प्रमाणपत्र दीवार में टांग रखे हैं। लेकिन इधर कुछ वर्षों से यह काम बंद है। ऐसे अवसरों के चित्र भी हैं। एक युवा पत्रकार ने मेरे लिखे पर पीएचडी भी की।

इस प्रशस्ति ने मुझे आत्ममुग्ध किया था लेकिन अब दीवार पर टंगे ऐसे चित्र उल्लास नहीं देते। कभी-कभी लगता है कि इन चित्रों में मैं स्वयं दीवार पर टंगा हूँ। व्यतीत। चुका हुआ। दिनांक सहित होकर भी दिनांक रहित। प्रशस्ति निःस्सन्देह प्रेरक है। यह आत्मनिरीक्षण का भी अवसर होती हैं। व्यक्ति की प्रतिष्ठा उसके अपने कर्म का ही परिणाम नहीं होती। समाज के आदर्श और परम्परा व्यक्ति पर प्रभाव डालते हैं। सूर्य चन्द्र भी प्रसाद देते हैं। ऐसे सैकड़ों कारक तत्व हैं। मुझे घोषित सम्मान व्यक्तिगत प्रयत्नों का परिणाम नहीं है।

सौभाग्यशाली अपने जीवनकाल में ही यश और प्रशंसा पाते हैं लेकिन अनेक महानुभाव जीवनकाल में प्रशंसा का सुख नहीं पाते। जीवन के बाद उन पर काव्य रचे जाते हैं, वे इतिहास का उल्लेखनीय भाग बनते हैं। तुलसी, वाल्मीकि आदि सर्जक जीवन न रहने के बाद यशस्वी हुए। सूर्यकान्त त्रिपाठी ह्यनिरालाह्य प्रशंसा का सुख नहीं पा सके। मृत्यु के बाद वे अंतरराष्ट्रीय ख्याति के कवि जाने गए। मरणोपरांत सम्मान की भी परम्परा है। यहाँ प्रश्न उठता है कि हमारा समाज अपने समकालीन महानुभावों की गतिविधि का शिव तत्व देर में क्यों पहचानता है? लगता है कि प्रशस्ति में समाज का अपना स्वार्थ होता है। सर्जक प्रायः परिवर्तनकामी होते हैं। वे समाज के बड़े और शक्तिशाली हिस्से के निहित स्वार्थ निर्वस्त्र करते हैं। शक्तिशाली वर्ग उन्हें मान्यता नहीं देता। समय के साथ सामाजिक परिवर्तन आते हैं। सर्जक के कथन सही सिद्ध होते हैं। समाज उनकी प्रशस्ति करता है। गतिशील समाज प्रेरकों की गतिविधि की प्रशंसा करते हैं लेकिन बहुधा ऐसा नहीं होता।

राजनीति में प्रशस्ति का चलन व्यापक है। हम राजनैतिक कार्यकर्ता के रूप में सम्मान कराने के लिए लम्बी यात्राएँ करते हैं। प्रशस्ति सुनते हैं, मुग्ध होते हैं। लेकिन जानता हूँ कि राजनैतिक कार्यकर्ता की प्रशस्ति अल्पकालिक होती है। पद गया तो प्रशस्ति भी गई। मंच, माला, माइक की स्मृतियाँ बचती हैं। सम्मान पत्र दीवार की जगह ही छेंकते हैं तो भी वास्तविक प्रशंसा की उपयोगिता है। वास्तविक प्रशंसा से समाज में सत्य, शिव और सुन्दर बढ़ता है। परिवार के भीतर भी ऐसी प्रशंसा का महत्व है। ऋग्वेद के एक मन्त्र में, ह्लपत्नी की प्रशंसाह्य को सुन्दर बताया गया है। यहाँ पुत्र पिता का यश बढ़ाने वाला है।

## स्पीड न्यूज

### भुरकुंडा में खुला फेमिली रेस्टोरेंट



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उत्सव मैरेज हॉल में रविवार को होटल उत्सव फेमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन लायन डॉ. राजेन्द्र महतो की माता खगेश्वरी देवी, पिता चरकु महतो, भांजी डॉली कुमारी और हेमंत कुमार महतो ने संयुक्त रूप से किया। रेस्टोरेंट की प्रोपराइटर लायन अंजू देवी ने कहा कि शादी-विवाह, रिंग सेरेमनी, बर्थ डे पार्टी, शादी का सालगिरह एवं सभी तरह के पार्टियों के लिए क्षेत्रवासी मो. 9905746368 पर सम्पर्क कर इसे बुक करा सकते हैं। हमारे रेस्टोरेंट में ठहरने के लिए किफायती दर पर रूम की व्यवस्था के साथ-साथ खाने में भेज एवं नन भेज की समुचित व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि उचित मूल्य व लजीज व्यंजनों के साथ-साथ यहां सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध है। ग्राहकों की सुविधाओं का यहां पूरा ख्याल रखा जायेगा। साथ ही ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारे प्रतिष्ठान की पहचान भी होगी। मौके पर लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन डॉ. राजेंद्र महतो, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, अशोक सिन्हा, विजयंत कुमार, अखिलेश शर्मा, विजय वर्णवाल, प्रमोद शर्मा, निर्मल अग्रवाल, डॉ. आरएन प्रसाद, कुलदीप साहु, रुपेश कुमार, अजय साहु, डब्लु, राज नायक, संगीता, अर्चना, चाहत, रिषभ राज, शिवम सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### क्रांतिकारी मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



रजरप्पा।झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष अनवर अंसारी के अगुवाई में माँ कामाख्या ट्रेडर्स लिमिटेड रजरप्पा प्रोजेक्ट को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा है. जिसमें प्रमुख मांग यह है कि कोल इंडिया नियामानुसार 75 फीसदी विस्थापित एवं प्रभावित को रखा जाए। विस्थापित एवं प्रभावित को रखा जाय. विस्थापित एवं स्थानीय को कितने रखें है। उन सब का स्थानीय प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड उपलब्ध कराया जाए एव आउड साइडर (बाहरी लोग) को कितने रखे है, उसका सूची दिया जाए। खान सुरक्षा नियमों का किन-किन नियमों का पालन कर रहे है इसकी जानकारी दिया जाए। पत्र की प्रतिलिपी परियोजना पदाधिकारी रजरप्पा, महाप्रबंधक रजरप्पा, आरएलसी रांची, थाना प्रभारी रजरप्पा एवं जिला अध्यक्ष रामगढ़ जेएलकेएम को सूचित किया गया है. मौके पर सुधीर, संतोष चौधरी, तापस, पिंटू, चितरंजन, प्रभु, अतुल आरिया, शंकर मुंडा, चुन्नीलाल नायक, तनवीर, रथों केवट आदि मौजूद थे।

### पीवीयूएन टाउनशिप में बसंत मेला शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएन टाउनशिप पटरातू में स्वर्णरेखा महिला समिति द्वारा शनिवार को बसंत मेला 2025 का आयोजन किया गया। आरईडी हाइड्रो/ईडी पीएम के गौतम देब और संयुक्त महिला समिति की वरिष्ठ सदस्य एवं नॉर्थ करणपुरा लेडीज क्लब की अध्यक्ष बिपाशा देब मुख्य रूप से उपस्थित थीं। पीवीयूएन के सीईओ आरके सिंह और रीता सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। मेले का शुभारंभ गौतम देब ने केक काटकर किया। इस वर्ष मेले की थीम एकता में विविधता रखी गई जो भारतीय संस्कृति की समृद्धि और एकजुटता को दर्शाती है। मेले में 25 स्टॉल्स लगाए गए हैं। जिसमें खाद्य पदार्थों, कला, हस्तशिल्प और खरीदारी की रंग-बिरंगी दुकानों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें ऑर्केस्ट्रा और लोक नृत्य के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कहा गया कि बसंत मेला न केवल मनोरंजन का माध्यम बना। बल्कि इसने सांस्कृतिक एकता, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक सौहार्द का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले लगभग 150 गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह और सुंदर नगर पंचायत की मुस्कान परवीन ने गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण किया। डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है जो निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने गरीबों की सेवा में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिन्कु वर्णवाल, आरपी राणा, उदयभान दुबे, शिवकुमार यादव, रंजीत यादव, इम्तियाज अली, लखन राम, लालू उरांव, सुकरा करमाली, गौतम अग्रवाल, संजू सिन्हा, बीरेंद्र पांडेय आदि का विशेष योगदान रहा।

# सांसद मनीष जायसवाल ने 101 गरीब बेटियों का कन्यादान कर रचा इतिहास

**सांसद ने सभी जोड़े को उपहार दिये लहंगे, कोर्ट-पेंट और स्कूटी**

अभय कुमार सिंह





**हजारीबाग।** राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम भी हो सकती है। यह सिद्ध कर दिखाया है हजारीबाग के जनप्रिय सांसद मनीष जायसवाल ने। जब देश की राजनीति वादों और आरोपों में उलझी रहती है, तब एक नेता ऐसा भी होता है जो निर्धन कन्याओं के लिए पिता की भूमिका निभाता है और उनके सपनों को हकीकत में बदलता है। 2023 में 25 गरीब बेटियों की शादी करवाने के बाद 2025 में मनीष जायसवाल ने 101 बेटियों का कन्यादान कर इतिहास रच दिया। यह कोई साधारण आयोजन नहीं था, बल्कि हजारीबाग स्टेडियम में समाज सेवा का एक दिव्य उत्सव था। भव्य वेदी, दुल्हनों की चमकती मुस्कान और हजारों लोगों की शुभकामनाओं से गूंजता माहौल। यह सामूहिक विवाह हजारीबाग के लिए सच्चे लोकउत्सव में बदल गया। गरीब परिवारों के लिए बेटी की शादी किसी चुनौती से कम नहीं होती।

जायसवाल ने इस दर्द को समझा और खुद आगे बढ़कर 101 बेटियों को दुल्हन बनाकर उनकी शादी करवाई। इतना ही नहीं, हर नवविवाहित जोड़े को गृहस्थ जीवन शुरू करने के लिए उपहार भी दिए गए-लहंगे, कोर्ट-पेंट से लेकर स्कूटी तक। यह कोई राजनीतिक दिखावा नहीं, बल्कि निस्वार्थ सेवा थी। जब 2023 में 25 जोड़ों की शादी करवाई गई, तो कुछ लोगों ने इसे प्रचार का साधन बताया। लेकिन 2025 में चार गुना बड़े आयोजन के साथ, सांसद ने अपने आलोचकों को जवाब दे दिया। जनसेवा केवल शब्दों से नहीं, कर्म से होती है।

इस महान कार्य में जायसवाल का पूरा परिवार उनके पिता ब्रजकिशोर जायसवाल, उनकी पत्नी निशा जायसवाल, भाई राजा और बेटे करण जायसवाल सिर से पैर तक जुटे रहे। इससे साबित होता है कि सेवा उनके खून में बसी है। इस अद्वितीय सेवा कार्य के बाद झारखंड की जनता एक नई उम्मीद संजो रही है। हजारों लोगों ने सामूहिक विवाह को ऐतिहासिक पल बताते हुए सांसद की खुलकर सराहना की। आलोचकों के लिए जनता के पास एक ही सवाल है, धन तो आपके पास भी बहुत है, लेकिन क्या आपमें गरीबों के लिए इसे लुटाने की हिम्मत है? यही अंतर होता है एक आम राजनेता और एक सच्चे जनसेवक में और हजारीबाग की जनता ने ये मान लिया है कि मनीष जायसवाल कोई आम नेता नहीं, बल्कि समाज सेवा के सच्चे पथिक हैं।

### शादी में विधायक रौशन चौधरी भी हुये शामिल

**हजारीबाग।** स्टेडियम में आयोजित सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के भव्य समारोह में 101 जोड़ों ने विवाह के पवित्र बंधन में बंधकर एक नया जीवन शुरू किया। इस शुभ अवसर पर बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी ने उपस्थित रहकर नवविवाहित दंपतियों को आशीर्वाद दिया और इस पुनीत आयोजन का साक्षी बने। विधायक चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सम्मानजनक तरीके से विवाह कराने का अवसर मिलता है, बल्कि तिलक-दहेज जैसी कुप्रथाओं पर भी प्रभावी रोक लगती है।

उन्होंने इस सामाजिक पहल के लिए सांसद मनीष जायसवाल को हार्दिक धन्यवाद देते हुए आशा जताई कि भविष्य में और भी बड़े स्तर पर ऐसे सामूहिक विवाह उत्सव आयोजित किए जाएंगे, जिससे गरीब और वंचित परिवारों को लाभ मिल सके। विधायक चौधरी ने सभी नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं और उनके सुखद वैवाहिक जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### सरस्वती पूजा को लेकर मुफस्सिल थाना में शांति समिति की हुयी बैठक

**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में मुफस्सिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर, अंचल अधिकारी मयंक भूषण, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद, पुलिस निरीक्षक नंद किशोर साहू, चुरचू अंचल अधिकारी की उपस्थिति में सरस्वती पूजा को लेकर बैठक की गई। इसके अलावा जन प्रतिनिधिगण, शांति समिति के सदस्य एवं दोनों समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों को बुलाया गया था। बैठक में सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मानने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन लोगों को हिदायत भी दिया गया। बैठक में अश्लील गाना बजाना, धार्मिक ठेस पहुंचाना, नशे में रहना जैसे कार्यों में पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई।

## बजट किसान-मजदूर विरोधी : अरूण सिन्हा



**रामगढ़।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग विरोधी बजट है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में केवल पूंजीपतियों के हितों का ख्याल रखा गया है।

श्री सिन्हा ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट में बिहार के हित की पूरी तरह से रक्षा की गई है। लेकिन झारखंड की अनदेखी की गई है जो पूरी तरह से अनुचित है। सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट में किसानो के लिए कुछ भी नही है। मजदूर वर्ग की भी इसमें अनदेखी की गई है। वहीं, देश मध्यम वर्ग के हितों का भी इसमें ख्याल नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि बजट में केंद सरकार ने जो वादे किए हैं उन वादों को पूरा कैसे करेगी यह नही बताया गया है।

# खेल को बढ़ावा दे रहे हैं हेमंत सोरेन: ममता देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के पश्चिमी पंचायत स्थित जीसीसी मैदान (गोदाम मोहल्ला) में शहिद मंजरूल हसन खान मेमोरियल द्वारा जीसीसी-2 क्रिकेट टूर्नामेंट में विधायक ममता देवी, कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह शामिल हुए। ममता देवी ने कहा कि खेल में हार-जीत कोई मायने नहीं रखती है, बल्कि हारने वाले को भविष्य में जीतने की प्रेरणा मिलती है। हारजीत की परवाह किए बगैर खेलना चाहिए। खेलकूद के जरिये खिलाड़ियों में सामूहिक खेलकूद की भावना का विकास होता है। झारखंड के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खेल को काफी बढ़ावा दे रहे हैं। अनवर ने कहा कि खेल हमारे शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होते हैं। खेलों को खेल भावना से खेलें और जीतने की भावना रखें। मैच गोदाम मुहल्ला 11 बनाम बड़कीपोना के बीच खेला गया. पोना की टीम 51 रन बनाकर ऑल आउट हो गईं, जिसमें असानी से गोदाम मुहल्ला लक्ष्य हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाई. इस दौरान अथितियों



द्वारा विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. यहां पहुँचे अथितियों का माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया. मौके पर मायल मुखिया फिरोज अंसारी, पश्चिमी पंचायत के पूर्व मुखिया सन्नाउल्लाह (सोनू), दक्षिणी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जाहीद सहित आयोजनकर्ता असरफ कामिल, आकिब, बाबू साहेब, लक्ष्मण महतो, एहशान उल्लाह, अमित तिवारी, मो. साजिद, प्रदीप महतो, सुधीर मंगलेश, मनोज पूझर, मानिक पटेल, चिम्मा आदि मौजूद थे।

### भुरकुंडा में कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल, रामगढ़ रेफर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ओपी अंतर्गत काली मंदिर स्थित मेन रोड के निकट रविवार को तेज रफ्तार कार ने एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सीसीएल आर्दश क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब सवा बारह बजे बजे जयप्रकाश नगर भुरकुंडा निवासी शशि दूबे 58 वर्ष अपने आवास से मेन रोड की ओर जा रहे थे। इस बीच सौंदा डी से भुरकुंडा की ओर आ रही जेएच 01 ईई 1394 नंबर की तेज रफ्तार कार ने शशि दूबे को जोरदार धक्का मार दिया। दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर जा गिरे। शशि दुबे को कान और नाक सहित काफी अंदरूनी चोटें लगी है। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को इलाज के जिए भुरकुंडा अस्पताल ले गये। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उनके भाई विद्यानंद दुबे उर्फ नन्हें के साथ एंबुलेंस के माध्यम से बेहतर ईलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल ले जाया गया। घटना की जानकारी भुरकुंडा ओपी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

## हंगरी क्रिकेट टी-20 के कैप्टेन बने भुरकुंडा के पराशर

खबर मन्त्र संवाददाता

**▸▸ तीन देशों की शृंखला में माल्टा व ऑस्ट्रिया से हंगरी का होगा मुकाबला**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा निवासी सह रॉटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा और रोटेरियन सुषमा शर्मा के पुत्र अभितेश पराशर को हंगरी की नेशनल क्रिकेट टी-20 टीम का कैप्टेन बनाया गया है। अभितेश पराशर की इस उपलब्धि से माता-पिता, रोटरी क्लब सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। वहीं बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है।

पुत्र की कामयाबी से गदगद रोटेरियन प्रवीण शर्मा और सुषमा शर्मा ने बताया कि 3 फरवरी 2025 से माल्टा में खेले जाने वाले तीन देशों की टी-20 श्रृंखला में अभितेश पराशर हंगरी की नेशनल क्रिकेट टीम का कप्तान और न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर टॉम जोन्स टीम के कोच होंगे। इस दौरान हंगरी टीम का माल्टा और ऑस्ट्रिया से मुकाबला होगा। मुझे पुरा विश्वास है कि अभितेश के प्रतिनिधित्व में हंगरी टीम विजेता बनेगी। उन्होंने बताया कि मैच का सीधा प्रसारण ईएसपीएन, फैनकोड और ड्रीम 11 पर देखा जा सकता है।

श्री शर्मा ने कहा कि किसी भी माता-पिता के लिए बच्चों की कामयाबी ही सबसे बड़ा उपहार होता है। मेरा पुत्र अभितेश पराशर अपने साथ-साथ हमारे भी सपने पूरा कर रहा है।

उन्होंने कहा कि मेरे पुत्र ने अपनी मेहनत और कठिन परिश्रम के बल पर पूरे परिवार का मान-सम्मान बढ़ाते हुए पूरे भारत देश का नाम रोशन कर रहा है। अभितेश पराशर की सफलता पर रोटेरियन परमजीत सिंह धामी, अशोक शर्मा, रंजीत गुप्ता, किशोर प्रसाद, अजय गोयल, मुख्तार सिंह, श्रीकांत गुप्ता, बबीता गोयल, प्रवीण राजगढ़िया, भुपेंद्र सिंह सौनी उर्फ जीबू, विनय सिंह सहित कोयलांचलवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एक नजर में

### बड़कागांव में खुला न्यू दृष्टि आई हॉस्पिटल



बड़कागांव। हजारीबाग रोड स्थित न्यू दृष्टि आई हॉस्पिटल का उद्घाटन विधायक रौशनलाल चौधरी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त इस अस्पताल के खुलने से सुदूर ग्रामीण इलाकों के मरीजों को बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा और वे कम खर्च में बेहतर नेत्र उपचार प्राप्त कर सकेंगे। विधायक चौधरी ने अस्पताल प्रबंधन को सलाह दी कि वे सेवा भाव से कार्य करें और गरीब मरीजों को सुलभ एवं किफायती इलाज उपलब्ध कराएं, ताकि समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके। उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थित थे।

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सरस्वती पूजा को लेकर भदानीनगर ओपी में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ओपी प्रभारी ब्रहमव्रत कुमार ने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी और प्रेम का संदेश देता है। हर पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। बैठक में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों और पूजा समिति के लोगों से ओपी प्रभारी ने कहा कि सरस्वती पूजा सौहार्द और शांति पूर्ण माहौल में मनाएं। किसी प्रकार की अप्रिय घटना की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना ओपी को दें। तत्वरित कार्रवाई की जायेगर। उन्होंने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न देते हुए विधि-व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने पूजा पंडालों एवं प्रतिमा विसर्जन के दौरान आपत्तिजनक गाने ना बजाए की अपील की। मौके पर एसआई सोमय सोरेन, नूतन पूर्ति, देवरिया मुखिया विकास नायक, बृजनाथ मुंडा, टिकेश्वर महतो, परमवीर सिंह, अभय करमाली, राजेंद्र बेदिया, मो. जिलानी अंसारी, राहुल महतो, प्रभु देव महतो, भोला महतो, रोशन यादव, आशीष यादव, रूपेश कुशवाहा, विशाल महतो, धनीलाल महतो, धीरज महतो, प्रेमचंद महतो, अमित मुंडा, कृष्णा कुशवाहा, हरिलाल लाल महतो, मोहम्मद मुख्तार अंसारी, शहजादा तालिम सहित कई लोग मौजूद थे।

### करमा के कोलेश्वर महतो बनारस से लापता



**कुजू।** प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर लौट रहे करमा दक्षिणी पंचायत के पुरनाडीह पुलिया टोला निवासी कोलेश्वर महतो (42 वर्ष) पिता स्व जाला महतो लापता हो गए है। जिसके बाद परिजन काफी परेशान है। बताया जाता है कौलेश्वर महतो अपनी पत्नी सुशीला देवी के साथ गत 28 जनवरी की दोपहर बस से कुंभ स्नान के लिए निकले। लेकिन सड़क जाम की वजह से वह समय पर नहीं पहुंच पाए। 30 जनवरी को स्नान के पश्चात प्रभु श्रीराम के दर्शन को लेकर अयोध्या धाम जाने कर क्रम में 31 जनवरी रात करीब 8:30 बजे बस जैसे ही हरुआ थाना क्षेत्र के सड़क मार्ग पर रुका कि कोलेश्वर बस से उतर गए। जिसके बाद से उनका कुछ पता नही चल पाया। मामले को लेकर कोलेश्वर के जीजा वासुदेव महतो, साला कुंदन महतो, दामाद मुकेश महतो और साथ में गए मांडू प्रखंड की प्रमुख चंद्रमणि देवी ने थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया।

### चरण पहाड़ी मंदिर में बह रही भक्ति की धारा



**कुजू।** कुजू के महाप्रभुजी धाम स्थित चरण पहाड़ी मंदिर में आयोजित वार्षिकोत्सव में भक्ति की धारा बह रही है। मंगल घट स्थापना एवं अधिवास कीर्तन के साथ रविवार को महोत्सव का शुभारंभ हुआ। अधिवास कीर्तन का शुभारंभ राधाकुंड ब्रजधाम वृंदावन से आए श्रीरघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी के गद्दीनशीन पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज ने आरती उतारकर कर किया। इसके बाद गायन कलाकार नंदगोपाल दास महाराज के निर्देशन में आयोजित भजन संध्या में सच्ची दुलाला नाचत हरि कीर्तन की प्रस्तुति दी गई। रसुबह से ही अखण्ड हरिनाम कीर्तन की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आये पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज ने बताया कि झारखण्ड की चरण पहाड़ी महाप्रभुजी के द्वारा दिए गये प्रेम की निशानी हैं। इसी घोर जंगल से होकर महाप्रभु जी ब्रजधाम पहुंचे हैं। यहां उन्होंने ब्रज के गांव गांव में हरिनाम कीर्तन की अलख जगाई है। कार्यक्रम के आयोजक चरण पहाड़ी मंदिर के महंत प्रेमदास महाराज ने बताया कि झारखण्ड के चरण पहाड़ी धाम में वसन्त पंचमी को वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। जिस प्रकार वसन्त पंचमी से ब्रज में 40 दिन की होली खेली जाती है। ठीक उसी प्रकार चरण पहाड़ी धाम में सोमवार को रंग गुलाल की होली खेली जाएगी। 11 बजे से महाप्रभु जी की लीला 64 महंत के भोग लगाएं जाएंगे। इस अवसर पर पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज, चरण पहाड़ी के महंत प्रेम दास, नंदगोपाल दास, प्रेमचंद, महेश चंद शर्मा ब्रजवासी, व्यास लक्ष्मण ठाकुर, पत्रकार कृष्ण चन्द्र दुबे, विनोद ठाकुर, शिव प्रसाद महतो, वासु दास व अन्य मौजूद थे।

### इचाक में चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह तीन से शुरू होगा

इचाक। इचाक स्थित पुराना दुर्गा मंडप परिसर में चित्रांश महापरिवार के तत्वावधान में श्री श्री चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा विधिवत रूप से संपन्न होने जा रहा है। इस महायोजना के लिए पिछले एक महीने से तैयारियां जोरों पर हैं। समारोह का शुभारंभ 3 फरवरी (सोमवार) को भव्य कलश यात्रा से होगा, जिसमें सैकड़ों महिला श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर बुढ़िया माता मंदिर तक जल भरने जाएंगी और वहां से पवित्र जल लेकर पुनः आयोजन स्थल लौटेंगी। चित्रांश महापरिवार ने आयोजन स्थल को भव्य रूप देने के लिए सफाई, विद्युत सज्जा, आकर्षक पंडाल और यज्ञ कुंड की तैयारियां पूरी कर ली हैं। समाज के विभिन्न वर्गों का भी इस आयोजन में सहयोग मिल रहा है। भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा जनक प्रसाद द्वारा भेंट की गई है।

इस पावन अवसर के बाद भगवान चित्रगुप्त की नियमित पूजा-अर्चना के लिए सुबोध कुमार पांडेय को सर्वसम्मति से पुजारी नियुक्त किया गया है। आयोजन समिति में अध्यक्ष अतुल्य कुमार सिन्हा, सचिव विकास कुमार सिन्हा सहित उमेश चंद्र सिन्हा, सुधीर कुमार सिन्हा, गौरी शंकर प्रसाद, रंजन प्रसाद, शशि भूषण सिन्हा, विजय कुमार सिन्हा, कृष्ण प्रसाद, नरेश प्रसाद आदि सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। यह भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और समर्पण का प्रतीक होगा, जिसमें सैकड़ों भक्तजन शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### सिमलिया के जेनरल स्टोर गुमटी में चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। इससे न केवल पब्लिक बल्कि, पुलिस भी परेशान हैं। बीती रात अपराधियों ने सिमलिया राइस मील स्थित जेनरल स्टोर की गुमटी को निशाना बनाया और करीब 50 हजार रुपये के सामान की चोरी कर ली। मामले को लेकर भुक्तभोगी और हजारीबाग जिले के केरेडारी हरला निवासी अब्दुल कुदुस की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। फिलहाल वह राइस मील के समीप घर बनाकर परिवार के साथ रहते हैं। बताते चलें, कि शनिवार की शाम गुमटी बंद कर घर चले गये। अगली सुबह दुकान खोलने के लिये आये तो गुमटी के ताले को टूटे और अंदर रखे सामान को गायब पाकर उनके होश उड़ गये। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### रातू प्रखंड में सरस्वती पूजा आज


थानेदार आरएन सिंह।

**रातू।** प्रखंड में विद्यादायिनी माता सरस्वती की पूजा सोमवार को होगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। सरकारी और गैर सरकारी स्कूल, कॉलेज व शिक्षण संस्थानों में मूर्तियां स्थापित की गयी है। चौक-चौराहे के अलावा आमटांड़ और झखराटांड़ में भव्य पूजा पंडाल बनाये गये हैं। शिल्पकारों ने उत्कृष्ट सजावट की है। इसकी मनोहारी छटा देखते ही बन रही है। लाउडस्पीकर से बज रही भक्ति गीत से माहौल गुंज रहा है। प्रतिमाओं का विसर्जन चार फरवरी की शाम किया जायेगा। इधर, झारखंड हाई कोर्ट के निर्देश पर प्रशासन की ओर से पूजनोत्सव में डीजे पर पाबंदी का ऐलान किया गया है। इसके बावजूद इसका उपयोग होता है, तो उसे जब्त कर लिया जायेगा। 31 जनवरी को थाने में हुयी शांति समिति की बैठक के दौरान थानेदार आरएन सिंह ने पूजा समिति के पदधारी और सदस्यों को भड़काउ और अश्लील गाने बजाने के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। ताकि, किसी के भावना को कोई ठेस न पहुंचे।

### अनगड़ा में दाखिल खारिज शिविर आयोजित 145 आवेदन स्वीकृत किये गये

**अनगड़ा।** अनगड़ा अंचल में भूमि सुधार उप समाहर्ता सदर अनुमंडल रांची मुकेश कुमार की उपस्थिति में रविवार को दाखिल खारिज शिविर का आयोजन किया गया। उप समाहर्ता मुकेश कुमार ने बताया 10 डिसमिल तक कि भुमि का एक लिस्ट निकाला गया था जिसमें 10 डिसमिल तक का भूमि का नामांतरण लम्बित है उनमें से प्राथमिकता के आधार पर 176 मामलों का चयन किया गया था जिमे 145 दाखिल खारिज आवेदनों का दाखिल खारिज स्वीकृत किया गया और रैयतों को शुद्धि पत्र सौंपा गया। जबकि अलग अलग कारणों से 18 दाखिल खारिज आवेदनों को अस्वीकृत किया गया। 13 दाखिल खारिज आवेदनों को तकनीकि कारणों से लंबित रखा गया है। दाखिल खारिज शिविर में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी राजु कमल अंचल निरीक्षक सह राजस्व कर्मचारी सुखदेव कच्छप, राजस्व कर्मचारी इम्तियाज अंसारी समेत क दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### बेस्ट कोरियोग्राफर अवॉर्ड के लिए मोहन सहीस नॉमिनेट




**मुरी।** सिल्ली मोहन सहीस दिन प्रतिदिन अपने कला के माध्यम से विभिन्न स्थानों, राज्यों, एवं देश विदेश में अपना और अपने माता पिता के साथ साथ अपने शहर और राज्य का नाम भी रोशन कर रहे है। कभी रवा रत्न से सम्मानित होकर कभी बिस्वा रत्न से सम्मानित होकर तो कभी वर्ल्ड रिकॉर्ड बना कर इसी तरह फिर से स्वामैक फिल्म प्रोडक्शन के आयोजित आईडीपी आइकॉनिक अवॉर्ड शो में शामिल होकर अपने मंत्रमुग्ध कोरियोग्राफी के लिए चुने गये। मोहन ने पिछले कुछ महीने मुंबई में क्रोयोग्राफ कर रहे थे जिनमें मोहन ने इंडियन टेलीविजन सीरियल में कोरियोग्राफ किया था। आज उनकी क्रायोग्राफी इंडस्ट्री में बेस्ट कोरियोग्राफी और बेस्ट डांस के लिस्ट में चयन किया गया है अगर मोहन को इस अवॉर्ड को जीतते है तो मोहन को स्वयं बॉलीवुड कोरियोग्राफर मास्टर मर्जी जो डांस इंडिया डांस, डांस दीवाने, डांस चैंपियन जैसे शो को जज कर चुके है और बॉलीवुड पर अपना क्रायोग्राफी के दम पर पूरी इंडस्ट्री को नाचा चुके है मोहन को उनके हाथों से बेस्ट कोरियोग्राफर का अवॉर्ड देकर सम्मानित किया जाएगा यह शो भोपाल में 3 फरवरी को रखा गया है फिलहाल इस समय मोहन शो के लिए रांची से रवाना हो चुके है हम सभी मुरी सिल्ली के एवं झारखंड के लाल मोहन के लिए विजई की कामना करते है।

### हाथियों ने फसल को किया नष्ट



**सोनाहातू।** प्रखंड के जामुदाग पंचायत के मगनडीह गांव में शनिवार रात को हाथियों के झुंड गांव में प्रवेश कर किसान रासबिहारी महतो, वनबिहारी महतो,सुखना महतो, किता अहीर, शिष्टिधर महतो तिलक महतो के पांच एकड़ से अधिक जमीन में लगे सब्जी के फसल को खाया और नष्ट किया है। गांव में फसल नुकसान की सूचना पर रविवार को मुखिया करिश्मा देवी, पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू, वार्ड सदस्य क्षेत्र मोहन महतो, ग्राम प्रधान श्याम सुंदर महतो, पंचमी देवी, कुंजला महतो आदि गांव पहुंच कर नुकसान की जानकारी लिये ओर वन विभाग को मुआवजा देने की बात कही है।

### प्रज्ञा समिति टाटीसिलवे की बैठक नयी कमेटी को किया अनुमोदित

**नामकुम।** रविवार को टाटीसिलवे प्रज्ञा समिति की बैठक आयोजित की गयी इस दौरान मनोनित नई कमिटी को संरक्षक मंडल में अनुमोदन के लिए रखा गया बैठक के दौरान संरक्षक मंडल ने नई कमेटी को सर्व सम्मति से पारित कर दिया जिसमें अध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा, उपाध्यक्ष रामेश्वर नाथ मिश्रा, विश्वनाथ तिवारी, महामंत्री मृत्युंजय मिश्रा, सचिव स्वप्न बावला, राजेश मिश्रा, संगठन मंत्री मनमोहन पांडेय, शंभु दास गोस्वामी, प्रभाष झा, प्रवीर उपाध्याय, सतीश मिश्रा, मुकुल पाठक, कोसाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा शामिल है। वहीं कार्यकारिणी में राजकुमार पांडेय,तारकेश्वर नारायण तिवारी,नीरज दुबे,वरुण तिवारी, महीप नारायण मिश्रा, कृष्ण मुरारी मिश्रा,पंकज तिवारी, अमन मिश्रा,बिरेश पाठक, सुधीर चैधरी, अमित तिवारी, पंकज पांडेय को रखा गया है।

# मंदिर के वार्षिक महोत्सव पर धार्मिक अनुष्ठान

## 501 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा भक्ति संगीत व भंडारे में उमड़े श्रद्धालू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** दुर्गा महादेव मंदिर की चतुर्थ वार्षिक महोत्सव को लेकर पूजा समिति ओरमांझी आयोजित एक दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान व कार्यक्रमों में श्रद्धालूओं की भीड़ उमड़ पड़ी। धार्मिक अनुष्ठान के तहत रविवार को 501 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निमाली गई। वहीं रूद्राभिषेक पूजा व भंडारे के साथ रात्रि में भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम व झांकी का भी आयोजन हुआ। मंदिर परिसर से ढोल-नगाड़े, बाजे-गाजे व छउनृत्य के साथ निकली कलश यात्रा मुख्य मार्ग से थाना चैक होते हुए डोमानदी जलाशय पहुंची। जहां विधिवत पूजा-अर्चना व


कलश यात्रा में शामिल अतिथि व समाज सेवी आदि।

माता की जयकारा के साथ कलश में जलभरा गया। वहां से वापस मंदिर पहुंच कर भगवान महादेव पर जलाभिषेक किया गया। इस दौरान महावीरी पताका लिए कलश यात्रा में शामिल भक्त आदि देवी-देवताओं की जयकारा लगा रहे थें। कलश यात्रा में हनुमान रूपधारण की भक्त विशेष आकर्षण रहा। इस धार्मिक अनुष्ठान में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, जिप सदस्य सरिता देवी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, पूर्व भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, रणधीर चैधरी, थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी, समाज सेवी सत्यनारायण तिवारी, शैलेंद्र मिश्रा, अजय सिंह, उमाशंकर साहू, शंकर गुप्ता, सत्यमराज कुशवाहा, कुंदन साहू, रामबृक्ष महतो, दीपक साहू, दुर्गाचरण साहू, मुखिया रमेश बेदिया, शिवनाथ मुंडा, पंसस ललिता देवी, समिति के अध्यक्ष रामकुमार महतो, सचिव सह मुखिया दीपक बड़ाइक, कोषाध्यक्ष दुर्गाशंकर साहू, प्रेमनाथ मुंडा, नंदकिशोर सिंह, राजेंद्र साहू, प्रकाश जायसवाल, बिनोद गुप्ता, धनंजय सिंह, सत्यनारायण सिंह, संतोष कुशवाहा, सुनील महतो, कुलदीप तवारी, सतीश बड़ाइक, रोहन वर्मन, शशि मेहता, नोना पाहन सहित कॉफी संख्या में महिलाएं शामिल थें।

### सरहुल पूजा समिति की बैठक में पड़हा संचालन समिति गठित

## सुकरा उरांव अध्यक्ष और सामु टोप्पो बने महासचिव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड सरहुल पूजा समिति की बैठक रविवार को पड़हा भवन सभागार में हुयी। अमर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान पड़हा संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गयी। इसके उपरांत, सर्वसम्मति से संचालन समिति का गठन किया गया। इसमें सुकरा उरांव अध्यक्ष, गुडू उरांव कार्यकारी अध्यक्ष, मोहन उरांव, श्यामलाल उरांव व शिवचरण उरांव उपाध्यक्ष, सामु टोप्पो महासचिव, सुखदेव उरांव, मिताली उरांव व सुनिल पाहन सचिव, गोयंदा उरांव कोषाध्यक्ष और प्रदीप उरांव उप कोषाध्यक्ष चुने गये। वहीं, सामाजिक अगुआ हुसे उरांव को समिति का संरक्षक बनाया गया। जबकि, कार्यकारिणी सदस्यों में प्रेमचंद मुंडा, सरयू उरांव, धनंजय उरांव, सोमेश उरांव, रंजीत उरांव, शंकर मुंडा, काली उरांव, अमीन मुंडा, सुखू उरांव, सुमी तिग्गा, बसंत उरांव, रीता भगत, ज्योति भगत, मतीया उरांव, प्रतिमा बाड़ा, सोमा तिर्की, डे व ठो उरांव, अंशु लकड़ा व सुनिता तिर्की शामिल हैं। संचालन सोमनाथ उरांव ने किया।

**सुदृढ़ होगी पुरखों की व्यवस्था : अमर उरांव**

सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष और पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव ने पत्रकारों को बताया कि पड़हा संचालन समिति की गठन का उद्देश्य पुरखों की पड़हा व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। समिति गांव-गांव जाकर पड़हा को चिन्हित करेगी। पदधारी इसका मूल्यांकन भी करेंगे। पहान, महतो, कोटवार, समाजिक व धार्मिक अगुआ और समाज के विशिष्ट व्यक्ति को संगठित कर सेमिनार आयोजित किया जायेगा। इसके बाद तीनों पड़हा की देख-रेख में व्यवस्था संचालन समिति बनायी जायेगी।

### रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस का कोषाध्यक्ष तनवीर को चुना, कांग्रेसियों ने दी बधाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रांची जिला (ग्रामीण) कांग्रेस कमिटी का कोषाध्यक्ष के लिए खलारी निवासी तनवीर आलम को नियुक्त किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने तनवीर आलम को पार्टी के लिए पूरी कर्मठता एवं सक्रियता को देखते हुए अथवा कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए संगठन की मजबूती हेतु निस्वार्थ भाव से सेवा देने पर नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष बनाये जाने पर कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, विधायक प्रतिनिधि खेलारी मोनू रजक, रांची जिला ग्रामीण एसी सेल अध्यक्ष रौशन लाल, अरविन्द सिंह, रंजन सिंह बिट्टू, रमेश चौहान, विक्की सिंह, बाबु खान, प्रकाश कुजुर, राजा केशरी, पारसनाथ उरांव, फिरोज आलम, इकबाल खान, सुरेन्द्र चौहान, टुन्नु साव, सलामत अंसारी, बबलु उर्फ अजय, विनय राम, भोला यादव, भेंटन यादव, आशीष यादव, शशि मुंडा, राजेश गंझू, सुंदरलाल गंझू, अशोक महतो, किशुन लोहारा, सोनू पांडे, सुनील सिंह, अस्लम अंसारी, सुल्तान अंसारी, मारूति देवी, सुधा झा, सुमन देवी, अनीता पासवान, आदी ने बधाई दी।

### भू-खंड पर धारा-144 लगने के बाद भी हो रहा काम

## जमीन के रैयत को जान मारने की मिल रही धमकी

- सीनियर एसपी से शिकायत
- मुरगू के हैं रामानंद तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** मौजा बेलांगी के खाता संख्या-1 की जमीन पर ऊपजे विवाद के मद्देनजर रैयत और मुरगू निवासी रामानंद तिवारी के आग्रह पर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने धारा-144 लगा दिया है। ताकि, विधि-व्यवस्था की समस्या खड़ी न हो सके। इसके बावजूद आरोपियों की ओर से इसमें जबरन कब्जा करने के उद्देश्य से काम कराया जा रहा है। तिवारी ने जब इसका विरोध किया, तो उनके साथ न केवल गाली-गलौज की गयी, बल्कि जान मारने की धमकी भी दी जा रही है। इसे लेकर उन्होंने सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा के कार्यालय में 28 जनवरी को 8 लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत करते हुये सुरक्षा की मांग की है। बताते चलें, कि वह पश्चिमी मंडल भाजपा के महामंत्री हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं से भी न्याय दिलाने की गुहार लगायी है। इधर, आरोपित पक्ष के लोगों से बात करने की कोशिश की गयी। लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

**जानें क्या है मामला**


रामानंद तिवारी।

बेलांगी में रामानंद की 5.19 एकड़ पैतृक जमीन है। इस पर वर्षों से उनका दखल है। उक्त भू-खंड पर जमीन व्यवसायियों की नजर है। एसडीओ कोर्ट में वाद संख्या-एम 150/25 और व्यवहार न्यायालय में ओएस 27/25 विचाराधीन है। तिवारी की मानें, तो तारीख में कोर्ट जाने के दरम्यान बदसलूकी की जाती है और जान मारने की धमकी भी दी जा रही है। इससे वह और उनका परिवार भयभीत है।

**सभी पद से दिया इस्तीफा**

श्री तिवारी ने रविवार को मंडल महामंत्री समेत पार्टी के सभी पद से इस्तीफा देने की घोषणा करते हुये इस आशय का पत्र ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो को भेज दिया है। इसमें उन्होंने कहा है कि पूर्व मंडल अध्यक्ष और पार्टी के अन्य पदधारी उनकी खतियानी जमीन में कब्जा करने की फिराक में हैं। इससे वह काफी मर्माहत हैं।

## खबर एक नजर में

### ट्रक और स्कूटी की टक्कर में दो युवक की मौत

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बारीडीह मैदान से समीप स्कूटी और हाईवे की जोरदार टक्कर में पुरना पानी नगड़ी टोली निवासी स्कूटी सवार 28 वर्षीय सिलिस्टीन लकड़ा पिता स्वर्गीय दुर्गा लकड़ा व लगभग 25 वर्षीय आकाश किस्पोट्टा पिता लच्छु किस्पोट्टा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सड़क दुर्घटना रविवार की शाम लगभग 7 :30 बजे की है। जहां घटना के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने तत्काल सड़क दुर्घटना में घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए उठाकर इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सड़क दुर्घटना में दोनों घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना में मृत युवक के परिजनों ने आक्रोशित होकर लगभग एक घंटा सड़क पर ही दोनों युवक के शव को रखकर प्रदर्शन करते हुए मुआवजा राशि और दोनों के परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग कर रहे थे। मृतक सिलिस्टीन लकड़ा की पत्नी समेत दो बेटों के साथ साथ पूरे परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर सड़क दुर्घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार सिलिस्टीन लकड़ा अपने साथी लच्छू किस्पोट्टा के अपने गांव से जामटोली गांव शादी समारोह में भाग लेने अपने स्कुटी से जा रहे थे। तभी रॉन्ग साइड से सड़क निर्माण आरकेडी कंपनी के हाईवा ट्रक नंबर जेएच 07 के 0140 ने स्कूटी को सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे स्कूटी में सवार दोनों युवक के मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इधर घटना के बाद देर रात करीब 10 :00 बजे के आसपास आरकेडी कंपनी के पदाधिकारी प्रखंड प्रशासन और परिजनों के बीच आपसी समझौता के बाद सड़क जाम मुक्त किया गया।

### तुको में मंदिर निर्माण हेतु किया गया भूमि पूजन

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के तुको गांव स्थित नंदेश्वर धाम के प्रांगण में रविवार को बजरंग बली मंदिर और मां गायत्री मंदिर निर्माण हेतु भुमि का पुजन पुजारी आषुतोष पांडेय और यजमान संदीप लाल,भागवत ताम्रकार के द्वारा किया गया। जिसमें मंदिर निर्माण समिति के सभी पदाधिकारी और गांव के सभी भक्त जन उपस्थित थे।



### दाखिल खारिज समस्याओं के समाधान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सख्त : प्रदीप


बेड़ो अंचल में दाखिल खारिज निष्पादन शिविर के दौरान शुद्धि पत्र का वितरण करते अधिकारी।

**बेड़ो।** दाखिल खारिज के समस्याओं के समाधान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सख्त है। उक्त बातें रविवार को उपयुक्त रांची के आदेशानुसार आयोजित अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज निष्पादन शिविर को संबोधित करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने कही। इधर दाखिल खारिज निष्पादन शिविर में कुल 43 मामलों का निष्पादन किया गया तथा दाखिल खारिज के आवेदकों के बीच शुद्धि पत्र का वितरण किया गया। मौके पर अंचल अधिकारी प्रताप मिंज ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के आदेशानुसार प्रत्येक शनिवार को 11:00 बजे से 1:00 बजे तक भूमि विवाद से संबंधित निपटारा शिविर का आयोजन होना है। संबंधित ग्रामीण उक्त सिविल में पहुंचकर भी अपना भूमि विवाद संबंधी मामला दे सकते हैं। इसके अलावा ग्रामीण वन पत्ता से संबंधित मामलों को लेकर भी वे अंचल कार्यालय में अपना आवेदन दे सकते हैं। जिससे आने वाले समय में प्रत्येक गांव में उत्तराधिकारी नामांतरण शिविर के माध्यम से किया जाएगा। शिविर में अंचल उपनिरीक्षक मो फिरोज, ईटा पंचायत के पुर्व मुखिया बुधराम बाड़ा समेत कई लोग मौजूद थे।

### सुदृढ़ीकरण सड़क पर बिना प्राक्कलन के ही बना दिया जा रहा है मजबूतीकरण सड़क

## बीडीओ ने सरकारी राशि का दुरुपयोग व वित्तीय अनियमितता का परिचायक बताया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रांची के द्वारा खलारी प्रखण्ड में सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य जो पेट्रोल गोडाउन से हेसालौंग भाया नावाडीह तक सशक्त और मजबुत सड़क पर बिना प्राक्कलन के ही मजबूतीकरण हेतु प्राक्कलन में बगैर समाहित पर संवेदक के द्वारा धड़ाधड़ सड़क का निर्माण कार्य जारी है। उक्त सड़क निर्माण के समय संवेदक के द्वारा घटिया निर्माण कार्य को लेकर संबंधित पंचायत के मुखिया, प्रखंड प्रमुख, विधायक एवं विधायक प्रतिनिधि के शिकायत पर अंचल अधिकारी खलारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य कर्मियों के साथ उक्त निमार्णाधीन स्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमें उपरोक्त अनियमितता दृष्टिगोचर पायी गयी। जिसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार ने उपायुक्त को मामले को संज्ञान हेतु जानकरी दिया गया। खलारी बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सड़क पर बिना सर्वे अथवा बिना प्राक्कलन की सहमति से धड़ले से निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह भी स्पष्ट करना है कि उक्त लंबाई की सड़क (3124 मीटर) न सिर्फ उच्च गुणवत्ता में है। इससे प्रतीत होता है कि संवेदक की गलत मंशा से ही अच्छी तथा मजबूत सड़क पर सुदृढ़ीकरण निर्माण का योजना बनाई गयी। इससे स्पष्ट होता कि संवेदक ने अच्छी सड़क को पूरी तरह डैमेज कर आवश्यकता कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है जो वित्तीय अनियमितता का परिचायक है।

**खलारी प्रखंड प्रसासन व जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप पर सड़क निर्माण कार्य जारी**



हेसालोंग भाया नावाडीह पेट्रोल गोदाम सड़क पर भारी अनियमित्ता को देखते हुए खलारी प्रखण्ड प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप करने के बाद कार्य पर रोक लगाने की बात कही गयी थी। लेकिन संवेदक के पैरवी और पहुंच के आगे पूरा प्रशासन की कानूनी हथकंडे धरी की धरी रही।

### नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**मुरी/सिल्ली।** रविवार के दिन हिंडालको के सीएसआर विभाग के तहत शंकर नेत्रालय द्वारा सिल्ली प्रखंड के लगाम (खेलगांव) गांव में एक विशाल नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 277 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया।इस शिविर का उद्घाटन हिंडालको के एचआर हेड अरुण राय, कुमार अभिषेक, भरत सिंह और अन्य हिंडालको अधिकारियों ने एक साथ मिलकर फीता काटकर किया। अपनी उद्घाटन भाषण में सभी गणमान्य व्यक्तियों ने शंकर नेत्रालय द्वारा इस छोटे से गांव लगाम में आयोजित इस नेत्र जांच शिविर को बहुत सराहनीय बताया और कहा कि इस तरह के शिविरों से गांववासियों को बहुत अधिक सुविधा मिलती है। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के आयोजन से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलती है। हिंडालको के एचआर हेड अरुण राय ने कहा कि हिंडालको द्वारा भविष्य में बहुत सारी जन कल्याणकारी योजनाएं आयोजित किए जाएंगे जो समाज के उत्थान के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे।

## भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार ने केन्द्रीय वजट की सराहना की

**अनगड़ा।** भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने आम बजट की सराहना की है। कहा कि केन्द्र सरकार ने मध्यम वर्ग को काफी कुछ दिया है। 12 लाख रूपया तक सालाना आय को टैक्स से छूट देना एक क्रांतिकारी पहल है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। देश का आधार मध्यम वर्ग है। केसीसी के तहत पांच लाख रूपया तक लोन दिए जाने की घोषणा से किसानों को लाभ होगा। और किसानों की आय दुगुनी करने में मदद मिलेगी। भारतीय ज्ञान दर्शन को संरक्षित करने के लिए पांड़लिपियों के सर्वेक्षण व संरक्षण को लेकर ज्ञान भारत मिशन की शुरूआत बेहतरीन निर्णय है। बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा शत प्रतिशत किए जाने से बीमाधारकों को श्रेष्ठ विकल्प चुनने की छूट मिलेगी। साथ ही वे कंपनियों से बेहतर डील कर सकेंगे।

## रांची-पुरुलिया सड़क फोरलेन निर्माण में अनियमितता को लेकर ज्ञापन सौंपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** रांची पुरुलिया सड़क फोरलेन निर्माण कार्य में लापरवाही और अनियमितता को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने अनगड़ा अंचल अधिकारी राजू कमल और थाना प्रभारी हिरालाल शाह गुप्ता को शनिवार को एक ज्ञापन सौंपा। कार्यकताओं ने निर्माण कार्य में हो रही देरी और अधूरे सड़क निर्माण के कारण लोगों को आवागमन में हो रही परेशानियों पर गहरा रोष प्रकट किए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रखंड मुख्यालय अनगड़ा से हेसल मासू तक सड़क को बीचो बीच खोदकर अधूरा छोड़ दिया गया है। और पीच कार्य को बन्द कर दिया गया है। अनगड़ा चौक से लुपूंग मोड़ तक एक किनारे सड़क पर काली करण का काम आंशिक रूप से किया गया है । लेकिन गोंदली पोखर बाजार चौक तक और उससे आगे तक पिछले करीब डेढ़ साल से सड़क को खोदकर तथा जीएसबी बिछा कर छोड़ दिया गया है।इससे व्यापार प्रभावित तो हो हीं रहा है दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। वाहनों पर टूट फूट भी हो रहा है स्टोन डस्ट के



उड़ने से लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करन पड़ रहा है। उड़ने वाले डस्ट नाक और मूंह के जरिए सीधे फेफड़ा में जा रहा है जिससे राहगीर फेफड़ा संबंधी रोग का शिकार हो रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से व्यावसायिक वर्ग और आम जनता ने मामले पर संज्ञान लेते हुए पुलिस प्रशासन से कार्रवाई कर सड़क निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किए जाने की मांग की है।व्यापारियों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान सड़क पर पानी भी नियमित रूप से नहीं डाला जाता है। जिससे धूल और गंदगी बढ़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि गोंदली पोखर चौक के पास शीघ्र कालीकरण का कार्य नहीं किया गया तो आन्दोलन के लिए वाध्य होना पड़ेगा । अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। प्रशासन का कहना है कि निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित उच्च अधिकारियों से बात की जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा राँची जिला अध्यक्ष नरेश साहु, अजय महतो सिकन्दर अंसारी रामसाय मुण्डा सुरेश महतो सुरेन्द्र महतो जगेश्वर महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भारत ने जीता महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप का खिताब, फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराया

# भारत की बेटियों ने दूसरी बार किया कमाल

एजेंसी

**कुआलालंपुर।** अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब जीत लिया है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीकी टीम सिर्फ 82 रनों पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारतीय टीम ने आसानी से सिर्फ 1 विकेट गंवाकर टारगेट को चेज कर लिया। इस टूनार्मेंट में ये भारतीय टीम की लगातार छठी जीत है। इससे पहले भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को आसानी से 9 विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया था। भारतीय टीम ने साल 2023 में भी शेफाली वर्मा की कप्तानी में इस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था।



### गेंदबाजों के दम पर जीती टीम

भारतीय गेंदबाजों ने महिला अंडर 19 टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में कमाल का प्रदर्शन किया। दक्षिण अफ्रीका की टीम इस मैच में 20 ओवर में सिर्फ 82 रन पर ऑलआउट हो गई। लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने के लिए टीम इंडिया को सिर्फ 83 रन की जरूरत थी। जिसे आसाना से भारतीय टीम ने चेज कर लिया। भारत की ओर से जी त्रिसा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट हासिल किए। वहीं वैष्णवी, आयुषी और परुनिका सिसौदिया ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। शबनम शकील को एक विकेट मिला।

### भारतीय बल्लेबाजों ने भी किया कमाल

साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबले में गेंदबाजों के कमाल के बाद भारतीय बल्लेबाजों ने भी कमाल का प्रदर्शन किया। 82 रन के टारगेट का पीछा करते हुए टीम इंडिया ने सिर्फ एक विकेट गंवाया। टीम इंडिया की ओपनर जी कामिनी सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गईं थी। हालांकि दूसरी ओपनर और इस टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली जी त्रिसा ने 33 गेंदों में नाबाद 44 रन की पारी खेली। वहीं सानिका चालके 22 गेंदों पर 26 रन बनाकर नाबाद लौटीं।

### भारत को ग्रुप-ए में रखा गया था

निकी प्रसाद की टीम ने सात में से सात मैच अच्छे अंतर से जीते। इस दौरान टीम इंडिया ने सात में से पांच मैच आठ या इससे ज्यादा विकेट से जीते, जबकि दो मैच 60 या इससे ज्यादा के अंतर से जीते। यानी भारत के सभी मुकाबले लगभग एकतरफा रहे। भारत को ग्रुप-ए में वेस्टइंडीज, मलयेशिया और श्रीलंका के साथ रखा गया था। 19 जनवरी को अपने पहले मैच में भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से शिकस्त दी थी। वहीं, 21 जनवरी को दूसरे मैच में मलयेशिया को 10 विकेट से रौंद दिया था। 23 जनवरी को अपने तीसरे और आखिरी ग्रुप मैच में भारत ने श्रीलंका को 60 रन से हराया था।



### जीत के बाद बोलीं कप्तान निकी यह पल खास

निकी ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, हम सभी ने धैर्य बनाये रखने की कोशिश की। टूनार्मेंट की शुरूआती मैच में जीत दर्ज करने के बाद भी सफलता का खुमार हावी नहीं होने दिया और अपना काम करते रहे। उन्होंने कहा हम फाइनल जीत कर अपनी क्षमता को दिखाना चाहते थे। हमें बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए बीसीसीआइ को धन्यवाद। मुझे खुशी है कि मैं यहां खड़ी हूं और यह सुनिश्चित कर रही हूं कि भारत शीर्ष पर रहे। यह एक विशेष क्षण है। भारतीय कप्तान ने कहा, टूनार्मेंट की शुरूआत में, मैंने कहा था कि हम यहां दबदबा बनाने के लिए आए हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत यहां शीर्ष पर बना रहे। उन्होंने कहा, दक्षिण अफ्रीका की टीम भी टूनार्मेंट में वास्तव में अच्छा खेल रही। हम लंबे समय से उनके खिलाफ खेल रहे हैं, उन्होंने मजबूत जज्बा दिखाया।

### जी त्रिशा ने रचा इतिहास



त्रिशा बनीं प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट

महिला अंडर 19 टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में अब एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भारत की जी त्रिशा के नाम हो गया है। त्रिशा ने इस टूनार्मेंट में 7 मैचों में 309 रन बनाए। इस टूनार्मेंट में उनकी औसत 77.25 की रही। त्रिशा ने इस मामले में भारत की ही श्वेता सहरावत के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा जिन्होंने साल 2023 में हुए अंडर 19 वर्ल्ड कप में 7 पारियों में 99 के औसत से कुल 297 रन बनाए थे। त्रिशा के बल्ले से फाइनल मुकाबले में भी 33 गेंदों में 44 रनों की नाबाद पारी निकली।

### सुपर सिक्स में भी शानदार प्रदर्शन

सुपर सिक्स में भारत का सामना बांग्लादेश और स्कॉटलैंड से हुआ। टीम इंडिया ने बांग्लादेश को सुपर सिक्स के मैच में आठ विकेट से शिकस्त दी। फिर स्कॉटलैंड को 150 रन से रौंद दिया। टी20 मुकाबले में 150+ रन की जीत बड़ी जीत होती है। इस तरह भारत ने लगातार पांच मैच जीतकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया।

### भारत को ग्रुप-ए में रखा गया था

निकी प्रसाद की टीम ने सात में से सात मैच अच्छे अंतर से जीते। इस दौरान टीम इंडिया ने सात में से पांच मैच आठ या इससे ज्यादा विकेट से जीते। यानी भारत के सभी मुकाबले लगभग एकतरफा रहे। भारत को ग्रुप-ए में वेस्टइंडीज, मलयेशिया और श्रीलंका के साथ रखा गया था। 19 जनवरी को अपने पहले मैच में भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से शिकस्त दी थी।

## 8 महीने में दूसरा ICC फाइनल हारा दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका को 8 महीने के भीतर दूसरी बार किसी आइसीसी टूनार्मेंट के फाइनल में भारत से हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने 29 जून 2023 को आइसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हराया था। इस जीत के साथ ही भारत ने 16 सालों के सूखे को खत्म करते हुए टी20 वर्ल्ड कप अपना कब्जा जमाया था।

## आशी ने तोड़ा 50 मीटर महिला शूटिंग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**देहरादून।** उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में रविवार को देहरादून में पचास मीटर राइफल निशानेबाजी (शूटिंग) की तीन श्रेणियों में आशी चौकसी ने एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने 598 प्वाइंट बना यह नई इबारत लिखी। इससे पहले कौर समारा ने वर्ष 2023 में 594 अंक हासिल किए थे। चौकसी का यह शानदार स्कोर विश्व शूटिंग के रिकॉर्ड से भी दो अंक ज्यादा है।

## हीली डब्ल्यूपीएल 2025 में नहीं खेलेंगी

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया महिला टीम की विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली दाएं पैर में खिंचाव की चोट के कारण आगामी महिला प्रीमियर लीग 2025 में नहीं खेल पाएंगी। उनके भारत में होने एकदिवसीय विश्वकप में खेलने को लेकर भी संशय हैं। हीली ने डब्ल्यूपीएल में न खेलने की पुष्टि करते हुए कहा, दुर्भाग्य से मुझे कुछ महीनों का समय मिला है, इसलिए मैं इससे बेहद निराश हूं। लेकिन साथ ही मैं थोड़ा सा समय पाकर भी खुश हूं और अपने शरीर को ठीक करने का प्रयास करूंगी।

## धवन से लेकर ऋषभ पंत तक, क्रिकेट जगत ने रिद्धिमान साहा को दी विदाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पूर्व और मौजूदा भारतीय क्रिकेटरों शिखर धवन, ऋषभ पंत, इरफान पठान और चेतेश्वर पुजारा ने पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज रिद्धिमान साहा के लिए एक भावपूर्ण संदेश साझा किया क्योंकि उन्होंने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है। साहा ने अपना आखिरी मैच रणजी ट्रॉफी एलीट 2024-25 ग्रुप सी मुकाबले में पंजाब के खिलाफ बंगाल के खिलाफ खेला था। विकेटकीपर-बल्लेबाज अपने शानदार करियर के आखिरी मैच में चमकने में नाकाम रहे। उन्हें पंजाब के गुरनूर बरार ने सात गेंदों पर शून्य पर आउट कर दिया। हालांकि साहा के प्रदर्शन ने बंगाल को ज्यादा प्रभावित नहीं किया और उन्होंने पंजाब पर एक पारी और 13 रनों से जीत हासिल की। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर उन्हें जीवन के नए चरण के लिए शुभकामनाएं दीं। धवन ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'ड्रेसिंग रूम साझा करने से लेकर आपको उन अविश्वसनीय स्टंपिंग करते देखने तक, आपका क्या सफर रहा है भाई! जीवन के इस नए चरण में आपको सफलता और खुशी की शुभकामनाएं। आप हमेशा एक चैंपियन रहेंगे। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने रिद्धिमान साहा को उनके क्रिकेट करियर के लिए बधाई दी और उन्हें 'प्लाइंग साहा' कहा। इरफान पठान ने एक्स पर लिखा, रिद्धिमान साहा को आपके करियर के लिए बधाई। टेस्ट क्रिकेट में आपकी विकेटकीपिंग स्किल्स सर्वश्रेष्ठ थीं। इसे 'फ्लाइंग साहा' कहना याद आएगा। मुझे यकीन है कि आप अपनी दूसरी पारी में भी ऊंची उड़ान भरेंगे। शुभकामनाएं।' सौराष्ट्र और भारत के दाएं हाथ के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि भारतीय क्रिकेट के लिए रिद्धिमान साहा का योगदान अमूल्य है। पुजारा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'एक अविश्वसनीय करियर के लिए बधाई 'रिद्धिमान साहा! ...भारतीय क्रिकेट में आपका योगदान अमूल्य रहा है। मैदान पर और मैदान के बाहर आपके साथ समय बिताना खुशी की बात रही है! आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं।' ऋषभ पंत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर ऋद्धिमान साहा के साथ एक फोटो शेयर की और कहा कि वह हमेशा उनके कौशल की प्रशंसा करते रहे हैं। पंत ने एक्स पर लिखा, 'एक साथी कीपर के रूप में मैंने हमेशा आपके कौशल और आपके शिल्प की प्रशंसा की है। आपके अगले अध्याय में आपको सफलता और खुशी की शुभकामनाएं रिद्धिमान भैया। साहा ने शुक्रवार को संन्यास लिया और उन्हें अपने साथियों से गार्ड ऑफ ऑनर मिला था, जब वह आखिरी बार बल्लेबाजी करने के लिए क्रीज पर उतरे थे। साहा ने 1997 में पहली बार क्रिकेट के मैदान पर कदम रखने की यादें साझा की। उन्होंने कहा कि अपने देश, राज्य, जिले, क्लब, विश्वविद्यालय, कॉलेज और स्कूल का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए सम्मान की बात थी। उन्होंने कहा, 1997 में पहली बार क्रिकेट के मैदान पर कदम रखे हुए 28 साल हो चुके हैं, और यह शानदार सफर रहा है! अपने देश, राज्य, जिले, क्लब, विश्वविद्यालय, कॉलेज और स्कूल का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। आज मैं जो कुछ भी हूं, हर उपलब्धि, हर सीख- यह सब इस अद्भुत खेल की देन है... अब एक नया अध्याय शुरू करने का समय आ गया है, अपने परिवार और दोस्तों को समर्पित होकर, उन पलों को संजोकर रखना जो मैंने मिस किए हैं, और मैदान से परे जीवन को गले लगाना।

## अभिषेक शर्मा इतने रन भी नहीं बना पाये अंग्रेज भारत ने 150 रनों से हराकर शर्मसार कर दिया

- भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 5वें और आखिरी टी20 में रौंदते हुए सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली
- प्लेयर ऑफ द सीरीज अभिषेक शर्मा ने शतक जड़ने के अलावा दो विकेट भी झटके
- मोहम्मद शमी ने 3 विकेट चटकाए, 444 दिन बाद इंटरनेशनल विकेट उनके नाम रहा



रनों के लिहाज से भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत, अभिषेक शर्मा की रिकॉर्ड पारी, 4-1 से नाम की सीरीज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने इंग्लैंड को पांचवें टी20 मैच में 150 रनों के अंतर से हराकर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को साल 2023 में 168 रन से हराया था। रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा की आक्रामक शतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 10.3 ओवर में सिर्फ 97 रन बना पाई और ऑलआउट हो गई। इस तरह सूर्यकुमार यादव की टीम ने इंग्लैंड को हराकर 4-1 से सीरीज अपने नाम कर ली।

### भारत : 247/9 (20 ओवर)

ओपनिंग जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 21 रन जोड़े। संजू सैमसन ने 16 रन बनाए। इसके बाद अभिषेक शर्मा ने महज 16 गेंदों पर अर्धशतक जड़ दिया। क्रीज पर आए तिलक वर्मा ने 15 गेंदों पर 24 रन बनाए। इस दौरान अभिषेक ने 37 गेंदों पर शतक पूरा किया। यह उनका दूसरा टी20 शतक है। सूर्यकुमार यादव महज 2 रन ही बना पाए। तभी शिवम दुबे ने अभिषेक का साथ दिया। शिवम ने 13 गेंदों पर 30 रन बनाए। हार्दिक पांड्या क्रीज पर आए और 9 रन बनाकर ही मार्क वुड की गेंद पर लिविंगस्टन के हाथों लपके गए। रिंकू सिंह ने भी 9 ही रन बनाए। अक्षर जब क्रीज पर आए तो अभिषेक ने फिर से बल्ला चलाया और भारत के लिए टी20 में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड बना लिया। उनसे पहले शुभमन गिल ने 126 रन बनाकर इस लिस्ट में टॉप पर थे। अभिषेक ने कुल 54 गेंदों पर 7 चौके और 13 छक्कों की मदद से 135 रन बनाए। अंत में अक्षर ने 15 रन बनाकर स्कोर 247 तक पहुंचा दिया।

### इंग्लैंड : 97/10 (10.3)

इंग्लैंड के लिए फिलिप सॉल्ट के साथ बेन डकेट ओपनिंग पर आए। सॉल्ट ने शुरूआत में ही आक्रमण किया लेकिन डकेट तीसरे ओवर में अपनी पहली ही गेंद पर आऊट हो गए। इसके बाद कप्तान जोस बटलर जोकि वानखेड़े में अच्छी फार्म रखते हैं, इस बार 7 रन ही बना पाए। रवि बिश्नोई ने हैरी ब्रूक की विकेट निकाली और पावरप्ले में ही इंग्लैंड को तीसरा झटका दे दिया। इसके बाद आए वरुण ने लिविंगस्टन का विकेट लिया। इस बीच फिलिप सॉल्ट ने 21 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। उन्हें शिवम दुबे ने विकेटकीपर सैमसन के हाथों कैप आऊट कराया। सॉल्ट के आऊट होते ही कार्से 3, ओवरटन 1, आदिल राशिद 6 तो मार्क वुड 0 पर आऊट हो गए। इंग्लैंड 97 रन पर ऑलआऊट हो गई और भारतीय टीम को रिकॉर्ड 150 रन से जीत हासिल हुई। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने सर्वाधिक 3 विकेट लीं। यह भारतीय टीम के लिए चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अच्छी बात है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## गुकेश व प्रज्ञानंद 12वें दौर के बाद संयुक्त बढ़त पर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और आर प्रज्ञानंद ने टाटा स्टील मास्टर्स में 12वें दौर के बाद संयुक्त रूप से बढ़त हासिल कर ली है। विश्व चैंपियन गुकेश ने नीदरलैंड के जोर्डन वान फॉरेस्ट के खिलाफ ड्रॉ खेला, लेकिन प्रज्ञानंद सर्बिया के एलेक्सी सेराना को हराने में सफल रहे जिससे वह हमवतन गुकेश की बराबरी पर आ गए। दोनों भारतीय अब इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में रोमांचक समापन के लिए तैयार हैं जिसमें उनमें से एक के खिताब जीतने की संभावना है क्योंकि अब सिर्फ एक दौर का खेल बाकी है। अगर दोनों में से कोई खिताब जीतता है तो यह पहली बार होगा जब टाटा स्टील मास्टर्स का खिताब किसी भारतीय के नाम होगा।

### प्रज्ञानंद की लगातार तीसरी जीत

प्रज्ञानंद ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की और अपने अंकों की संख्या संभावित 12 में से 8.5 अंक पर पहुंचा दी जो उनके हमवतन गुकेश के समान है। 11वें दौर के बाद शीर्ष स्थान पर नजरें लगाए बैठे उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को अर्जुन एरिगेसी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा और



वह 7.5 अंक के साथ खिताब की दौड़ से लगभग बाहर हो गए हैं। प्रज्ञानंद ने 12वें दौर में सफेद मोहरों से खेलते हुए सेराना के खिलाफ जीत दर्ज की। उन्होंने बाजी के बाद कहा, उस समय मुझे अहसास हुआ कि यह एक लंबी बाजी हो सकती है लेकिन मोहरे के बलिदान के साथ चीजें बदल गईं। फॉरेस्ट के खिलाफ गुकेश के प्रदर्शन में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। गुकेश ने मुकाबला ड्रॉ कराने के फॉरेस्ट के प्रस्ताव को ठुकराया। वह 39वीं चाल के बाद बाजी जीतने की स्थिति में थे लेकिन इसके बाद बड़ी चूक करके फॉरेस्ट को वापसी करने का मौका दिया जिससे मेजबान देश का खिलाड़ी बाजी ड्रॉ कराने में सफल रहा। एरिगेसी ने अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ अपनी क्षमता साबित की और उनकी खिताब जीतने की उम्मीदें भी लगभग खत्म कर दीं।

### रोमांचक होगी आखिरी दौर की बाजी

अन्य बाजियों में लियोन ल्यूक मेंडोंका ने अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो करूआना के साथ अंक बांटे जबकि पी हरिकृष्णा ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर के साथ ड्रॉ खेला। आखिरी दौर की बाजी रोमांचक हो सकती है क्योंकि गुकेश का सामना एरिगेसी से होगा जबकि प्रज्ञानंद को कीमर से भिड़ना है। दोनों बोर्ड पर ड्रॉ की स्थिति में कम अवधि की प्लेऑफ बाजी से विजेता का फैसला करेगा। चैलेंजर्स वर्ग में भारत की आर वैशाली को तुर्किये के एडिज गुरेल के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। वैशाली के पांच अंक हैं। दिव्या देशमुख को भी नीदरलैंड के बेंजामिन बोक के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस वर्ग में अजरबेजान के एडिन सुलेमानली, चेक गणराज्य के एनगुएन थाई डाई वैम और एर्विन लियामी 8.5 अंक के साथ शीर्ष पर हैं।

## मांडविया की अगुवाई में 250 से अधिक लोगों ने चलाई साइकिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मोटापे के खिलाफ मुहिम के तहत रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम में 250 से अधिक साइकिल चालकों की अगवुाई की। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में इस सप्ताह के फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम में चिकित्सकों और पोषण विशेषज्ञों के असंख्य समूह ने भाग लिया। इस अवसर पर पेरिस पैरालिंपिक पदक विजेता रुबीना फ्रांसिस के साथ-साथ भारती कॉलेज दिल्ली और सोनिया विहार वाटर स्पोर्ट्स क्लब के कई युवा भी मौजूद रहे। सुबह श्री मांड़विया ने कहा, मोटापा एक बड़ा मुद्दा है और युवाओं के लिए एक बड़ी चुनौती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि आठ में से एक व्यक्ति मोटापे से ग्रस्त है। इसलिए इन दिनों व्यायाम और खेल खेलना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों में इसका उल्लेख किया। हमें अपने तेल की खपत कम करनी होगी और अपने खान-पान के प्रति बहुत सचेत रहना होगा। लगातार साइकिल चलाना मोटापे के खिलाफ इस लड़ाई में लाभकारी भूमिका निभाएगा। फिट इंडिया के माध्यम से हम इस लड़ाई को जीत सकते हैं। इस अवसर पर रुबीना फ्रांसिस ने कहा, इस तरह की पहल देश को अच्छे स्वास्थ्य की ओर ले जाती है और मोटापे के खिलाफ लड़ाई लड़ती है।

# मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के जमशेदपुर में 5 किमी प्रोमो रन 2025 में दौड़े 500 से अधिक युवा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज ने आज जमशेदपुर 5K प्रोमो रन 2025: इनोवेशन इन मोशन : हेल्थ और फिटनेस के लिए टेक्नोलॉजी को अपनाना कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस अनूठी मैराथन में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें झारखंड सशस्त्र बल (जैप) के आईपीएस आनंद प्रकाश समादेष्टा के सार्थक प्रयास से उनके 100 से अधिक कैडेट्स ने बढ़-चढ़ कर मैराथन में हिस्सा लिया और हर वर्ग में पदक भी जीते। साथ ही में स्कूल और कॉलेज के छात्र एवं कर्मचारी, स्वास्थ्यकर्मी और 20 वर्ष से कम तथा उससे अधिक उम्र के फिटनेस प्रेमी भी शामिल हुए।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्वी सिंहभूम के ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग (आईपीएस) द्वारा झंडी दिखा कर किया गया। उन्होंने न केवल मैराथन को हरी झंडी दिखाई बल्कि खुद भी पूरे 5 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर डायरेक्टर एकेडमिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड क्वालिटी डा राजीव द्विवेदी, एसोसिएट डीन (प्री-क्लीनिकल, पैरा-क्लीनिकल और क्लीनिकल) डा विनय कुमार, डा विजया कौटिल्या, चीफ ऑफ सिक्योरिटी कन्हैया उपाध्याय, हेड आउटरीच डा महेश्वर प्रसाद, एवं आयोजन सचिव क्षितिज मोहन, असिस्टेंट डायरेक्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन नीलम भी उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी गरिमामयी बना दिया।




दौड़ के लिए झंडी दिखाते ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग। साथ में डायरेक्टर डा राजीव द्विवेदी एवं अन्य और दौड़ में भाग लेते युवा।

मणिपाल मैराथन जमशेदपुर 5 के रन का समापन बड़े उत्साह के साथ हुआ। आयोजकों और प्रतिभागियों ने इसे एक वार्षिक परंपरा बनाने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल फिटनेस को बढ़ावा देने का एक मंच बना बल्कि चिकित्सा समुदाय और आम जनता के संबंधों को भी मजबूत किया।

बता दें कि प्रतिभागियों ने जबरदस्त जोश और उत्साह के साथ इस मैराथन में भाग लिया। सभी को उनकी भागीदारी के लिए पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विभिन्न श्रेणियों में विजेता निम्नलिखित रहेः

**विजेताः**

20 वर्ष से नीचे की श्रेणी में पुरुष विजेता : 1. श्रीजन मिश्रा - 20 मिनट 57 सेकंड, 2. राहुल मेहता - 21 मिनट, 3. राजेश गोराई - 20 मिनट 10 सेकंड।

20 वर्ष की श्रेणी में महिला विजेता :1. भैरवी मार्डी - 31 मिनट 54 सेकंड, 2. संजना कुमारी - 35 मिनट और 3. सुजाता सवर्न्या - 1 घंटा 49 सेकंड।

20 वर्ष से 40 वर्ष की श्रेणी में पुरुष विजेताः 1. दुगड़ सिंह कुंकल - 22 मिनट 17 सेकंड, 2. सोनुपरे - 23 मिनट 01 सेकंड और 3. शिवम वोडरा - 23 मिनट 03 सेकंड।

20 वर्ष से 40 वर्ष की श्रेणी में महिला विजेता : 1. तेजस कामटी - 34 मिनट 42 सेकंड, 2. कुमारी पिंकी - 38 मिनट 42 सेकंड और 3. डी. हेमलता - 41 मिनट 35 सेकंड।

40 वर्ष से अधिक की श्रेणी में पुरुष विजेताः 1. बिनय कुमार सिंह, 2. जय कांत और 3. दिलीप कुमार ठाकुर

40 वर्ष से अधिक की श्रेणी में महिला विजेता : 1. डॉ. जरिना बेगम, 2. डॉ. टी. नागम्मा और 3. डॉ. श्रुति हेगड़े।

**मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के बारे में जानिये**

मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर, मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन का एक प्रमुख संस्थान है, जिसे इंस्टीट्यूशन ऑफ इमिनेंस का दर्जा प्राप्त है। यह संस्थान उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के लिए समर्पित है। अत्याधुनिक सुविधाओं और समर्पित संकाय सदस्यों के साथ, कॉलेज का लक्ष्य भावी स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करना और समाज के कल्याण में योगदान देना है।

## स्पीड न्यूज

### गम्हरिया समेत पूर क्षेत्र में सरस्वती पूजा की धूम

**गम्हरिया/जमशेदपुर।** कांड्रा, गम्हरिया समेत पूरे कोल्हान प्रमंडल के आस-पास के क्षेत्रो में विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा श्रद्धा एवं उल्लास के साथ की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के कई शैक्षणिक संस्थानों में तथा पूजा कमेटी की ओर से पंडाल निर्माण कर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। याशिका हेरिटेज सतवाहिनी में धूमधाम से सरस्वती पूजनोत्सव का आयोजनत किया गया। इसके आयोजन में कविता देवी, भारती, रंजना, नेहा, किरण, शशिभूषण प्रसाद, राजीव पटेल, दिलीप पटनायक, संदीप, नीलकमल, समीर कविराज, परितोष, मनोरंजन आदि का योगदान दिया। इसी प्रकार, गम्हरिया स्थित स्टूडेंट कॉर्नर तथा ग्लोबल आईटी मे मां सरस्वती की पूजा बड़े धूमधाम से की गई। इस मौके पर संस्थान के करीब 500 से अधिक बच्चे शामिल हुए। इसमें चंचल साहू, विश्वजीत मोहंती, दीप, दियोतिमा बोस, शीला हांसदा, राहूल, सूर्वना, कुमकुम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### धर्म संस्था मंदिर में महा गणपति हवन संपन्न

**जमशेदपुर।** श्री धर्म संस्था मंदिर में तीसरे दिन की पूजा आज सुबह पारंपरिक महा गणपति हवन के साथ शुरू हुई। बाद में 32 अतिथि वेद पंडितों ने श्री कार्तिक के लिए कलश स्थापित किया और कौमरम पूजा की जिसके बाद मूल मंत्र जाप और हवन का आयोजन किया गया। फिर हवन में पूर्णाहुति दी गई। सभी पूजा और हवन मुख्य पुजारी श्री विजय भानु के मार्गदर्शन में मंदिर के अध्यक्ष श्री पीएन शंकरन द्वारा किए गए। महाआरती दिखाने के बाद मंदिर के सदस्यों द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। शाम को, एक बार फिर महा दीपाराधना की गई, जबकि वेद पंडितों ने रुद्र क्रमार्चन और वेदों का जाप किया। श्री एन राममूर्ति, अध्यक्ष, श्री बी सुब्रमण्यन, सचिव, श्री ए एस विश्वेश्वरन, कोषाध्यक्ष, श्री एस शिवकुमार, श्री एस श्रीनिवासन, श्री जी शिजुलल, श्री एस वेंकटरमन, संयुक्त सचिव, श्री एस प्रदीप, श्री जे सुरेश, श्री एस रमेश, श्री एम एस वी शिवा, सदस्य और मंदिर के कई अन्य सदस्य पूजा में सहायता कर रहे हैं।

### नि:शुल्क पतंजलि योग शिविर का शुभारंभ

**जमशेदपुर।** पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट हरिद्वार के तत्वावधान में आठ दिवसीय नि:शुल्क पतंजलि योग शिविर का भव्य शुभारंभ वैदिक मंत्रोचार और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सुप्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर मनीष डूड़िया, स्थानीय जिला पार्षद डॉक्टर परितोष कुमार, भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी अजय कुमार झा, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी कृष्ण कुमार, महिला पतंजलि सह जिला प्रभारी गौरी कर, सोशल मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार, यज्ञ प्रभारी आशुतोष कुमार झा, शिविर प्रभारी संगीता शर्मा, प्रखंड युवा प्रभारी अशोक शर्मा और शिविर के मुख्य संचालनकर्ता सुजीत शर्मा उपस्थित थे। शिविर की शुरूआत वैदिक प्रार्थना और यौगिक जॉगिंग के साथ की गई भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी और योग प्रशिक्षक अजय कुमार झा ने योग के महत्व के विषय में प्रकाश डालते हुए कहा कि योग आज हर आयु वर्ग के लिए अति आवश्यक हो गया है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने की सलाह दी और इसके सही तरीके से करने की विधि भी समझाया। शिविर के दौरान विभिन्न प्रशिक्षकों ने कई तरह के योगाभ्यास करके बताया ।शिविर के प्रथम दिवस का समापन सामूहिक ताली वादन, हास्यासन और सिंह गर्जना के साथ हुआ। अंत में जिला यज्ञ प्रभारी आशुतोष कुमार झा के दिशा निर्देशन में वैदिक यज्ञ - हवन किया गया। शिविर के नेतृत्व कर्ता मुख्य योग शिक्षक सुजीत कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर प्रतिदिन प्रात: 6:00 बजे से 7:30 बजे तक चलेगी, जिसमें प्रतिदिन पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के दिशा निदेर्शानुसार प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा विभिन्न रोगानुसार योग, जड़ी बूटी, प्राकृतिक चिकित्सा, यज्ञ - हवन और भारतीय संस्कृति की जानकारी दी जायेगी।

# समाज को गरीबी से निकालने का जरिया शिक्षा : रघुवर दास

- पासी समाज के वार्षिक मिलन समारोह को पूर्व सीएम ने किया संबोधित
- कहा- बीते पांच साल में बर्बाद सूर्य मंदिर की हरियाली फिर लौटायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पासी समाज कोल्हान प्रमंडल समिति का 12 वां वार्षिक मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन आज सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर पार्क में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा डा भीम राव अंबेडकर एवं महाराजा बिजली पासी की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

समारोह में ओडिसा के पूर्व राज्यपाल सह झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे। रघुवर दास ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार बाबा साहेब अंबेडकर ने विपरित परिस्थितियों का सामना करते हुए समाज के उत्थान के लिए योगदान किया वह अतुलनीय है। श्री दास ने पासी समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें ताकि समाज के उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो सके।



पासी समाज के वनभोज कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व सीएम रघुवर दास।

रघुवर दास ने पासी समाज को सामुदायिक भवन निर्माण में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने पासी समाज को उनके मिलन समारोह पर बधाई देती है। पांच वर्ष में सूर्य मंदिर परिसर में कैंपस को किसी व्यक्ति ने बर्बाद कर दिया है। किन्तु अगले पांच माह में पहले की तरह हरा-भरा हो जायेगा। श्री दास ने आगे कहा कि देश की आजादी में आदिवासी समाज, पासी समाज, पासवान समेत तमाम शोषित समाज ने देश की आजादी के लिए कुर्बानी दी किंतु एक पार्टी ने एक वंश को ही आंदोलनकारी बताया। भारत रत्न डा भीम राव अंबेडकर को भारत रत्न आजादी के बाद ही मिलनी चाहिए थी किन्तु अटल सरकार ने उन्हें दिया। केंद्रीय कक्ष संसद में भी भीम राव अंबेडकर की मूर्ति लगायी है मोदी जी ने। उनके मऊ स्थित जन्म स्थान को विकसित किया जा रहा है। इसी तरह भाजपा सरकार ने बिरसा मुंडा की जेल को 100 करोड़ की लागत से म्यूजियम बना रही है। पूर्व सीएम ने कहा कि पासी समाज दीन नहीं है इस मानसिकता से आप लोग उबरिये। उन्होंने आगे कहा कि मार्टिन लूथर के बाद भीम राव अंबेडकर ही महान समाज सुधारक हुए हैं। शिक्षा ही समाज की गरीबी को समाप्त कर सकता है। अंबेडकर शिक्षा लेकर आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने दूसरे समाज से घृणा करना नहीं सिखाया है। शिक्षा से समझदारी आती है और समझदारी से इमानदारी आती है। संगठन में शक्ति है इसे आत्मसात करिये। कार्यक्रम में श्री दास को शॉल ओढ़ा कर एवं गुलदस्ता देकर समाज के अध्यक्ष कंचन लाल ने अभिनंदन किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, विधायक मंगल कालिंदी के प्रतिनिधि माणिक मल्लिक, पूर्व पार्षद किशोर यादव, पंसस सुनील गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### नरवा : सड़क हादसे में युवती की मौत, युवक घायल



**जमशेदपुर।** नरवा जमशेदपुर मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक-युवती बुरी तरह घायल हो गए। युवती की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि युवक का इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा है। युवती का नाम सृष्टि है जो बिरसानगर जोन नंबर-1 निवासी राजेश पटेल और निर्मला पटेल की बेटी हैं जबकि घायल युवक किशन सिंह गोविंदपुर सुंदरहातु का रहने वाला है जो टाटा पावर कंपनी में ट्रक का खलासी का काम करता है। सृष्टि की मां निर्मला पटेल ने बताया कि उनकी बेटी सृष्टि आज सुबह काम पर गयी थी। दिन के 12 बजे फोन की तो बेटी ने कहा कि मां मैं किशन सिंह जिसके साथ काम करती हूं उसके साथ मंदिर आई हूं। बोली आधे घंटे में आ जाउंगी। एक घंटे बाद लड़के की बहन का फोन आया कि आप जल्दी एमजीएम पहुंचिए आपकी बेटी का एक्सीडेंट हो गया है। बेटी को फोन किया तो फोन स्वीच ऑफ था। मेरी बहन जब एमजीएम पहुंची तो पता चला कि मेरी बेटी इस दुनिया में नहीं है। दुर्घटना में मृत सृष्टि के कमर से नीचे पूरा डैमेज हो गया है जबकि लड़के को हल्का खरोंच आया है। सृष्टि के पिता और बिरसानगर जोन नंबर-1 निवासी राजेश पटेल ने पूछा कि तुम कौन गाड़ी से गया था तो बोला कि टीवीएस बाइक से गया था कि न्तु वह टीवीएस कि कौन सी बाइक से गया था वह नहीं बता पा रहा। बोला कि नरवा से लौट रहे थे कि किसी टिफिन वाली गाड़ी ने धक्का मार दिया। लेकिन सृष्टि की मां निर्मला पटेल को आशंका है कि लड़के ने कुछ गलत करके बेटी का एक्सीडेंट करवा दिया है।

### सरस्वती पूजा के दौरान वीमेंस कॉलेज में विद्यार्थियों के रंग





सरस्वती पूजा के दिन आज जमशेदपुर महिला कॉलेज में छात्राएं साड़ी पहन कर आयीं और पूजा-पाठ में सक्रिय भाग लिया। इस दौरान साड़ी में एक-दूसरे के प्रति फैशन को न सिर्फ उन्होंने सराहा बल्कि जम कर सेल्फी भी ली।

## जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह कल

- राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि, डीसी, एसएसपी ने लिया तैयारी का जायजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** राज्यपाल, झारखंड संतोष गंगवार का जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना प्रस्तावित है। 4 फरवरी को दीक्षांत समारोह सिदगोड़ा स्थित विश्वविद्यालय परिसर में होगा जहां तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राज्यपाल के आगमन के मद्देनजर जिला प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता तैयारियां कर रही है। इसी क्रम में दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल ने सिदगोड़ा स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर पीडी आइटीडीए दीपांकर चौधरी, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, डीटीओ धनंजय, डीएसपी भोला प्रसाद तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान जिले के वरीय पदाधिकारियों ने महिला विश्वविद्यालय में की जारी तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया तथा सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर आवश्यक कदम उठाये जाने की समीक्षा की।



आयोजन स्थल का निरीक्षण करते डीसी अनन्य मित्तल व अन्य।

## जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने जनसुविधा प्रतिनिधियों की नियुक्ति की



अनुज चौधरी, एसपी सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद और नीरज सिंह।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने अपने विधानसभा क्षेत्र में कार्यों को बेहतर तरीके से करने के लिए वरिष्ठ नेता मुकुल मिश्रा को जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र का जनसुविधा प्रतिनिधि नियुक्त किया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार, धर्मेंद्र प्रसाद को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति का जनसुविधा प्रतिनिधि बनाया गया है। इसके साथ ही मानगो निवासी पप्पू सिंह को मानगो नगर निगम क्षेत्र का जनसुविधा प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। पूर्व शिक्षाधिकारी एसपी सिंह को पश्चिम विधानसभा क्षेत्र का शिक्षा-जनसुविधा प्रतिनिधि बनाया गया है। नीरज सिंह को जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं एवं सामाजिक कल्याण-जनसुविधा प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार, श्री राय ने सातों मंडलों में भी जनसुविधा प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। सोनारी मंडल का प्रतिनिधि रवि ठाकुर को, कदमा मंडल का प्रतिनिधि अनुज चौधरी को, बिष्टुपुर मंडल का प्रतिनिधि सन्नी सिंह को, साकची मंडल का प्रतिनिधि विवेक पांडेय को, मानगो मंडल का प्रतिनिधि पिंटू सिंह को, उलीडीह मंडल का प्रतिनिधि संतोष भगत को और आजादनगर मंडल का प्रतिनिधि मोहम्मद नेसार अहमद को बनाया गया है। ये सभी जनसुविधा प्रतिनिधि हैं। श्री राय ने कहा कि जनसुविधा प्रतिनिधियों की नियुक्ति इसलिए की गई ताकि क्षेत्र की जनता की पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनकल्याण से संबंधित समस्याओं का निवारण करना इनकी प्रमुख जिम्मेदारी है।

## बजट मजदूर और आम जन विरोधी, पांच को साकची में प्रदर्शन करेंगे ट्रेड यूनियनों के नेता

- केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं स्वतंत्र फेडरेशनों का संयुक्त मंच, कोल्हान की बैठक में हुआ निर्णय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टिनप्लेट यूनियन कार्यालय में राकेश्वर पांडेय की अध्यक्षता में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं स्वतंत्र फेडरेशनों की बैठक हुई, जिसमें ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच की ओर से केंद्रीय बजट की निंदा करते हुए इसे देश के मजदूर वर्ग की चिंताओं और दुर्दशा को संबोधित किए बिना लूट को बढ़ावा देने की एक भ्रामक चाल बताया गया। बजट की निंदा करते हुए कहा कि यह राष्ट्र के मजदूर वर्ग की चिंताओं और दुर्दशा को संबोधित किए बिना लूट को बढ़ावा देने का एक भ्रामक तरीका है। सीटू मजदूरों और अन्य वर्गों के लोगों से आह्वान करता है कि वे 5 फरवरी 2025 को पूरे देश में सामूहिक रूप से इस मजदूर विरोधी, जन विरोधी, राष्ट्र विरोधी बजट के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध कार्रवाई में शामिल हों, जो नव उदारवादी ताकतों के हितों को बढ़ावा देता है।



बैठक के प्रश्चात ट्रेड यूनियन नेतागण।

## स्वतंत्रता सेनानी प. नोखेलाल के घर के पास लफुआ अड्डाबाजी से लोग परेशान

- सीनियर एसपी से शिकायत पर भी पुलिस नहीं दिखा रही सक्रियता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के स्तंभ स्वंतत्रता सेनानी पं नोखे लाल मिश्र के परसुडीह थाना क्षेत्र के संत जेवियर्स स्कूल रोड आनंद निवास खासमहल के मेन रोड के बगल में आवास के नजदीक शहर के अपराधियों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे आस पास के लोग अपराधियों के हरकत से काफी परेशान हैं। शाम ढलते ही अपराधकर्मी दुकान से शराब लेकर सड़क के किनारे आवास के सामने खुलेआम शराब का सेवन करते हैं जिससे शाम ढलते ही उस सड़क से होकर गुजरना महिला, पुरुष का दुश्वार हो जाता है। खासमहल स्थिति आनंद निवास के अंदर रहने वाली महिलाएं दहशत में रहती हैं। आसपास के लोगों के द्वारा अपराधियों के इस हरकत का विरोध करने पर गाली गलौज और रिवाल्वर दिखाकर धमकाया जाता है जिससे उस आवास के अंदर रहने वाली महिलाएं हमेशा अपराधियों के दहशत है। सड़क के किनारे टेंपो-बाइक से अपराधियों का जमावड़ा लगा रहता है।

## एसडीएसएम स्कूल का ग्रेजुएशन नाइट समारोह 2024-2025 धूमधाम से हुआ संपन्न



**जमशेदपुर।** गत शनिवार को संध्या, एस.डी.एस.एम.स्कूल फॉर एक्सीलेंस के प्रागंण में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन नाइट समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में 198 विद्यार्थियों ने अपने उज्ज्वल भविष्य के सपनों को साकार करने की प्रतिज्ञा ली। समारोह का शुभारंभ अतिथि जमषेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी पी. जी.डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन के प्रमुख व प्रोफेसर डॉ0 संजय भूइयां, समाजसेविका मैडम कमला वेंकट, विद्यालय मैनेजिंग कमिटि की स्कूल मैनेजर डॉ.निर्मला शुक्ला, प्राचार्य श्रीमती मौसमी दास ने संयुक्त रूप से श्लोक वंदना के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। ग्रजुएटिंग छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए अतिथि डॉ0 संजय भूइयां ने छात्रों को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ कर्मठ बनने की सलाह दी एवं षिक्षक, अभिभावक, विद्यालय व संसति का सम्मान करने एवं याद रखने को कहा जिन्होंने उन्हें यहां तक पहुंचने में अहम् भूमिका निभायी एवं उनकी खुशी में सरीक हुए। डॉ0 निर्मला शुक्ला ने छात्रों को याद दिलाते हुए कहा कि उनके लिए आज विद्यालय का अंतिम दिन नहीं बल्कि नई दुनिया में अपने निजी व्यक्तित्व के साथ सपनों को साकार करने के लिए प्रवेष करने का दिन है। अतिथि मैडम कमला वेंकट ने छात्रों को व्यक्तित्व और कैरियर निर्माण के लिए स्टीव जॉब्स के कथ्यन का उल्लेख किया। कुछ विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय जीवन के अनुभवों को सबके साथ साझा किया। इस सत्र का स्पेशल अवार्ड विद्यार्थी अनमोल रतल (12 ए), भारती ठाकुर (12 डी), उज्ज्वल कुमार (12 सी) तथा प्रतिष्ठित प्रिंसिपल अवार्ड विद्यार्थी शुभम दत्ता (12 ए ), रिद्धि कुमारी (12 बी), को प्रदान किया गया। प्राचार्या मौसमी दास ने बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोान में कहा कि जीवन चुनौतियों से भरा स्वयं में एक परीक्षा है।

## ब्राह्मणों का त्याग इतिहास में अंकित, समाजहित में आगे भी त्याग जरूरी : राकेश्वर पांडेय

- भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति ने मनाया वनभोज
- ब्राह्मण सशक्तिकरण और मजबूतीकरण ही उद्देश्य है समिति का : कमलकिशोर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रविवार को भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति का वनभोज का आयोजन हुडको पार्क टेल्को जमशेदपुर में मनाई गई , जिसमें सामाजिक रूप से मजबूत संगठन के निर्माण और समाज में गरीबी रेखा में जी रहे ब्राह्मणों के उत्थान और उनके परिवार को सशक्त बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना है।



वनभोज में भोजन ग्रहण करते इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय व अन्य प्रबुद्धजन।

समिति के संयोजक कमलकिशोर ने बताया कि भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति वैसे शिक्षित बच्चों जिन्हें स्कूली शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई हो रही हो , वैसे युवा पीढ़ी जो समाज के मुख्य धारा से विमुख होकर भटक गए है उन्हें भी मुख्य धारा से जोड़ना प्राथमिकता रहेगी समिति का। साथ ही समाज को संगठित करने के लिए सभी कठिनाइयों को दूर करने का संकल्प लेकर आगे बढ़े तभी समाज का विकास होगा और एक बेहतर समाज की परिकल्पना को पूर्ण करने का कार्य करेंगे। वर्तमान परिदृश्य में वामपंथी विचारधार के लोग या अंग्रेजी सम्राज्य के पालतू विद्वानों ने सदैव ही ब्राह्मणों को नीचा दिखाने का प्रयास किया है लेकिन आज के परिवेश में ब्राह्मणों प्रतिभा को मौका न मिल पाने का कारण वैसे ब्राह्मणों का मानसिक शोषण हो रहा है इससे उबरने का प्रयास करना होगा । कमलकिशोर ने आगे कहा कि सनातन धर्म को मानने वाले लोगों के समग्र विकास का कार्य भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति करेगी, साथ सभी जाती वर्ग के गरीब शिक्षित बच्चों जिनके पढ़ाई लिखाई का खर्च भी वहन करने का कार्य समिति करेगी इसकी भीं तैयारी करनी है।

समाज के अग्रणी नेता राकेश्वर पांडेय ने कहा कि जब जब इस सृष्टि को जरूरत पड़ी है सदैव ब्राह्मण परिवार ही त्याग करता है और आगे भी निरंतर करता रहेगा लेकिन इस सृष्टि के निर्माण में सिर्फ ब्राह्मण ही त्याग करेंगे इस विषय को आज चिंतन करने की आवश्यकता है क्योंकि आज के वर्तमान परिवेश में सिर्फ ब्राह्मण ही उपेक्षा के शिकार हो रहे है और इन्हीं उपेक्षाओं का कारण ढूंढने की आवश्यकता है।

# 46वां झारखंड स्थापना दिवस को लेकर दुमका में उमड़ा जनसैलाब

## राज्य की जनता को पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन का संदेश सीएम हेमंत सोरेन ने लोगो को सुनाया

खबर मन्त्र संवाददाता





**दुमका।** 46वां झारखंड दिवस स्थापना समारोह को लेकर एसपी कॉलेज मैदान से रैली निकली। रैली राजमहल सांसद विजय हांसदा एवं स्थानीय विधायक बसंत सोरेन के संयुक्त नेतृत्व में कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान के लिए रवाना हुए। रैली शिवपहाड़ होते हुए पोखरा चौक पहुंची। जहां संताल हूल के महानायक सिदो-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद रैली टिन बाजार, नीचे बाजार, वीर कुंवर सिंह चौक, तिलका माझी चौक के रास्ते मे पड़ने वाले महापुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गांधी मैदान पहुंच सभा मे तब्दील हो गई। कार्यक्रम स्थल के मंच से नेता व विधायक लोगो का अभिवादन किया। स्थापना दिवस समारोह में शिरकत करने के लिए सीएम हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन भी दुमका पहुंचे। जहां विधायक बसंत सोरेन एवं डॉ लुईस मरांडी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। वही प्रशासन गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद सीएम सोरेन खिजुरिया स्थित दिशोम गुरु शिबू सोरेन आवास खिजुरिया पहुंचे। देर शाम को कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान पहुंचे। जहां लोगो को संबोधित कर राज्य के नाम संदेश देंगे। हालांकि बढती उम्र के कारण झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन इस बाद स्थापना दिवस समारोह में शिरकत नहीं कर सके। सीएम सह पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन दिशोम गुरु शिबू सोरेन का संदेश लोगो को सुनाया। स्थापना दिवस समारोह झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी द्वारा अलग झारखंड की संघर्ष की लड़ाई की याद दिलाती है। रैली में पारंपरिक परिधान में आदिवासी-मूलवासी एवं झामुमो कार्यकर्ता पार्टी के झंडे, पारंपरिक हथियार तीर-धनुष, वाद्य यंत्र टमाक एवं नगारा से लैश होकर हजारों की संख्या में महिला, पुरूष एवं बुजुर्ग पहुंचे। समारोह में सांसद नलीन सोरेन समेत कई विधायक व नेता शिरकत कर लोगो को पार्टी के आगामी कार्य योजना एवं राज्य की जनता के विकास के पैमाने बताया। हर साल की भांति पार्टी अध्यक्ष आने वाले साल को लेकर 47 वां झंडोतोलन आगाज किया। स्थापना दिवस समारोह में राज्य की समस्या एवं समाधान पर चर्चा नेताओं ने किया। केंद्र एवं राज्य सरकार के कार्यशैली पर चर्चा किया। राज्य के आगामी विकास की रणनीति पर चर्चा हुई। स्थापना दिवस समारोह को लेकर उपराजधानी दुमका पुरी तरह लाईट सज्जा से जगमग रहा।

**शहीदों के नाम से बनाये गए 46 तोरण द्वार :** उपराजधानी दुमका पूरी तरह हरा रंग के पार्टी के पताखा और झंडे से पटा रहा। शहर के प्रवेश द्वार शहीदों एवं महापुरुषों के नाम से तोरण द्वार बनाया गया है। स्थापना दिवस की सालगिरह के अनुसार इस बार 46 तोरण द्वार बनाये गये है। जिसमें शहीदों एवं महापुरुषों का नाम और पार्टी के आला नेताओं का होडिंग दिखी। संचालन पार्टी प्रवक्ता अब्दुस सलाम अंसारी ने किया।

स्पीड न्यूज

### मंत्री ने गर्री कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण का किया शिलान्यास



बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड अन्तर्गत गर्री में कल्याण विभाग की ओर से बनने वाली कब्रिस्तान चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्द निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने किया। मौके पर कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति कुमारी एवं बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम भी मौजूद थे। इस दौरान मंत्री महतो ने कहा कि पांच वर्षो में विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। कहा कि क्षेत्र के विकास में ग्रामीणों को अपेक्षित सहयोग करने की जरूरत है। कहा कि कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा। ग्रामीणों को मूलभूत समस्याओ को बहुत जल्द प्राथमिकता के आधार पर सुविधा मिले इसके लिए लिए प्रयास किए जा रहे है। कहा कि कब्रिस्तान पर चहारदीवारी निर्माण होना से कब्रिस्तान की जमीन पर कोई अतिक्रमण नहीं कर पाएगा एवं पवित्रता बनी रहेगी। मौके पर पूर्व जिप सदस्य विमल जायसवाल सदर मो शेर ए आलम सचिव सकिब अंसारी खंजाची मोबिन अंसारी कोशर अली रिजवान अंसारी इंतखाब आलम शाहिद रजा किस्मती राजेश कपरदार धनंजय स्वर्णकार विनित जायसवाल रामसाय हांसदा कुलदीप करमाली सुभाष ठाकुर नंदन कपरदार फारूक अंसारी बिनोद बिहारी महतो रवि शंकर मेहता द्वारिका प्रसाद महतो आदि उपस्थित थे।

### झारखंड आंदोलनकारी स्व करमचंद के परिजनों से मिले मंत्री योगेंद्र

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड भ्रमण के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने झारखंड आंदोलनकारी व झामुमो नेता स्व करमचंद नायक के परिजनों से मिल शोक सांत्वना व्यक्त किया। वहीं कसमार हाई स्कूल चौक स्थित दुकानदारों से भी मिलकर जिला परिषद द्वारा प्रस्तावित मार्केट कांप्लैक्स निर्माण को लेकर रायशुमारी की। मंत्री महतो कांग्रेस नेता मुरारी कृष्ण चौबे के घर भी गये। जहां उनकी पुत्रवधू के श्राद्धकर्म में हिस्सा लिया।

### एसपी कॉलेज के शुभम का 28 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के लिए हुआ चयन

**दुमका।** एसपी कॉलेज के इतिहास विभाग के सेमेस्टर-6 के छात्र शुभम कुमार चौधरी का चयन राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के लिए हुआ। चयन कॉलेज के एनएसएस यूनिट 02 के स्वयंसेवक के रूप में हुई। चयन झारखंड सरकार के खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय के अंतर्गत झारखंड राज्य के युवा दल में हुआ है। शुभम आने वाले 28 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 में भाग लेंगे। महोत्सव 10 से 12 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली में अयोजित होगी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव एवं एनएसएस इकाई 02 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रूपम कुमारी ने शुभम की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कॉलेज के टीचिंग और ननटीचिंग स्टाफ ने भी शुभम को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी है।

## बेरमो : ऊपरघाट के जंगल से पुलिस ने बरामद किया एके 47 सहित अन्य विस्फोटक सामान

### सर्च अभियान के दौरान पुलिस को मिली बड़ी सफलता





खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो जिले के नावाडीह प्रखण्ड अंतर्गत पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के जंगल में उस समय एक बड़ी सफलता हाथ लगी जब सर्च अभियान के दौरान एक एके 47 सहित पेट्रोल बम के साथ कई कारतूस, मैगजीन व अन्य समान बरामद किया है।

इस सर्च अभियान में पुलिस और सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के द्वारा पेक नारायणपुर थाना क्षेत्र के ऊपरघाट के जंगल में माओवादी नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा था। कुछ दिन पहले ही पेक नारायणपुर थाना क्षेत्र के ऊपरघाट के इसी जंगल में भाकपा माओवादी के साथ मुठभेड़ में एक महिला सहित दो नक्सली को पुलिस ने मार गिराया गया था। यहां पुलिस ने बरामद बम को भी डिफ्यूज कर दिया।

इस घटना के बाद लगातार सर्च ऑपरेशन जंगलों में पुलिस के द्वारा चलाया जा रहा है। यहां पुलिस एक करोड़ के इनामी नक्सली विवेक की खोज में सर्च अभियान पुलिस,एवं सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन लगातार झूमरा सहित पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के जंगलों में चला रहा है। बोकारो जिला पुलिस अधीक्षक मनोज स्वगीर्यारी ने इसकी पुष्टि की है। कहा कि पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने छुपा कर ये सारे हथियार रखे थे। बताता चलूं कि यह घटना बीते देर शाम की बताई जाती है।

इस सफलता के बाद पुलिस दुगुनी गति से सर्च अभियान चला रही है।

## स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति मंच ने थाना प्रभारी को दी बधाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/कथारा।** कथारा ओ पी के थाना प्रभारी राजेश प्रजापति आम जनता और पुलिस के बीच मैत्री संबंध का मिसाल कायम करने में एक कदम आगे बढ़कर कार्य कर रहे हैं उनके कार्य शैली से लोगों में राहत महसूस देने वाला एहसास हो रहा है। लोग के बीच इनके द्वारा कार्य की सराहना हो रही है क्षेत्र के दर्जनों ऐसे लाचार और वेवश लोगों के बीच राहत प्रदान का मामला हो खोया पाया का मामला हो या जरूरतमंदों के बीच उनके इलाज का मामला हो या ठंड से राहत देने की बात हो हर चीजों में बढ़-चढ़कर अपने जवाब देही का निर्वाह कर रहे हैं। जिसकी चर्चा लोगों के बीच में उनके कार्य प्रणाली को लेकर हो रही है। उनके उत्कृष्ट कार्य से मजदूर मसीहा स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति विचार मंच कथारा की ओर से सम्मानित किया गया। थाना प्रभारी राजेश प्रजापति ने कहा पुलिस और आम जनता के बीच मैत्री संबंध स्थापित कर कुरीतियों से समाज को राहत प्रदान किया जा सकता है। किसी भी हाल में क्षेत्र में गलत चीज को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जनता के बीच अमन चैन और शांति मेरी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर मंच के अजय कुमार सिंह वेदव्यास चौबे बी एन तिवारी कमलकांत सिंह सुजीत मिश्रा मोहम्मद नसीम अख्तर राजू वर्मा संतोष सिंन्हा प्रमोद यादव अर्जुन चौहान व अन्य शामिल थे।

## बायोडायवर्सिटी पार्क गोड्डा में तीरंदाजी खेल हुआ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** तीरंदाजी के पारंपरिक महिला वर्ग में प्रथम अश्वनी मुर्मू द्वितीय सवीना हसदा और तृतीय मीणा टुडू ने स्थान प्राप्त किया। तीरंदाजी के पारंपरिक प्रतियोगिता पुरुष अंतर्गत ओपन पुरुष वर्ग में प्रथम जियालाल मुर्मू द्वितीय रमेश मरांडी और तृतीय दिलीप कुमार हसदा ने स्थान प्राप्त किया। इंडियन राउंड गर्ल्स में प्रथम स्थान तनु कुमारी द्वितीय स्थान रीमा भारती और तृतीय स्थान मीठी कुमारी ने प्राप्त किया। लड़कियों के लिए कंपाउंड तीरंदाजी में प्रथम राजलक्ष्मी द्वितीय प्रिया कुमारी और तृतीय समीरा खातून ने स्थान प्राप्त किया। लड़कियों के रिकवर तीरंदाजी में प्रथम रोजी कुमारी और द्वितीय प्रीति कुमारी ने स्थान हासिल किया। इंडियन राउंड तीरंदाजी में प्रथम रघु हंसदा द्वितीय अंश कुमार गुप्ता और तृतीय सोनू कुमार ने स्थान हासिल किया। कंपाउंड राउंड अंतर्गत बच्चों के लिए तीरंदाजी में प्रथम स्थान अरशद अली द्वितीय स्थान पर रहमत अली स्थान हासिल किया। तीरंदाजी के रिकवर राउंड में लड़कों के श्रेणी में प्रथम असलम अली द्वितीय रवि कुमार रामानी और तृतीय स्थान सागर कुमार ने प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता में तीरंदाजी प्रशिक्षक राजा सिंह ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई। इस अवसर पर तीरंदाजी संघ के सहसचिव अजीत कुमार सहाय, जय किशोर ठाकुर, आशुतोष तिवारी, चंद्र पंडित इत्यादि ने सक्रिय भूमिका निभाई। अबुल कलाम आजाद जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## बीएसएल का पूरे सेल में क्रूड स्टील का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन, ब्लास्ट फर्नेस में भी हॉट मेटल उत्पादन का रिकॉर्ड

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के दक्ष कर्मियों ने एक और नया कीर्तिमान रचा है। प्लांट के एसएमएस 2 एवं सीसीएस विभाग ने वर्ष 2025 के जनवरी माह में 337500 टन क्रूड स्टील का उत्पादन करके पूरे सेल में क्रूड स्टील के मासिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया है।

इसके पूर्व सेल के भिलाई इस्पात संयंत्र ने 337184 टन क्रूड स्टील का रिकॉर्ड मासिक उत्पादन किया था। कार्यकारी निदेशक प्रभारी सीआर महापात्रा के साथ बोकारो स्टील के शीर्ष प्रबंधन ने मुख्य महाप्रबंधक एसएमएस 2 एवं सीसीएस अरविन्द कुमार एवं उनकी समस्त टीम तथा सभी सहयोगी विभागों तथा संविदा कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में जनवरी 2025 माह में चार फर्नेस परिचालन से अब तक का सर्वश्रेठ 468010 टन हॉट मेटल का उत्पादन का नया मासिक रिकॉर्ड बना है। उल्लेखनीय है कि पिछला सर्वश्रेष्ठ मासिक हॉट मेटल उत्पादन का रिकॉर्ड मार्च 2024 में 437837 टन हॉट मेटल का उत्पादन चार फर्नेस के ऑपरेशन से कायम किया गया था।

जनवरी 2025 माह में ब्लास्ट फर्नेस संख्या 01- 02 और 05 से अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक 109989-141824-109923 टन हॉट मेटल का उत्पादन करने के साथ ब्लास्ट फर्नेस विभाग में जनवरी 2025 माह में अब तक का सर्वश्रेठ 468010 टन हॉट मेटल का उत्पादन का नया मासिक रिकॉर्ड बना है। इन कीर्तिमानों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बीएसएल के कार्यकारी निदेशक प्रभारी सीआर महापात्रा के साथ बोकारो स्टील के शीर्ष प्रबंधन ने सीजीएम ब्लास्ट फर्नेस शौविक रॉय एवं उनकी समस्त टीम तथा सभी सहयोगी विभागों तथा संविदा कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## वेदांता स्टील ने सिट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने अपने प्रोजेक्ट प्रेरणा के तहत सिट एंड ड्रॉ ओपन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसका उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता और कलात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना है। यह प्रतियोगिता बाबूग्राम में हुई जो युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन और अपने कलात्मक कौशल में आत्मविश्वास विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। इस अवसर पर ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि प्रोजेक्ट प्रेरणा युवा प्रतिभाओं के पोषण और रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति की संस्कृति को विकसित करने के लिए समर्पित है। 400 से अधिक छात्रों की जबरदस्त भागीदारी इस पहल की सफलता का प्रमाण है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमारा उद्देश्य बच्चों में कला के प्रति जुनून जगाना एवं उन्हें अपनी रचनात्मक क्षमता का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करना और साथ ही उन्हें अपनी प्रतिभा को पहचान दिलाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह कार्यक्रम युवा कलात्मक प्रतिभा का एक भव्य उत्सव था जो सभी आयु वर्ग के छात्रों के लिए खुली थी। प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायकों के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया गया, एक विश्व रिकॉर्ड धारक झारखंड रत्न और राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता मोहन आजाद बिद्यंती कुमारी वरिष्ठ शिक्षिका अजय कुमार वर्मा चंदनकियारी बीडीओ गांधारी देवी शैलेन्द्र शेखर युधिष्ठिर महतो वार्ड सदस्य चंदाहा व कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में देवघर के युवक की मौत, प्रशिक्षु नर्स गंभीर

### गुहियाजोरी के पास खड़े हाईवा से टकराई बाइक

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुहियाजोरी के पास खड़े हाईवा में पल्सर सवार युवक ने ठोकर मार दी। घटना रविवार की दोपहर में घटी। दुर्घटना इतनी जबरदस्त हुई कि मौके पर ही 25 वर्षीय के सुदामा मंडल की मौत हो गई। वहीं उसकी महिला मित्र 24 वर्षीय डोली कुमारी घायल हो गई। सुदामा देवघर जिले के चितरा थाना क्षेत्र के वीरमाटी गांव का रहने वाला था। वह देवघर में अपना कोचिंग संस्थान चलाता था। जबकि युवती देवघर के करनीबाग की रहने वाली है। युवती गोडडा में एएनएम का प्रशिक्षण ले रही है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल युवती को बेहतर इलाज के लिए परिजन देवघर ले गए हैं। जानकारी के अनुसार दोपहर को दोनों लोग गोडडा से नई पल्सर बाइक से रामगढ़ होते हुए दुमका आ रहे थे। सुदामा बाइक की गति पर नियंत्रण नहीं रख सका और गुहियाजोरी में सड़क किनारे खड़े हाईवा से टकरा गया। हाफ हेलमेट पहने रहने के बाद भी उसके सिर हाईवा की मोटी राड से टकराकर फट गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मुफस्सिल थाना के एएसआइ बबन कुमार सिंह दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने सुदामा को मृत घोषित कर दिया।

एक नजर में

### गोमिया विधायक सह मंत्री योगेंद्र प्रसाद का महाविद्यालय में किया गया स्वागत



**बेरमो।** बोकारो जिला के तेनुघाट महाविद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में गोमिया विधायक सह राज्य के पेय जल एवं स्वच्छता सह उत्पाद एवं मद निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद का स्वागत सह सम्मान किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सुदामा तिवारी द्वारा मंत्री को 51 किलो का फूल माला पहनाया गया तथा शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा चंदन लगा कर एवं पुष्प वर्षा कर मंत्री का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को मंत्री ए अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया। छात्राओं द्वारा मंत्री के स्वागत में हिंदी एवं संथाली में स्वागत गान गा कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में मंत्री प्रसाद ने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि गोमिया विधानसभा में वर्ष 2016 के पूर्व उच्च शिक्षा के लिए एक भी बेहतर कॉलेज नहीं था। उन्होंने गोमिया प्रखंड में डिग्री कॉलेज दिया। कहा कि तेनुघाट में डिग्री कॉलेज में शिक्षा का स्तर तो अच्छा है, पर व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। पूर्व में उन्होंने व्यवस्था में सुधार का प्रयास किया था, परन्तु परिस्थिति में बदलाव हो जाने के कारण कुछ कार्य नहीं हो पाया। अब प्राथमिकता के आधार पर महाविद्यालय की कमी को दूर किया जाएगा। समारोह में महाविद्यालय के शिक्षाविद प्रो डॉ मुकुंद रविदास विनोद बिहारी महतो विश्व विद्यालय कोयलांचल धनबाद एवं प्राचार्य सुदामा तिवारी ने भी संबोधन किया। साथ हीं महाविद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर प्रोफेसर श्रीकांत प्रसाद, संजीव कुमार महाराज, महावीर यादव, कालीचरण महतो, रावण मांझी सहित सभी शिक्षा कर्मी कर्मचारी एवं सैकड़ों छात्र-छात्रा मौजूद थे।

### बोकारो : घर के लोगों को बनाया बंधक, पिस्तौल की नोक पर हुई लाखों की डकैती



**बोकारो।** बोकारो जिलान्तर्गत बालीडीह ओपी थाना अंतर्गत तुपकाडीह से सटे मानगो चौक स्थित शंकर महतो के घर में घुसकर अज्ञात सात डकैतों ने घर के आठ लोगों को बंधक बनाकर आठ लाख रुपये के जेवर और 75 हजार रुपये नकद के साथ-साथ सीसीटीवी का डीवीआर लूट लिया। घर के मालिक शंकर महतो ने बताया कि रात के साढे दस बजे अपने होटल प्रेम रेस्टोरेंट से घर आकर खाना खाने के बाद आराम कर रहे थे। इसी बीच 5 से 6 लोग जो अपने चेहरे पर गमछा बांधे हुए थे- उनके दोनों हाथ रस्सी से बांध दिए और मां पिताजी भाई-भतीजा आदि से मोबाईल फोन लेने के बाद अलमारी- ट्रंक आदि को तोड़कर तथा खोलकर बेशकीमती जेवरात और नगदी ले लिए। बताया जाता है कि डकैतों ने लगभग दो घंटे तक घर का चप्पा-चप्पा छानकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। एक डकैत ने खोरठा भाषा में बोला- काका हिलियों नाय नय तो गोली मायर देबो। सभी के हाथ में पिस्तौल और चाकू थे। उन्होंने बताया कि घर के आगे और पीछे चार सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। यह देख डकैत जाते समय कैमरा का डीवीआर भी उठाकर ले गए। सात डकैत घर के अंदर और कुछ बाहर मेनरोड में भी होंगे। सूचना मिलने के बाद बालीडीह और ओपी थाना पुलिस ने पहुंचकर पड़ताल शुरू कर दी है।

### जिनियस स्टडी पॉवईट संस्था में डिजिटल बोर्ड से छात्र-छात्राओं की होगी पढ़ाई



**बेरमो/फुसरो।** अब डिजिटल बोर्ड से जिनियस पॉवईट संस्था के छात्र-छात्राओं को शिक्षक शिक्षण कार्य कराएंगे। यहां मुख्य अतिथि सीसीएल ढोरी के सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, विशिष्ट अतिथि फुसरो नप के निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि उमेश रवि, बेरमो चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष सुशांत राईका, सहसचिव सूरज मितल, कॉमर्स के बेरमो अनुमंडल संयोजक मंजूर हुसैन उर्फ जीया, सदस्य विकास अग्रवाल आदि ने डिजिटल बोर्ड का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा आयशा सिंह ने की। अतिथियो ने कहा कि जनपद में शैक्षिक स्तर को और उठाने में सभी अपना योगदान दें। कहा कि सफलता का मूलमंत्र कठिन परिश्रम और अनुशासन है। साथ ही संस्था में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरित की गयी। मौके पर संस्था के संस्थापक अनूप कुमार चौहान, सह संस्थापक आरती दास, शिक्षक राजेश दुबे, आजाद कुमार, अंजली कुमारी, धर्मेंद्र कुमार, साहिल सहित छात्र राहुल कुमार, उमेश कुमार, शिवम कुमार, गुड्डू कुमार, श्याम कुमार, प्रदीप कुमार, प्रेम कुमार, रोहन कुमार, छात्रा नंदनी कुमारी, सृष्टि कुमारी, सोनाली कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

### बेरमो : पत्नी की हत्या कर पति हुआ फरार

**बेरमो/जरीडीह बाजार।** बेरमो कोयलांचल स्थित गांधीनगर थाना अंतर्गत जरीडीह बस्ती रविदास टोला में शुक्रवार की रात एक सनकी पति ने अपनी पत्नी की गला घोट कर निर्मम हत्या कर दिया। हत्या कर पति फरार हो गया है। फरार आरोपी को बोकारो जिला के नावाडीह थाना क्षेत्र के सुरही गांव से गिरफ्तार कर लिया। घटना की जानकारी उस वक्त मिली जब आरोपी युवक रोहित दास (38 वर्ष) की मां कौशल्या देवी सुबह उठी और बहू मोनिका कुमारी (20 वर्ष) को जगा हुआ नहीं पाया तो उसके कमरे में गई तो वह कंबल ओढ़ कर सोई हुई थी, जब जगाने पर वह नहीं जगी तो कंबल हटाया तो देखा कि वह मृत पड़ी हुई है और उसका बेटा रोहित वहां नहीं है। इसके बाद उन्होंने बगल में स्थित अन्य परिजनों को सूचना दिया जिसके बाद घटना की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी पिंटू महथा, एएसआई श्रीकांत दरवे, राजेश छतरी सहित सशस्त्र बल के जवान घटनास्थल पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू किया तो पाया कि शव के समीप एक कागज में लिखा नोट भी मिला है जिसकी जांच पड़ताल पुलिस कर रही है। आरोपी युवक रोहित दास की मां कौशल्या देवी ने बताया कि पुत्र रोहित की शादी 10 दिसंबर 24 को धनबाद जिला के टुंडी में रहने वाली मोनिका के साथ हुई थी। रोहित अपनी मर्जी से यह शादी किया था। कहा उसके तीन पुत्र हैं रोहित सबसे बड़ा है। दो बेटा बाहर रहकर रोजगार करता है दूसरा बेटा चंदन दास फिलहाल यहां पर है, जो अलग कमरे में सोया हुआ था। बताया की रात्रि में बहू के साथ ही हम खाना खाएं इसके बाद बहू अपने कमरे में सोने चली गई थी बेटा भी कमरे में ही था फिर क्या हुआ मुझे जानकारी नहीं है। बेटा घर से कब निकला यह भी मुझे पता नहीं।

### बेरमो : सरस्वती पूजा को लेकर फ्लैग मार्च

**बेरमो।** डुमरी अनुमंडल परिसर से सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस ने सरस्वती पूजा के पूर्व संध्या पर निकली फ्लैग मार्च। इस दौरान फ्लैग मार्च का नेतृत्व करते हुए डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि डुमरी में अब तक सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण माहौल में हुआ है और आगे भी शांतिपूर्ण माहौल में ही पूजा संपन्न होगी। इसको लेकर पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च निकाली गई ताकि लोगों को एक संदेश दिया जा सके कि लोग शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाए। वही किसी तरह की अफवाह या जानकारी मिलने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई है। फ्लैग मार्च में निमियाघाट और डुमरी पुलिस के जवान मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### श्रीबदरीनाथ के कपाट चार मई को खुलेंगे

**टिहरी।** उत्तराखंड के चार धामों में से एक श्रीबदरीनाथ धाम के कपाट इस वर्ष 4 मई को प्रातः 6 बजे खुलेंगे। रविवार को बसंत पंचमी के दिन राजमहल नरेन्द्र नगर राजदरबार में कपाट खुलने की तिथि टिहरी दरबार में पूजा अर्चना के बाद तिथि घोषित की गई। इस वर्ष श्रीबदरीधाम खुलने की प्रक्रिया के तहत तेलकलश गाडू घड़ा यात्रा 22 अप्रैल से शुरू होगी।

### गढ़चिरौली में पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष की हत्या

**मुंबई।** गढ़चिरौली जिले में स्थित कियार गांव के समीप जंगल में बीती रात नक्सलियों ने पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव मडावी (45) की हत्या कर दी और शव के पास पर्चा छोड़ कर फरार हो गए। शव के पास छोड़े पर्चे में दावा किया गया है कि मृतक पुलिस का खबरी था।

### इजराइल ने नये सैन्य प्रमुख को किया नियुक्त


**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने संयुक्त रूप से इयाल जमीर को नया सैन्य प्रमुख नियुक्त करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, यह फैसला पिछले हफ्ते हरजी हलेवी के इस्तीफे के बाद लिया गया है।

# अमेरिका के टैरिफ पर घमासान

## ट्रंप के फैसले को डब्लूटीओ में चीन देगा चुनौती, कनाडा व मेक्सिको ने भी खोला मोर्चा

**एजेंसी**

- अमेरिका में मैक्सिको और कनाडा से आने वाले सामानों पर 25 फीसदी और चीन से इंपोर्ट पर 10 % लगेगा टैरिफ
- 155 अरब डॉलर के अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगायेगा कनाडा : ट्रूडो



**बीजिंग।** राष्ट्रपति बनने के बाद से ही डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगाने का एलान कर दिया है। अमेरिका में मैक्सिको और कनाडा से आने वाले सामानों पर 25 फीसदी और चीन से इंपोर्ट पर 10 फीसदी का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप ने इस फैसले पर एग्जीक्यूटिव ऑर्डर भी साइन कर दिया है। ट्रंप के इस फैसले पर तीनों देशों ने नाराजगी जाहिर की है। चीन ने अमेरिका के इस फैसले का जवाब देने का फैसला कर लिया है।

इस फैसले के खिलाफ चीन, वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (डब्लूटीओ) में मुकदमा दायर करेगा।चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह सब अमेरिका की समस्या है, हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है। चीन के बयानों से इतना साफ है कि जल्द ही वह भी अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क लगाने का ऐलान कर सकता है। चीन ने कहा है कि अमेरिका की एकतरफा टैरिफ बढ़ोतरी विश्व व्यापार संगठन के नियमों का गंभीर उल्लंघन है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह कदम घरेलू स्तर पर अमेरिका की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता है और इससे किसी भी पक्ष को लाभ नहीं होगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका ने फेंटेनाइल मुद्दे के बहाने चीनी आयात पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया है। चीन इस कदम की कड़ी निंदा और विरोध करता है और अपने वैध अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक जवाबी कदम उठाएगा।

कनाडा ने भी अमेरिका के टैरिफ के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने का फैसला कर लिया है। ट्रंप के फैसले से कनाडा के कार्यवाहक प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने नाराजगी जाहिर की है। जस्टिन ट्रूडो ने कहा है कि हम ये नहीं चाहते थे लेकिन उनका देश अमेरिकी टैरिफ का सामना करने के लिए तैयार है। जस्टिन ट्रूडो ने एलान किया है कि उनका देश 155 अरब डॉलर के अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ट्रूडो ने कहा कि यह टैरिफ कुछ साल पहले हुए मुक्त व्यापार समझौते का उल्लंघन हैं। इसके अमेरिकी लोगों पर गंभीर परिणाम होंगे। वही, मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम पार्डो ने कहा कि मेक्सिको , अमेरिका से टकराव नहीं चाहता है। हम पड़ोसी देशों के बीच सहयोग से शुरूआत करते हैं। मेक्सिको चाहता है कि फेंटेनाइल ड्रग अमेरिका तो क्या किसी देश में न पहुंचे। मेक्सिको के राष्ट्रपति ने कहा कि टैरिफ लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। ट्रंप ने मेक्सिको पर आरोप लगाया है कि अवैध आव्रजन के खिलाफ मेक्सिको ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। वहीं, अमेरिका में फेंटेलाइनल नामक ड्रग्स के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रसायनों की तस्करी को रोकने में भी मेक्सिको सरकार असमर्थ रही है। मेक्सिको ने ट्रंप के इस आरोपों को खारिज कर दिया है।

## बलूचिस्तान में 23 आतंकी ढेर और 18 जवान मरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में स्वतंत्र राष्ट्र की मांग कर रहे बलूच विद्रोहियों के साथ मुठभेड़ में 18 सैनिक मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान में बलूचों के खिलाफ अभियान चला रही है, उसी दौरान कलात जिले के मानगोचेर में हुई इस मुठभेड़ में 23 विद्रोही भी मारे गए। यह मुठभेड़ शुक्रवार-शनिवार की रात में हुई है। पाकिस्तानी सेना की टुकड़ी मानगोचेर में बलूचों द्वारा अपनी मांगों को लेकर रोके गए रास्ते को खुलवाने के लिए गई थी। उसी दौरान सेना द्वारा बल प्रयोग से हालात बिगड़ गए और दोनों पक्षों में गोलीबारी शुरू हो गई। सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बड़ी संख्या में हथियारबंद लोगों की मौजूदगी को देखते हुए मौके पर सेना और अन्य एजेंसियों की अतिरिक्त टुकड़ियां भेजी गईं। उनकी संयुक्त कार्रवाई से हालात पर काबू पा लिया गया है और मार्ग पर आवागमन शुरू हो गया है।

## फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह की आने वाली फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। मेरे हसबैंड की बीवी के ट्रेलर में लव ट्रायंगल नहीं बल्कि सर्कल देखने को मिला है।

## शीला दीक्षित पर भ्रष्टाचार के आरोप साबित नहीं कर पाए केजरीवाल : प्रियंका गांधी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को कहा कि शीला दीक्षित जी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए कार्यों से दिल्ली की जनता वाकिफ है। उन्होंने दिल्ली में कई बड़े-बड़े काम किए थे। उनकी विकास पर नजर रहती थी, वह दिन रात काम करती थीं। इसके बाद अरविंद केजरीवाल आए और शीला दीक्षित पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, जो दस साल में साबित नहीं हो पाए। प्रियंका ने केंद्र सरकार को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि दिल्ली देश का केंद्र है। देशभर से लोग दिल्ली आते हैं लेकिन राजनीति के कारण दिल्ली में काम रुक गए हैं। नरेन्द्र मोदी अपने भाषण में हमेशा दूसरों की आलोचना करते हैं। वे कहते हैं कि जवाहर लाल नेहरू जी के कारण देश खाई में जा रहा है। दूसरी तरफ केजरीवाल कहते हैं कि हम नरेन्द्र मोदी की वजह से काम नहीं कर पा रहे हैं। इनके जैसे कायर नेता कभी नहीं देखे, जो किसी चीज की जिम्मेदारी लेना नहीं जानते। प्रियंका गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी शीशमहल की बात करते हैं, केजरीवाल मोदी के राजमहल की बात करते हैं जबकि जनता के मुद्दे महंगाई और बेरोजगारी हैं लेकिन आज बजट में इनपर कोई बात नहीं हुई। जनता की समस्याओं के बारे में कोई चर्चा नहीं कर रहा।

# बिखर रहे हैं झाड़ू के तिनके : मोदी

**एजेंसी**

**दिल्ली से आप-दा जाने वाली है और गरीब एवं मध्यम वर्ग को खुशहाल बनाने वाली भाजपा सरकार आयेगी : प्रधानमंत्री**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि दिल्ली में बदलाव का बसंत आ गया है और झाड़ू के तिनके बिखरने लगे हैं। इससे साफ हो गया है कि दिल्ली से आप-दा जाने वाली है और गरीब एवं मध्यम वर्ग के जीवन को खुशहाल बनाने वाली भाजपा की सरकार आने वाली है।

मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए दक्षिणी दिल्ली के आर के पुरम में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद, पांच फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है। इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। इस बार पूरी दिल्ली कह रही है, अबकी बार भाजपा सरकार। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली की आप-दा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी, दिल्लीवासियों की सेवा का मौका जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को समाप्त करने के लिए खप जाऊंगा। गरीब हो या मध्यम वर्ग... हर परिवार का जीवन खुशहाल हो, ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी।उन्होंने कहा कि हमें ऐसी डबल इंजन सरकार बनानी है जो लड़ाई-झगड़े की बजाय, दिल्ली के लोगों की सेवा करे।जो बहाने बनाने की बजाय, दिल्ली को बनाने-सजाने में ऊर्जा लगाए।ह्व उन्होंने कहा कि आपने आने वाले पांच साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है, अब गलती से भी यहां आप-दा सरकार नहीं आनी चाहिए, जो दिल्ली के पांच और साल बर्बाद कर दे।

मोदी ने कहा कि आपदा के नेता पार्टी छोड़ रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि लोग आपदा पार्टी से नफरत करते हैं। आपदा इतनी हैरान है कि वे झूठी घोषणाओं का सहारा ले रहे हैं। दिल्ली के सामने आपदा का पर्दाफाश हो गया है।

